हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11




खेल

**लाड्‌र्स में जेम्स एंडरसन के टेस्ट संन्यास के लिए यह सही समय है : रॉब की**


Page 10




देश

**सीमा हैदर पर नया ऑडियो, जिसने मचा दी खलबली, पाकिस्तानी भाभी ने दी सफाई**


शुक्ल पक्ष मघा संवत 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 16 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 155 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 73, 250 | ₹87,600 |



## आज का इतिहास

- 1910 : भारत और इंग्लैंड, दोनों के लिए खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर इफ्तिकार अली खान पटौदी का जन्म।
- 2012 : भारत के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

## न्यूज बाइट्स

### पेपर लीक मामला पहुंचा हाई कोर्ट, सीबीआई जांच की मांग

**पटना (नि. सं.)।** एमबीबीएस में दाखिले के लिए हुई नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक का मामला पटना हाई कोर्ट पहुंच गया है। हाई कोर्ट में अर्जी दायर कर पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने और परीक्षा को रद्द कर नये सिरे से परीक्षा कराने की लगाई गई हैं। अर्जी में कहा गया है कि मुठ्ठी भर लोगों के कारण देश के लाखों छात्रों का भविष्य अधर में हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खेलने का अधिकार किसी को नहीं है। सालों के मेहनत पर पानी फेरने वालों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अर्जी में अनुरोध किया गया है कि प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए।

### स्किल ओलंपियाड बिहार के 39 युवा हो रहे शामिल

**पटना (नि. सं.)।** राष्ट्रीय स्तर पर मंगलवार से शुरू इंडिया स्किल्स 2023-24 स्किल ओलंपियाड में बिहार के 39 युवा भाग ले रहे हैं। बिहार कौशल विकास मिशन के तहत ये प्रतिभागी 19 मई तक देश के 4 जगहों पर आयोजित इंडिया स्किल्स 2023-24 ओलंपियाड में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली (28 युवा), गांधीनगर (गुजरात), बैंगलुरु और मणिपाल (मैंगलोर) में हो रहा है। वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता द्विवार्षिक होती है। इसमें 86 सदस्य देश शामिल होते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया स्किल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी वैश्विक आयोजन के तहत फ्रांस के लियोन में होने वाले वर्ल्ड स्किल्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### झारखंड के पते पर निबंधित संस्थाओं की मान्यता रद्द होगी

**पटना (नि. सं.)।** राज्य में एनजीओ या सामाजिक संस्थानों के क्रिया-कलापों जांच शुरू हो गई है। इसमें झारखंड के पते पर निबंधित और राज्य की निष्क्रिय संस्थाओं के निबंधन रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। वर्तमान में उत्पाद मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग के तहत निबंधित एनजीओ या संस्थाओं की संख्या करीब 55 हजार है। इसमें बड़ी संख्या में संस्थाएं निष्क्रिय हैं या नियमानुकूल नहीं हैं। ऐसी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। अब तक ऐसी 44 संस्थाओं का निबंधन रद्द किया जा चुका है। इसमें 35 झारखंड के पते पर निबंधित थी। इसमें क्रियाशील या निष्क्रिय दोनों संस्थाएं हैं। ऐसी संस्थाओं की खासतौर से पहचान कर उनका निबंधन रद्द किया जा रहा है। लोरिटो एजुकेशन सोसाइटी, रामकृष्ण विवेकानंद सोसाइटी, दी यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी, दी झरिया गुजराती एजुकेशन सोसाइटी, रांची चैरिटेबल सोसाइटी, द छोटानागपुर उरांव-मुंडा शिक्षा सभा, द छोटानागपुर डॉयोसिअन चर्च सोसाइटी आदि का निबंधन रद्द किया गया है।

शिवहर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी जनसभा में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा

# अगले पांच साल में लोगों के घरों का बिजली बिल हो जाएगा शून्य : जेपी नड्डा

**निज संवाददाता** | शिवहर/मोतिहारी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष की सभी पार्टियां राष्ट्र व राम विरोधी हैं। इन्होंने राम को काल्पनिक बताया, सनातन के विरोध में नारे लगाए। इसे डेंगू, मलेरिया व एचआइवी तक कहा। नड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान श्रीराम की सम्मानित तरीके से प्राण प्रतिष्ठा कराई। जेएनयू में राष्ट्रविरोधी नारे लगाने वाले लोग भी यही हैं। यह राष्ट्र व राम विरोधियों को जवाब देने वाला चुनाव है। नड्डा बुधवार को शिवहर लोकसभा क्षेत्र में चिरैया प्रखंड अंतर्गत सिरौना हाईस्कूल में जदयू प्रत्याशी लवली आनंद के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी आजकल संविधान लेकर घूम रहे हैं। ये गुमराह कर रहे हैं कि संविधान बदलकर आरक्षण को समाप्त किया जाएगा, लेकिन पीएम मोदी का स्टैंड साफ है कि आरक्षण में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में हर तरफ घोटाला था। पाताल से अंतरिक्ष तक घोटालेबाज थे। ऐसी कोई जगह नहीं, जहां कांग्रेस ने घोटाले नहीं किए। इस छवि को पीएम ने बदलकर देश को मजबूती दी है। यही कारण है कि कभी देश पर शासन करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना। तीसरी बार पीएम के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश उभरकर सामने आएगा।

आज भारत बुलेटप्रूफ जैकेट दुनिया को दे रहा। लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। उन्होंने खाद्यान्न योजना, किसान सम्मान निधि से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में घरों में पाइपलाइन से गैस आपूर्ति होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से लोगों के घरों की बिजली का बिल शून्य हो जाएगा। अब 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के सभी लोगों को आयुष्मान योजना से कवर किया जाएगा।

राजद को रिश्वतखोरी, जंगलराज व दलदल बताते हुए कहा कि यह वही राजद है, जिसने 2003 में तेल पिलावन, लाठी मजावन रैली निकाली थी। नौकरी के बदले जमीन हड़पी। आज फिर लोगों को गुमराह कर रहे हैं कि नौकरी देंगे।



### कभी पिछलग्गू देश था भारत

उन्होंने कहा कि कभी भारत दुनिया के देशों का पिछलग्गू माना जाता था। अब आत्मनिर्भर हुआ है। देश देने वाला बनकर सामने आया है। सेना में बुलेटप्रूफ जैकेट का अभाव था। लड़ाकू विमान भी नहीं थे।

### नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदल रहा देश

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। 10 साल पहले देश का हर आम आदमी सत्ता व राजनीति पर अविश्वास करता था। नेताओं की बेईमानी जगजाहिर थी। इस बिगड़ी छवि को प्रधानमंत्री ने बदला है। सत्ता व राजनीति में विश्वास ही नहीं बढ़ाया, बल्कि आम लोगों की आकांक्षाओं पर खरे भी उतरे हैं।

### वैक्सीन के नाम पर गुमराह किया : जेपी नड्डा

वहीं, उदयनिधि और ए राजा के बयान का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि उनके बयान पर राहुल, सोनिया और प्रियंका गांधी आंखें बंद कर लेते हैं। नड्डा ने कहा कि ये लोग राष्ट्र विरोधी भी हैं। कांग्रेस के बराबर धोखेबाज और गुमराह करने वाला कोई नहीं।

# सीएए के तहत केंद्र सरकार ने 14 लोगों को दी भारत की नागरिकता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकार ने धार्मिक उत्पीड़न के कारण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से आकर यहां बसने वाले छह समुदायों के व्यक्तियों को नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र बांटने का काम शुरू कर दिया है और केन्द्रीय गृह सचिव ने 14 लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र देकर बुधवार को इसकी शुरूआत की।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गत मार्च में सीएए से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के बाद योग्य लोगों को नियमों के अनुसार नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यहां कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डाक विभाग के सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक और भारत के महापंजीयक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

सरकार ने गत 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन के तरीके, जिलास्तरीय समिति द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसम्बर 2014 तक भारत आ गए थे।

अधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों, डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की जांच के बाद, समिति ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति को भेज दिया है। आवेदनों की जांच पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।



### आवेदन की योग्यता अवधि को 11 से कम कर पांच साल कर दिया गया

सरकार ने बताया था कि नागरिकता अधिनियम की धारा 6, जो प्राकृतिक आधार पर नागरिकता से संबंधित है, के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों के लिए भारतीय नागरिकता प्राप्त करने पर कोई रोक नहीं है। सीएए ने 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले लोगों के उत्पीड़न की पीड़ा को कम करने तथा उनके प्रति उदार व्यवहार दिखाने के उद्देश्य से नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधि को 11 से कम कर पांच साल कर दिया है।

# मनीष सिसोदिया की कस्टडी 15 दिन और बढ़ी, अगली सुनवाई 30 मई को

**एजेंसी** | नई दिल्ली

शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की ज्यूडिशियल कस्टडी 30 मई तक बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार (15 मई) की सुनवाई के दौरान स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने कहा कि मनीष के खिलाफ सीबीआई केस में 30 मई को आरोप तय किए जाएंगे। सिसोदिया ने आरोपों पर बहस रोकने के लिए एक याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में भी दायर की है। इस पर 24 मई को सुनवाई होनी है। 7 मई की सुनवाई में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ाई थी। जबकि ईडी की तरफ से दाखिल किए गए केस में उनकी हिरासत 21 मई तक है। 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में भी सिसोदिया की तरफ से दाखिल जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस मामले में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। सिसोदिया तरफ से सीनियर एडवोकेट दयन कृष्णन और मोहित माथुर ने दलीलें दीं, जबकि ईडी की तरफ से जोहेब हुसैन और सीबीआई की तरफ से एसपीपी रिपुदमन भारद्वाज कृष्णन ने पक्ष रखा। 8 मई को हाईकोर्ट ने ईडी और सीबीआई दोनों को सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया था। सुनवाई में ईडी ने सिसोदिया की जमानत का विरोध किया था और कहा था कि पूरी आम आदमी पार्टी को इस मामले में आरोपी बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने कहा कि ऐसा वे अगली चार्जशीट में करेंगे। मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने करीब 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।



# जमीन विवाद : डीसीएलआर हर हाल में 90 दिनों के अंदर करेंगे भूमि विवाद का निपटारा

**निज संवाददाता** | पटना

भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) जमीन से जुड़े विवाद का निपटारा हर हाल में निर्धारित समय सीमा 90 दिन के अंदर करेंगे। साथ ही, डीसीएलआर को यह ध्यान रखना होगा कि वे बिना दोनों पक्षों की सुनवाई किए किसी मामले को खारिज नहीं करेंगे। गौरतलब है कि राज्य में जमीन विवाद से जुड़े मामलों का निपटारा प्रारंभिक स्तर पर करने के लिए सभी डीसीएलआर को अधिकार दिया गया है। इन्हें बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम, 2009 के तहत यह अधिकार मिला है। जमीन विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए डीसीएलआर को सप्ताह में चार दिन अपना कोर्ट लगाना होगा। इससे संबंधित आदेश राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और सभी जिलों के डीएम को जारी किया है। इन्हें जिलास्तर पर ऐसे मामलों की लगातार समीक्षा करते रहने के लिए कहा गया है। ताकि डीसीएलआर के स्तर पर 90 दिन से अधिक समय तक कोई भी मामला लंबित नहीं रहे। सभी डीएम क्षेत्र भ्रमण के दौरान डीसीएलआर के स्तर से निपटाए और लंबित मामलों की समीक्षा करेंगे। साथ ही इस व्यवस्था को सुचारू ढंग से जारी रखने के लिए उचित दिशा-निर्देश भी देंगे। मामलों की नियमित समीक्षा भी करते रहे, ताकि निष्पादन त्वरित गति से हो सके।डीसीएलआर के पास जमीन विवाद से जुड़े मामलों का आवेदन करने पर इन्हें तुरंत पोर्टल पर अपलोड करना होगा। साथ ही कॉज लिस्ट में भी इसका उल्लेख करेंगे, जिसकी मदद से अंतिम समय तक इसकी मॉनीटरिंग की जा सकेगी और आदेश पारित होने तक इसकी पूरी ऑनलाइन ट्रैकिंग होगी। आवेदन की पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी।

### 55 फीसदी मामलों का ही हुआ निपटारा

हाल में राजस्व विभाग के स्तर पर समीक्षा में पाया गया कि बिहार भूमि विवाद निराकरण अधिनियम, 2009 के तहत पूरे बिहार में 11 हजार 628 मामले दायर किए गए। इनमें 6 हजार 355 का निष्पादन हुआ तथा 5 हजार 273 वाद लंबित हैं। इनमें 90 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या 3 हजार 373 है। इस तरह निष्पादित वादों की संख्या महज 54.65 प्रतिशत है। इससे यह स्पष्ट है कि भूमि सुधार उपसमाहर्ता के स्तर से भूमि विवादों का निष्पादन नहीं हो रहा है।



# नियोजित शिक्षक : बेहतर अंक लाने वाले शहरी स्कूलों में होंगे तैनात

**निज संवाददाता** | पटना

सक्षमता परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले शिक्षकों को शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थापित किया जाएगा। इसी आधार पर नियोजित शिक्षकों के स्कूल आवंटन की तैयारी में शिक्षा विभाग जुटा है। लोकसभा चुनाव बाद इन शिक्षकों के पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसको लेकर विभाग शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के रिक्त पदों की अलग-अलग गणना करा रहा है। इस संबंध में जिलों को पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। स्कूल आवंटन सॉफ्यवेयर के माध्यम से होगा। इसके पहले रिक्त पदों और शिक्षकों की सूची को क्रमवार सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। मालूम हो कि सक्षमता परीक्षा पास करने वाले नियोजित शिक्षकों को इनके आवंटित जिले के स्कूलों में नये सिरे से पदस्थापित करना है। नये स्कूल में योगदान करने के बाद ही इन्हें सरकारी शिक्षक माना जाएगा। तब, इन्हें विशिष्ट शिक्षक के नाम से जाना जाएगा। इसको लेकर ही सक्षमता परीक्षा आयोजित की जा रही है। शिक्षकों के पदस्थापन के पहले उनकी काउंसिलिंग की जाएगी। पहली सक्षमता परीक्षा में एक लाख 87 हजार शिक्षक उत्तीर्ण हुए हैं। दूसरी सक्षमता परीक्षा के लिए करीब 85 हजार नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया है। इनकी परीक्षा अभी नहीं हुई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति इनकी परीक्षा आयोजित करेगा। एक शिक्षक को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण होने के लिए पांच मौके मिलेंगे। तीन परीक्षाएं ऑनलाइन तथा दो लिखित होनी है। राज्य में नियोजित शिक्षकों की संख्या तीन लाख है।

आपको बता दें कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए आयोजित होने वाली द्वितीय चरण की सक्षमता परीक्षा 2024 के लिए करीब 85 हजार आवेदन आए हैं। परीक्षा 12 , 14 और 15 मई को होनी थी। बिहार बोर्ड ने कहा है कि जिन शिक्षक अभ्यर्थियों का सक्षमता परीक्षा (प्रथम) में सफल होने के बाद प्रथम विकल्प का जिला आवंटन हुआ है, वैसे शिक्षक अभ्यर्थी भी बेहतर प्राप्तांक के लिए परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

# सभी सिविल सर्जन को मिले निर्देश, बिहार में जून से लगेगी निमोनिया की नई वैक्सीन

- पहली व दूसरी-तीसरी खुराक में वैक्सीन बदलने से बच्चों को नहीं होगा कोई नुकसान

**निज संवाददाता** | पटना

बच्चों की मौत के सबसे बड़े कारण निमोनिया से बचाव के लिए अब देश में ज्यादा प्रभावी नई निमोनिया कांज्युकेटेड वैक्सीन (पीसीवी)-14 लगाई जाएगी। पटना में जून माह से नई वैक्सीन मिलने लगेगी। अब तक अस्पतालों में पीसीवी-10 वैक्सीन दी जा रही है। बता दें कि पीसीवी-10 वैक्सीन 10 तरह के निमोनिया सीरोटाइप पर प्रभावी है जबकि नई वैक्सीन 14 सीरोटाइप के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करेगी। इस वैक्सीन को हैदराबाद स्थित वैक्सीन निर्माता कंपनी बायोलॉजिकल ई लिमिटेड कंपनी ने बनाया है। इसकी गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। यह वैक्सीन भी पूर्व की भांति 6 व 14 सप्ताह में दी जाएगी और तीसरी बूस्टर डोज नौ माह पर दी जाएगी। टीकाकरण के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी रामरतन ने इस बाबत सभी सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. एसपी विनायक ने बताया कि पूर्व से जो वैक्सीन दी जा रही है, वह माह के अंत तक खत्म हो जाएगी। इसके बाद नई वैक्सीन पीसीवी-14 सभी अस्पतालों को मुहैया करा दी जाएगी। पीसीवी-10 न्यूमोकोकल वैक्सीन 1, 5, 6ए, 6बी, 7 एफ, 9 वी, 14, 19ए, 19एफ व 23एफ सीरोटाइप पर ही प्रभावी है। इसके विपरीत पीसीवी-14 वैक्सीन 1, 3, 4, 5, 6बी, 7एफ, 9 वी, 14, 18सी, 19ए, 19एफ, 22 एफ, 23 एफ एंड 33 एफ सीरोटाइप से सुरक्षा प्रदान करती है। यदि किसी बच्चे को पहली डोज पीसीवी-10 की दी गई है तो उसे शेष दो डोज पीसीवी-14 की दी जा सकती हैं।

हालांकि, विभाग ने पहले पीसीवी-10 को खत्म करने व एक टीकाकरण केंद्र पर एक ही तरह की वैक्सीन उपलब्ध कराने को कहा है। इस वैक्सीन को भी 2 से 8 डिग्री सेल्सियस पर ही संग्रहित किया जाना है।

### निमोनिया का खतरा

» 35 लाख से अधिक बच्चों का जन्म होता है हर वर्ष प्रदेश में

» 1 लाख 15 हजार बच्चों की मौत हो जाती है अलग-अलग रोगों के कारण

» 20 प्रतिशत से अधिक बच्चों की मौत होती है हर वर्ष सिर्फ निमोनिया से

## पैक्सों का एसएफसी पर 777 करोड़ रुपये बकाया

**पटना(नि.सं.)।** पैक्सों को चावल आपूर्ति का भुगतान पिछले तीन माह से बाधित है। इससे राज्य खाद्य निगम (एसएफसी) पर पैक्सों का 777 करोड़ रुपये बकाया हो गया है। गेहूं खरीद में सहकारी समितियों के कम रुचि का एक कारण इसे भी माना जा रहा है। दरअसल, धान खरीद के लिए पैक्सों को ऋण के रूप में सहकारी बैंकों से कैश क्रेडिट दिया जाता है। दो माह बाद इस पर ब्याज लगना शुरू हो जाता है। धान का चावल एसएफसी को देने पर जो भुगतान मिलता है, पैक्स उसी राशि से ऋण चुकाते हैं। यही राशि मिलने में देर हो रही है। इससे पैक्सों पर ब्याज का बोझ बढ़ने लगा है। मंगलवार तक एसएफसी को भेजे गए चावल का सिर्फ 85 फीसदी ही भुगतान हो पाया है। एसएफसी ने अब तक आपूर्ति किए गए चावल के बदले 4510 करोड़ का भुगतान कर दिया है। 777 करोड़ रुपये पैक्सों को देना शेष रह गया है। इस बार 7152 सहकारी समितियों ने किसानों से धान खरीद की है।


BAYC Institute

स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com


बिहार में उमस भरी गर्मी से राहत नहीं, एडवाइजरी जारी

# बिहार में भीषण गर्मी और लू को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार के 18 जिलों में अधिकतम तापमान 40 के पार चला गया है, जिससे गर्मी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले दो तीन दिनों तक गर्मी में काफी बढ़ोतरी का पूर्वानुमान किया है। मौसमविदों के मुताबिक गुरुवार को राज्य के 12 जिलों में गर्म दिवस का येलो अलर्ट है। वहीं शुक्रवार को पटना सहित 19 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मौसम विभाग ने आम लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसमविदों का कहना है कि पिछले हफ्ते से प्रभावी पुरवा की चाल अब मंद पड़ने लगी है। पछुआ फिर से पांव पसार रही है। इसका असर पटना सहित राज्य के अधिकतर शहरों के अधिकतम तापमान पर पड़ा है। पटना का अधिकतम तापमान एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। बुधवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 44.4 डिग्री सेल्सियस के साथ वैशाली प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना सहित सभी जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पछुआ हवा का प्रवाह अगले चार दिनों तक जारी रहेगा। गुरुवार को प्रदेश के 12 शहरों के पूर्वी व पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में गर्म दिन रहने की संभावना है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 19 मई को बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र बनने के साथ इसका प्रभाव प्रदेश के उत्तरी भागों में पड़ेगा।



# गया में पुलिस और अपराधी के बीच गोलीबारी, नाबालिग को लगी गोली



निज संवाददाता। गया



गया के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नादरागंज मोहल्ले में विष्णुपद पुलिस और 2 अपराधी के बीच हुई गोलीबारी में एक नाबालिग घायल हो गया। वह किसकी गोली से घायल हुआ, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। घायल युवक को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके पैर से गोली निकल गई है। वह खतरे से बाहर है। सिविल लाइन थाने की पुलिस ने घटनास्थल से 4 खोखा बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिटी DSP पीएन साहू ने बताया कि विष्णुपद थाने की पुलिस 2 अपराधियों को ट्रेस कर रही थी। अपराधी नादरा गंज मोहल्ले में घुस गए और खुद पर हमला के शोर मचाते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस बीच नमाज पढ़ कर आ रहे लोग मामले को समझे बिना ही पथराव शुरू कर दिया। अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक स्थानीय नाबालिग रेहान जख्मी हो गया। इस बीच अपराधी मौके का फायदा उठा कर भाग गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की ओर से कोई फायरिंग नहीं की गई है। विष्णुपद थाने की पुलिस सादी वर्दी में अपराधी का पीछा कर रही थी। इधर, मगध मेडिकल अस्पताल में घायल को लेकर पहुंचे युवक ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि शाही मस्जिद की ओर से कुछ लड़के आए और जबरन रेहान को लेकर जाने लगे। इस पर रोड़ेबाजी हुई। दूसरी तरफ से गोलीबारी हुई, जिसमें रेहान को गोली लग गई। फिलहाल रेहान पूरी तरह से ठीक है।

# नालंदा में चाकू बाजी में पिता-पुत्र और बेटी जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार को बदमाशों ने घर में घुसकर चाकू बाजी कर तीन लोगों को जख्मी कर दिया। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर मोहल्ले का है। चाकू बाजी की घटना में पिता,पुत्र एवं पुत्री जख्मी हो गई है। जिसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से गंभीर हालत में युवक को पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जख्मी अशोक रविदास, एवं उसका पप्पू कुमार एवं पुत्री रूपा कुमारी है। घटना के संबंध में जख्मी के परिजन ने बताया कि शराब छुपाने से मना करने पर पड़ोसी ने सोमवार की रात मारपीट की, जब वे लोग शिकायत करने थाना पहुंची तो पुलिस उनलोगों को घर भेज दी और बोली की पुलिस पहुँच रही है। मंगलवार को पड़ोसी के द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया और तीन लोगों को चाकू मार जख्मी कर दिया गया। घायलों का जारी है इलाज जख्मी के परिजन ने बताया कि पड़ोसी शराब कारोबार करता है और शराब को उसके घर के समीप खाना बनाने की जगह पर छुपाता है। जिसका विरोध करने पर उन लोगों के द्वारा मारपीट और चाकूबाजी की गई है। वहीं इस मामले में सोहसराय थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया की जख्मी के फर्द के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जख्मी को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हंसराज स्कूल के गौरव को 10वीं में मिले 95% मार्क्स

**गया।** सीबीएसई दसवीं व बारहवीं के रिजल्ट में हंसराज पब्लिक स्कूल के बच्चों का इस साल भी बेहतरीन प्रदर्शन रहा। दसवीं में विद्यालय के गौरव कुमार ने 95% अंक प्राप्त हुए हैं। इसे साइंस में 100% अंक मिले हैं। आयुष कुमार सिंह को 91%, सौरव कुमार, स्वाति कुमारी, वरुण कुमार ने भी 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। बारहवीं में आयुष कुमार राज ने स्कूल में सर्वाधिक 94% अंक प्राप्त किए हैं। निदेशक मनीष रुखैयार ने सफल सभी छात्र-छात्राओं का अभिवादन करते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार व बच्चों के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है।

### रामजानकी मंदिर भेलवा में हुआ सत्संग का आयोजन

**गम्हरिया।** भेलवा पंचायत स्थित रामजानकी मंदिर के प्रांगण में मधेपुरा जिला राष्ट्रीय संतमत सत्संग का दो दिवसीय विशेषाधिवेशन का आयोजन किया गया। संतमत सत्संग के दूसरे दिन स्वामी महर्षि योगानंद परमहंस जी महाराज ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए मनुष्य शरीर साधन है। मानव जाति को सत्संग करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्यों में लीन रहते हुए समय निकालकर भगवत भजन में शामिल होना चाहिए ताकि मन को शांति व आत्मीय सुख प्राप्त हो सके। सत्संग से इहलोक और परलोक दोनों को संवारा जा सकता है। पंच पापों से अपने जीवन को बचाना होगा। सत्संग व ध्यान यानी गुरु के प्रति समर्पण करना होगा। सत्संग की बड़ी महिमा है। सत्संग से सुख की वर्षा होती है। लोग सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए सत्संग में सीखते हैं। इसलिए सत्संग का आयोजन मानव समाज को मानवता का पाठ भी समय-समय पर पढ़ाता है।

### चोरी की बाइक खरीद व बिक्री करने वाला धराया

**गया।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने चोरी की बाइक खरीद-बिक्री करने वाला दुकानदार मो. आमीर को गिरफ्तार किया है। इसके तीन साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जनवरी माह में बिसार तालाब दक्षिणी रोड स्थित आमीर की बाइक दुकान पर चोरी की बाइक खरीद-बिक्री किये जाने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। उस समय जावेद अख्तर, मो. मेहराव व लालु यादव को पकड़कर जेल भेजा गया था। उस समय आमीर भागने में सफल हो गया था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 3 दिन से लापता छात्रा का मिला शव, कोसमा पहाड़ी में पानी से भरे गड्ढ़े में मिली लाश

**गया।** गया में पानी से भरे गड्ढ़े में एक छात्रा का शव बरामद किया गया। छात्रा तीन दिनों से घर से लापता थी। घटना डेल्हा थाना क्षेत्र की है।



मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी के रूप में की गई। वह डेल्हा में अपने चाचा के घर पर रहती थी और दसवीं क्लास की छात्रा थी। मंगलवार की सुबह छात्रा का बैग और चप्पल कोसमा पहाड़ी के पास फेंका हुआ मिला था। इसके बाद पुलिस जांच में जुट गई। एसडीआरएफ की टीम भी घंटों पहाड़ के गड्ढे में खोजबीन करती रही। बुधवार को लक्ष्मी का शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छात्रा ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या कर शव को पानी में फेंक दिया गया है। पुलिस सभी बिंदु पर मामले की जांच कर रही है।

### गया में ट्रेन से कटकर शख्स की मौत, रेलवे गुमटी पार करते वक्त हुआ हादसा

**गया।** गया के गुरारू में ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है।मृतक की पहचान कोंच प्रखण्ड के खैरा गांव के रहने वाले के रूप में हुई है।



कोंच प्रखंड के ग्राम पंचायत सिमरा अंतर्गत खैरा गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार (30) पिता सीताराम यादव अपनी बाइक से किसी काम को निपटने के बाद रात को गुरारू बाजार से घर को लौट रहा था। वीरेंद्र जब वापस घर को लौट रहा थे तो उस समय गुरारू रेलवे गुमटी का फाटक बंद था। बावजूद इसके वह रेलवे गुमटी के बगल के रास्ते से बाइक को लेकर क्रॉस कर रहे थे। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आ गया इससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घर में मचा कोहराम कमर से नीचे का बड़ा हिस्सा बुरी तरह चोटिल हो गया था। सिर में भी गहरी चोट थी। मृतक की बाइक भी ट्रेन के धक्के से दूर गिरी पड़ी मिली। वहीं डेड बॉडी दूसरे रेलवे ट्रैक पर मिली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय रेलवे पुलिस पहुंची है। वहीं, घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। गुरारू थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चौपाल लगाकर जिला स्वीप आइकॉन ने बताया मतदान का महत्व

**नालंदा।** ग्रामीणों को मतदान के लिए शपथ दिलाते स्वीप आईकॉन आगामी 1 जून को नालंदा में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में आम जन के बीच अभियान चलाया जा रहा है। उन्हें अपने परिजनों, पड़ोसियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित करने का कार्य स्वीप आइकॉन डॉ.आशुतोष कुमार मानव कर रहे हैं।



उन्होंने बुधवार को नालंदा के एकंगरसराय प्रखण्ड के केशोपुर तेल्हाड़ा में कार्यक्रम चलाया। भावी मतदाताओं, महिला पुरुष वोटरों को लोकतांत्रिक प्रणाली और नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया। इस मौके पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.मानव और चर्चित खिलाड़ी कुणाल बनर्जी ने कहा कि एक एक वोट की कीमत होती है। इसलिए किसी का वोट बेकार न जाने पाए। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने-अपने मोहल्ले में पड़ोसियों को भी मतदान के प्रति जागरूक कीजिए, ताकि वोटिंग का प्रतिशत बढ़े। पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए सभी छात्र युवाओं को संकल्प भी दिलाया गया। नेशनल महिला फुटबॉल खिलाड़ी वैशाली गोयल ने भी मतदाताओं को जागरूक करते हुए अपना-अपना वोट 1 जून को देने का अनुरोध किया।

### बाइक सवार युवक से लूटपाट मामले में सामान बरामद

**नालंदा।** नालंदा में सोमवार की देर शाम बदमाशों ने सिम बेचने वाले युवक के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। घटना रहुई थाना क्षेत्र के सोहसराय हाल्ट के समीप हुई थी।






पीड़ित नालंदा थाना के बड़गांव निवासी योगेंद्र सिंह का पुत्र गोलू कुमार है। युवक ने अपने फर्द बयान में पुलिस को बताया है कि वह गांव गांव घूमकर सिम बेचने का काम करता है। सोमवार को उसे घर लौटने में देर हो गई। वह रहुई बाजार से वापस अपने घर बाइक से लौट रहा था। इसी बीच पल्सर 220 पर सवार होकर 4 लोगों ने उसका रास्ता रेलवे फाटक के समीप रोक लिया और लोहे के पंजे से मारकर जख्मी कर दिया। बदमाशों ने 300 रुपये, सिम भरा बैग,मोबाइल और गाड़ी लूट लिया और मौके से फरार हो गया। इसके उपरांत घटना की जानकारी वहाँ पास में खड़ी डायल 112 पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर आई। जल्द ही मामले का होगा खुलासा वहीं इस मामले में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि युवक के फर्द बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। कुल 4 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# बुद्ध जयंती समारोह, सज रहा महाबोधि मंदिर

निज संवाददाता। बोधगया

वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं की साक्षी रही है। भगवान बुद्ध ने इसी दिन जन्म लिया, ज्ञान प्राप्त किया और महापरिनिर्वाण हुआ था। इस साल 23 मई को भगवान बुद्ध के जन्म का 2648वां साल, ज्ञान प्राप्ति का 2613वां साल, महापरिनिर्वाण का 2568वां साल है।



इस मौके पर बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति 2568 बौद्ध भिक्षुओं के बीच चीवर का वितरण करेगा। बीटीएमसी के केयर टेकर भिक्षु दीनानंद ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा समारोह के लिए मंदिर को दुल्हन की तरह फूलों, रंगीन बल्बों और एलईडी से सजाया जा रहा है। इन लाइनों को थाईलैंड से मंगाया गया है। बुद्ध जयंती का आयोजन समारोहपूर्वक महाबोधि मंदिर परिसर में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर मौजूद रहेंगे। समारोह के मौके पर प्रातः 07:00 बजे 80 फीट बुद्ध मूर्ति से महाबोधि मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। राज्यपाल मंदिर पहुंचेंगे और कौंसुल जनरल थाईलैंड तात्या थाप के साथ उद्घाटन दीप प्रज्वलित करेंगे।

# चोरी करने घुसे बदमाशों ने की बुजुर्ग की हत्या, 3 लाख कैश और जेवरात ले भागे

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा में एक बुजुर्ग की हत्या का मामला बुधवार को सामने आया है। घटना हरनौत थाना क्षेत्र के रामसंग गांव में हुई है। मृतक की पहचान स्व.जानकी सिंह के (70) वर्षीय पुत्र मुंद्रिका सिंह के रूप में की गई हैं। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि मंगलवार की रात मुंद्रिका सिंह घर में नीचे अकेले ही सोए हुए थे तभी कुछ अपराधी छत पर से घर में घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर जेवरात और नगद रुपए की चोरी कर ली। खटपट की आवाज सुनकर बुजुर्ग जाग गए और उन्होंने बदमाशों को पहचान लिया। इसके कारण बदमाशों ने सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना का खुलासा उस वक्त हुआ जब बच्चे छत पर से सुबह नीचे उतरे तो पाया कि मुंद्रिका सिंह खून से लथपथ अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े हुए हैं। कमरे का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। इसके बाद घर के बड़े सदस्यों की जानकारी दी गई।

**पोती की शादी के लिए रखा था पैसा और जेवरातः** बदमाशों ने घर के अंदर कमरे का ताला तोड़ कर पेटी,बक्शे से करीब 3 लाख नगद और सोने-चांदी की जेवरात को चुरा लिए। कमरे के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। बताया जाता है कि बुजुर्ग ने अपनी पोती की शादी के लिए जेवरात और पैसे बचाकर रखे थे।

**घर में अकेले थे बुजुर्गः** बुजुर्ग घर में अकेले ही नीचे सो रहे थे घर के अन्य सदस्य गर्मी के कारण बगल वाले छत पर सोने चला गए थे। बड़ी बहू की मां का देहांत तीन दिन पहले ही हुआ है। वह अपने मायके गई हुई थी। घर मे 7-8 वर्ष की 2 बच्ची थी। जो बगल वाले छत पर सो रही थी।

**क्या बोली पुलिसः** हरनौत थानाध्यक्ष अबु तालिब अंसारी ने बताया कि संदिग्ध हालत में बुजुर्ग की मौत हुई है। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों का कहना है कि चोरी के नियत से घुसे बदमाशों ने हत्या की है। सिर के पास चोट के निशान है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामलें की जांच में जुट गई है।

# ससुर के श्राद्धकर्म में आए दामाद की मौत, साढ़ू के साथ शौच के लिए जा रहा था युवक

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा में मंगलवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार 2 युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार शरीफ राजगीर फोरलेन के टोल प्लाजा के समीप की है। मृतक की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत नजरपुर गांव निवासी जगदीश रविदास के (35) वर्षीय पुत्र संजीव रविदास जबकी, जख्मी युवक की पहचान पटना जिला के मोकामा गांव निवासी संजय कुमार के रूप में की गई है। दोनों रिश्ते में साढ़ू लगते थे। वे दोनों अपने ससुराल, दीपनगर बाजार ससुर के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए आए थे। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि राजेश रविदास एवं संजय कुमार शौच के लिए टोल प्लाजा के समीप गथे। जहां गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके कारण दोनों गम्भीर रुप से जख्मी हो गए। पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक की मौत हो गई। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में जख्मी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। और घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम में एक युवक की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गया में नाले से बरामद हुआ युवक का शव

निज संवाददाता। गया





गया जंक्शन के डेल्हा साइड स्थित रेलवे गुमटी नंबर वन के समीप कुजापी नाला में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बादल कुमार (19) के रूप में हुई है। वह कुजापी में ही अपने परिवार के साथ रहता था और वह मजदूरी भी किया करता था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए डेल्हा पुलिस ने मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने मृतक आश्रित को आपदा विभाग की ओर से 4 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की है। यही नहीं लोगों का कहना है कि नाले के ऊपर ढक्कन लगा होता तो यह हादसा नहीं होता। शौच के लिए निकला था घर मृतक के परिजनों का कहना है कि सोमवार की देर रात में बादल अपने घर से शौच के लिए निकला था। घर के बाहर कुछ दूरी पर जाकर एक बड़ा नाला है। उसी ओर गया था। नाले की ओर जाने के क्रम में अंधेरे की वजह से वह नाले में गिर गया। रात को घर वालों ने छानबीन की पर कहीं कुछ पता नहीं चला। सुबह भी लोगों ने बादल की छानबीन की तो भी पता नहीं चला। लेकिन दोपहर बाद उसका शव नाले में होने की सूचना मिली। काफी मशक्कत के बाद नाले से बादल का शव मुहल्ले वाले निकाल सके। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# नालंदा में 33 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

निज संवादाता। नालंदा



नालंदा में लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन कार्य की प्रक्रिया समाप्त हो गयी। नामांकन के अंतिम दिन कुल छह प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इस प्रकार, नालंदा संसदीय क्षेत्र से संसद जाने का सपना देखने वाले 33 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है। इस प्रकार, नोटा (इनमें से कोई नहीं) को लगाकर 34 प्रत्याशियों के होने के कारण तीन ईवीएम लगना तय माना जा रहा है। हालांकि, स्क्रूटिनी व नाम वापसी का समय अभी बचा हुआ है। चुनाव मैदान में उतरने के लिए कुल 34 लोगों ने नाजिर रसीद कटाया था। किसी एक ने नाजिर रसीद कटवाने के बाद भी नामांकन के लिए पर्चा दाखिल नहीं किया। नामांकन मेला समाप्त होने के बाद अब सबकी निगाहें 15 मई यानी आज होने वाली स्क्रूटिनी पर टिकी हुई है। हालांकि, काफी जांच-परख के बाद नामांकन का पर्चा जमा लिये जाने के कारण आवेदनों के रद्द होने की आशंका कम ही है। अगर किसी ने अपने संबंध में गलत सूचना दी हो अथवा किसी सूचना को छुपायी हो, तभी आवेदन रद्द हो सकता है। स्क्रूटिनी के बाद नाम वापसी के लिए 17 मई तक की अवधि निर्धारित है। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया जाएगा। इसके बाद चुनाव प्रचार की गति जोर पकड़ेगी। सातवें व अंतिम चरण में नालंदा के दो हजार 364 बूथों पर एक जून को मतदान होना है। मतों की गिनती 4 जून को नालंदा कॉलेज में होगी।

**नामांकन करने वाले कुल 33 प्रत्याशीः** कौशलेंद्र कुमार, जदयू। डॉ. सौरभ संदीप, भाकपा-माले। प्रमोद कुमार निराला, बसपा। संजय राजेश, कपूर्री जनता दल। राजकुमार पासवान, राष्ट्रवादी जन कांग्रेस। सुरेंद्र प्रसाद, अल हिंद पार्टी। नंदकिशोर प्रसाद, प्रगतिशील मगही समाज। कुमार हरिचरण सिंह यादव, भारतीय मोमिन फ्रंट। संयोगिता कुमारी, शोषित समाज पार्टी। मुन्ना कुमार, संख्या अनुपाती भागीदारी पार्टी। कन्हैया लाल यादव, जागरूकता जनता पार्टी। धनश्याम प्रसाद सिंह, भोजपुरिया जन मोर्चा। रमेश कुमार, नकी भारतीय एकता पार्टी। समता पार्टी (जॉर्ज फर्णांडीस), निशा रंजन।

# गया में नाबालिग चेन स्नैचर धराया, 8 से अधिक वारदात को दे चुका है अंजाम

निज संवाददाता। गया



गया जिला पुलिस ने चेन स्नैचिंग करने वाले एक नाबालिग अपराधी को निरुद्ध किया है। पकड़े गए नाबालिग के विरुद्ध 8 से अधिक चेन स्नैचिंग के मामले दर्ज हैं। हालांकि पुलिस का मानना है कि पकड़ा गया नाबालिग चेन स्नैचर दिखने से नाबालिग नहीं लगता है। इस बात की सत्यता की जांच कराई जा रही है। वह 2022 से चेन स्नैचिंग सरीखे अपराध करता चला आ रहा है। खास बात यह भी कि पुलिस ने इस नाबालिग अपराधी की पहचान हाल ही में बोधगया में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात से जुड़े सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कराया है। आम लोगों द्वारा अपराधी की पहचान किए जाने के बाद उसे पकड़ा है।

**क्या बोले SSP:** एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बीते दिनों बोध गया स्थित जगन्नाथ मंदिर के बाहर एक महिला की सोने की चेन बाइक सवार दो युवक झपट कर फरार हो गया था। इस घटना से महिला काफी दहशत में थी। पुलिस की ओर से इस मामले को गम्भीरता से लिया गया और विशेष टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरू की गई। घटना स्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज को निकाला गया। सीसीटीवी में बाइक सवार की पहचान में मुश्किल आई तो लोगों से सम्पर्क किया गया। काफी छानबीन के बाद कुछ लोगों ने चेन स्नैचर की पहचान कर ली। रामपुर थाना क्षेत्र से नाबालिग चेन स्नैचर को पकड़ा गया। यही नहीं बोधगया में घटना के दिन नाबलिग अपराधी ने जो शर्ट पहन रखी थी उसे भी उसके घर से बरामद कर लिया गया। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए अन्य अपराधी की तलाश की जा रही है।

काराकाट में 13 नामांकन हुए अस्वीकार, 17 मई को है नाम वापसी की अंतिम तारीख

# उपेंद्र कुशवाहा, राजाराम सिंह एवं पवन सिंह समेत 14 का नामांकन स्वीकार

**डीपीआरओ डीवी सिंह ने बताया कि कुल 27 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे**



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट संसदीय क्षेत्र के नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में संपन्न हुई है। काराकाट संसदीय क्षेत्र से 14 नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं, जबकि 13 नामांकन पत्रों को रिजेक्ट कर दिया गया है। डीपीआरओ डीवी सिंह ने बताया कि कुल 27 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे, जिसमें 14 स्वीकृत और 13 अस्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वीकृत नामांकन पत्रों में पवन सिंह और उनकी मां प्रतिमा देवी का नाम शामिल है। शुक्रवार को नाम वापसी का अंतिम दिन है। इस बात पर सस्पेंस बना हुआ है कि पवन सिंह नाम वापस लेते हैं या उनकी मां। ऐसे में ज्यादा उम्मीद यही जताई जा रही है कि मां प्रतिमा देवी कल अपना नामांकन वापस ले लेंगी। जिनका नामांकन स्वीकृत हुआ है, उसमें एनडीए के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजा राम सिंह, बसपा के धीरज कुमार सिंह, राष्ट्र सेवा दल के प्रत्याशी प्रदीप जोशी, एआईएमआईएम की प्रत्याशी प्रियंका प्रसाद शामिल हैं। साथ ही अन्य उम्मीदवारों में प्रयाग पासवान, इंद्र राज रौशन, अवधेश पासवान, विकास विनायक, राजेश्वर पासवान, प्रतिमा देवी, अजित कुमार सिंह एवं राजा राम सिंह निर्दलीय शामिल हैं। जिनके नामांकन पत्र रिजेक्ट किए गए हैं, उनमें निर्दलीय किरण प्रभाकर, सनोज कुमार चंद्रवंशी, जनक दास सोना, भीम राम, अजय कुमार पांडेय, प्रिंस कुमार सिंह, शशिकांत गुप्ता, संतोष कुमार, विनोद प्रसाद चौधरी, संजय प्रसाद, उपेंद्र शर्मा, शामिल हैं। बता दें कि 17 मई को नामांकन वापस लेने की लास्ट डेट है।

## सासाराम संसदीय क्षेत्र से चार प्रत्याशी का नॉमिनेशन हुआ रद्द, 14 उम्मीदवार ने किया था नामांकन

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र के लिए 7 मई से अभ्यर्थियों द्वारा नॉमिनेशन फाइल समाहरणालय भभुआ में किया जा रहा था। जहां राष्ट्रीय पार्टी और निर्दलीय पार्टी सहित कुल 14 अभ्यर्थियों ने नॉमिनेशन फाइल किया था। जिसमें सासाराम संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा आज किए गए सभी नामनेसन की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत 10 नामांकित अभ्यर्थियों का नामांकन ही सही पाया गया। जिसके बाद 10 लोगों के नामांकन को स्वीकृत कर दिया गया, वहीं चार लोगों का नामांकन रद्द हो गया है। अभ्यर्थी का नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 मई रखी गई है। जो भी अभ्यर्थी नामनेशन के बाद अपना नाम वापस लेना चाहते हैं वह 17 मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। कैमूर जिलाधिकारी सावन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया 7 मई से 14 मई तक सासाराम संसदीय क्षेत्र के लिए कैमूर में नॉमिनेशन फाइल किया जा रहा था।



जहां आज नॉमिनेशन किए गए अभ्यर्थियों के नॉमिनेशन फाइल का समीक्षा किया गया। जिसमें 10 अभ्यर्थियों का नॉमिनेशन फाइल सही पाया गया। जिनका सही पाया गया है उसमें निर्दलीय रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र के शिव शंकर राम, भारतीय गांधी वादी पार्टी के संतोष कुमार खरवार, भारतीय जनता पार्टी के शिवेश राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के बनारसी दास, जनतंत्र आवाज पार्टी की पूनम देवी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनोज कुमार, बहुजन समाज पार्टी के संतोष कुमार, जन जनवादी पार्टी के उजारन मुसहर, बहुजन मुक्ति पार्टी के अमित कुमार अंबेडकर, और राष्ट्रीय समाज पक्ष के नंदलाल राम का नाम शामिल है।

# चिह्नित हुए 10 मकानों को जेसीबी की मदद से कराया गया खाली

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया है। बता दें की शहर के बाजार समिति मोड़ के पास पईन पर अवैध तरीके से निर्माण करने वाले 10 मकानों को चिह्नित कर हुए जेसीबी की मदद से खाली कराया गया है। इस दौरान अंचलाधिकारी और नगर थानाध्यक्ष के साथ भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूद थे। अंचलाधिकारी स्नेहा सत्यम ने बताया की जल जीवन हरियाली के तहत आहार पईन पर अतिक्रमण के खिलाफ हाई कोर्ट में मामला चल रहा था। जहां कोर्ट के निर्देश के आलोक में अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया की आहार पईन पर अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रही है। आगे भी ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि इन लोगों को पहले ही नोटिस दिया गया था। लेकिन इसके बाद भी इन लोगों द्वारा मकान नहीं हटाया गया तो प्रशासन के द्वारा यह कार्रवाई किया गया है। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

## दुर्घटनाओं में महिला सहित छह घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई वाहन दुर्घटनाओं में महिला सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में यूपी के राबर्टसगंज के अजय कुमार पटेल, मोहनियां दादर के अंतु कुमार, मोहनियां के पंकज कुमार, भभुआ वार्ड छह के शिव प्रकाश कुमार, नौहट्टा की राजवंता देवी, दुर्गावती थाना क्षेत्र के महमूदगंज निवासी छात्र सोहेल अली शामिल हैं। दुर्गावती के धनेछा पेट्रोल पंप के पास बाइक पलटने से सोहेल घायल हो गया। वह बाइक से पढ़ने के लिए दुर्गावती गया था। पीएचसी से रेफर करने पर उसे सदर अस्पताल लाया गया। मोहनियां की दुर्घटना में दादर का अंतू घायल हो गया।

## यूपी की बिरहा गायिका से सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

भभुआ (कैमूर)। यूपी की बिरहा गायिका से सामूहिक दुष्कर्म के एक आरोपी को महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी रजनीकांत यादव जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के दीया गांव का निवासी है। गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष अंजु कुमारी के नेतृत्व में गयी पुलिस टीम ने आरोपी को उसके गांव से धन दबोचा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। ज्ञात हो कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में जिले के मोहनियां चौक से दो आरोपी अपनी बाइक पर महिला गायिका को बैठाकर कार्यक्रम करने के लिए रोहतास जिले के कोचस ले जाने के बजाय रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक पुलिया के नीचे ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए। उक्त मामले में यूपी की गायिका ने अपनी टीम के दोनों सहयोगी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। इस मामले में दूसरे आरोपी यूपी निवासी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

## करंट की चपेट में आने के कारण चार वर्षीया बच्ची की हुई मौत

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** नगर थाना क्षेत्र के मीठापुर गांव में बुधवार की सुबह बिजली करंट की चपेट में आने से चार वर्षीया बच्ची की मौत हो गयी। मृतका नीलम कुमारी मीठापुर निवासी रंजन बिंद की पुत्री थी। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराए आए मृतका के चाचा मुराहु प्रसाद ने बताया कि बुधवार की सुबह बच्ची अपने घर की छत पर गई थी। छत से सटे 440 वोल्ट का करंट प्रवाहित नंगा तार गुजरा है, जिसकी चपेट में आने से वह नीचे गिर पड़ी। करंट से उसके हाथ, पेट व जांघ में गंभीर जख्म बन गए। उन्होंने बताया कि घटना के काफी देर बाद बच्ची पर उसकी मां की निगाह पड़ी। परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। डाक्टर ने बच्ची के स्वास्थ्य की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से नाराज परिजनों ने बच्ची के शव को लेकर बिजली बोर्ड कार्यालय पहुंचे और कहा कि बोर्ड की लापरवाही से बच्ची की मौत हुई है। उन्होंने मुआवजे की मांग की। गांव के उपभोक्ताओं ने भी कहा कि बोर्ड के अधिकारियों से नंगा तार में कॅवर लगाने के लिए कहा गया था। लेकिन, इस दिशा में पहल नहीं हुई। बाद में परिजन बच्ची के शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां नगर थाना के सब इंस्पेक्टर शांतनु कुमार व बृजकिशोर सिंह ने पंचनामा करते हुए शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया। बच्ची के पिता रंजन बिंद नासिक में रहकर प्राइवेट काम करते हैं। उन्हें घटना की सूचना दी गयी है। भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल सदर अस्पताल पहुंच पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस घटना के लिए विद्युत बोर्ड को दोषी ठहराते हुए मुआवजा देने की मांग की।

## मकान का छज्जा गिरने के कारण 15 वर्षीय बच्चे की हुई मौत

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** नगर थाना क्षेत्र के किशुनपुरा गांव में मकान का छज्जा गिरने से किशोर की मौत हो गयी। मृतक 15 वर्षीय शिवम कुमार किशुनपुरा गांव निवासी गुड्डू राम का बेटा था। शिवम बुधवार को अपने घर के बाहर खाट पर बैठा था। इसी दौरान छत का छज्जा उसके शरीर पर गिर गया, जिसके मलबे से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन व ग्रामीण आनन-फानन में उसे लेकर मोहनियां अस्पताल गए, जहां के चिकित्सकों ने उसकी स्वास्थ्य जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से गुड्डू राम के घर-परिवार में कोहराम मच गया। गुड्डू के चार बच्चों में शिवम सबसे छोटा बेटा था। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल किशुनपुरा गए और पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहयोग करते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा रहने की बात कही। पंचायत के उपमुखिया गणेश राम, कृष्णा कुमार, नीतीश पांडेय, त्रिवेणी शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे भाकपा माले की रतवार पंचायत के सचिव लोकनाथ राम ने परिजन से मिलकर घटना की जांच की। पार्टी के जिला सचिव विजय यादव, कार्यालय सचिव मोरध्वज सिंह द्वारा जिला प्रशासन व आपदा प्रबंधन विभाग से दीवार गिरने से होनेवाली मौत को भी आपदा से जोड़ने व घटना होने पर मुआवजा देने का प्रावधान बनाने की मांग की।

# पुलिस अलग-अलग जगहों पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का एक सदस्य को किया गिरफ्तार

**181 ग्राम सोना, 182 ग्राम चांदी चोरी की गई 5 लाख 11 हजार रुपए भी बरामद**

निज संवाददाता



**अरवल।** अरवल के अलग-अलग जगहों पर चोरी करने वाले गिरोह को सदर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चोर विकास कुमार निर्माणधीन घर से लोहे के रड की चुराकर से चोरी की दुनिया में कदम रखा था। वह छोटी उम्र से लोहे रड चोरी करता था। नाबालिग होने की वजह से उसे इसका लाभ मिल जाता था। जैसे-जैसे उम्र बढ़ता गया चोरी करने का मनोबल भी बढ़ता गया। उसने अकेले ही घर और दुकान में घुसकर कई बार चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। पुलिस भी कई बार गिरफ्तार की लेकिन बार-बार जेल से छूटने के बाद दोबारा से चोरी की घटना को अंजाम देता है। लगातार चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद गांव के लोगों ने उसे चोर के नाम से मशहूर कर दिया गया। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है और जेल भी जा चुका है। पिछले दिनों संगम स्टूडियो के घर और दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही थी वैज्ञानिक अनुसंधान से पुलिस ने धावा पर गांव से उसे गिरफ्तार किया। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार चोर विकास कुमार कई जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है उसके पास से 181 ग्राम सोना और 182 ग्राम चांदी बरामद हुई है। किसके साथ चोरी की गई 5 लाख 11 हजार रुपए भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार चोर से पूछताछ की गई तो इसने बताया कि अपने दो अन्य साथियों के साथ संगम स्टूडियो में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अन्य चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। फिलहाल गिरफ्तार चोर को जेल भेजा जाएगा।

# पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है। 1. गाड़ी सं. 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल वलसाड से 22 अप्रैल से 24 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 08.40 बजे खुलकर अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल दानापुर से 23 अप्रैल से 25 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 14.30 बजे खुलकर अगले दिन 21.30 बजे वलासाड पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 2. गाड़ी सं. 09045/09046 उधना-पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते)- गाड़ी संख्या 09045 उधना-पटना सुपरफास्ट स्पेशल उधना से 19 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 08.35 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09046 पटना-उधना सुपरफास्ट स्पेशल पटना से 20 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 13.05 बजे खुलकर अगले दिन 14.50 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेषल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 3. गाड़ी सं. 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल (बरौनी-हाजीपुर-गोरखपुर-लखनऊ-भोपाल-उज्जैन के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल मुंबई सेंट्रल से 20 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को 10.30 बजे खुलकर सोमवार को 00.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 07.30 बजे कटिहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल मुंबई सेंट्रल से 23 अप्रैल से 02 जुलाई, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 00.15 बजे खुलकर 04.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए बुधवार को 18.04 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 4. गाड़ी सं. 09569/09570 राजकोट-बरौनी-राजकोट स्पेशल (हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीय -प्रयागराज-आगरा फोर्ट-कोटा-अहमदाबाद के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09569 राजकोट-बरौनी स्पेशल राजकोट से 26 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 12.50 बजे खुलकर रविवार को 00.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 03.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09570 बरौनी-राजकोट स्पेशल बरौनी से 28 अप्रैल से 30 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 13.45 बजे खुलकर 16.30 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए मंगलवार को 05.50 बजे राजकोट पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 5. गाड़ी सं. 09033/09034 उधना-बरौनी-उधना स्पेशल(पटना-डीडीय-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते)- गाड़ी संख्या 09033 उधना-बरौनी स्पेशल उधना से 22 अप्रैल से 26 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 20.35 बजे खुलकर अगले दिन 22.25 बजे पटना जं. रूकते हुए देर रात्रि 03.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09034 बरौनी-उधना स्पेशल 24 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को बरौनी से 09.25 बजे खुलकर 12.55 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 19.00 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे। 6. गाड़ी सं. 09405/09406 साबरमती-पटना-सारबमती स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-वाराणसी-लखनऊ-आगरा फोर्ट-जयपुर-अजमेर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09405 साबरमती-पटना स्पेशल साबरमती से 16 अप्रैल से 25 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 18.10 बजे खुलकर गुरूवार को 02.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09406 पटना-साबरमती स्पेशल पटना से 18 अप्रैल से 27 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को 05.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 13.30 बजे साबरमती पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 10 कोच होंगे। 7. गाड़ी सं. 09493/094940 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल (डीडीय-प्रयागराज छिवकी-बीना-उज्जैन-रतलाम के रास्ते)- गाड़ी संख्या 09493 अहमदाबाद -पटना सुपरफास्ट स्पेशल अहमदाबाद से 21 अप्रैल से 30 जून, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 16.35 बजे खुलकर सोमवार को 22.45 बजे पटना पहुंचेगी।

वापसी में, गाड़ी संख्या 09494 पटना-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल पटना से 23 अप्रैल से 02 जुलाई, 2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 01.00 बजे खुलकर बुधवार को 07.10 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। 8. गाड़ी सं. 01155/01156 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक समर स्पेशल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01155 लोकमान्य तिलक-दानापुर समर स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 15.04.2024 से 27.05.2024 तक प्रत्येक सोमवार को 10.30 बजे खुलकर मंगलवार को 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01156 दानापुर-लोकमान्य तिलक समर स्पेशल ट्रेन दानापुर से 16.04.2024 से 28.05.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 22.00 बजे खुलकर गुरूवार को 04.50 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। इस स्पेषल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे। 9. गाड़ी संख्या 01145/01146 सीएसएमटी मुंबई-आसनसोल-सीएसएमटी मुंबई समर स्पेशल (डीडीयू-गया-गोमो-धनबाद के रास्ते):- 01145 सीएसएमटी मुंबई-आसनसोल समर स्पेशल 15.04.2024 से 27.05.2024 तक प्रत्येक सोमवार को सीएसएमटी मुंबई से 11.05 बजे खुलकर मंगलवार को 14.05 बजे डीडीयू, 22.25 बजे धनबाद रूकते हुए बुधवार को 02.15 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वापसी में 01146 आसनसोल-सीएसएमटी मुंबई समर स्पेशल 17.04.2024 से 29.05.2024 तक प्रत्येक बुधवार को आसनसोल से 21.00 बजे खुलकर 22.45 बजे धनबाद एवं गुरूवार को 06.00 बजे डीडीयू रूकते हुए शुक्रवार को 08.15 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी । इस स्पेषल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय इकोनोमी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे। 10. गाड़ी संख्या 01065/01066 सीएसएमटी मुंबई-अगरतला-सीएसएमटी मुंबई समर स्पेशल (डीडीयू-पाटलिपुत्र-बरौनी-कटिहार के रास्ते):- 01065 सीएसएमटी मुंबई-अगरतला समर स्पेशल 18.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को सीएसएमटी मुंबई से 11.05 बजे खुलकर शुक्रवार को 14.10 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए रविवार को 01.10 बजे अगरतला पहुंचेगी। वापसी में 01066 अगरतला-सीएसएमटी मुंबई समर स्पेशल 21.04.2024 से 30.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को अगरतला से 15.10 बजे खुलकर सोमवार को 23.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए बुधवार को 03.50 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02 एवं शयनयान श्रेणी के 18 कोच होंगे। 11. गाड़ी संख्या 05565/05566 सहरसा-सरहिंद-सहरसा साप्ताहिक समर स्पेशलः 05565 सहरसा-सरहिंद समर स्पेशल 18.04.2024 से 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को सहरसा से 19.30 बजे खुलकर शनिवार को 00.05 बजे सरहिंद पहुंचेगी। वापसी में 05566 सरहिंद-सहरसा समर स्पेषल 20.04.2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को सरहिंद से 02.00 बजे खुलकर रविवार को 09.45 बजे सहरसा पहुंचेगी।

# चार दिवसीय नौ कुंडीय महायज्ञ का हुआ समापन

निज संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** नोवा गांव में आयोजित चार दिवसीय नव कुंडी महायज्ञ का समापन भंडारा के बाद किया गया। शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित यज्ञ में कथा सुनने के लिए आसपास के गांव के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे प्रतिनिधि आचार्य दिनेश, हीरा लाल सहित प्रतिनिधि मंडल में शामिल आचार्यों के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ यज्ञ कुंडों की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कलश पूजन, दीपक पूजन, गुरुदेव माताजी और गायत्री माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं नामकरण व दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया।

आचार्यों ने कहा कि गायत्री उपासना से जीव, मुक्ति प्राप्त कर सकता है। मां गायत्री अखिल ब्रह्मांड की नायक है तथा गायत्री मंत्र के जाप से पापों का नाश होता है। यज्ञ के समापन के दिन पहुंचे सैकड़ों गरीब परिवार के लोगों के बीच कंबल व प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मुकेश कुमार ,पूर्व प्राचार्य जवाहर सिंह, वरुण सिंह, अनिल सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-१४.
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/04 दिनांक- 15.05.2024

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2024
Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2024

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2024/01 एवं 2024/02 दिनांक- 06.04.2024 एवं बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2024/03 दिनांक- 05.05.2024 के क्रम में सर्व साधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2024 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2024 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration करने की अंतिम तिथि 15.05.2024 निर्धारित है। छात्रहित में ITICAT-2024 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;

(i) Online Registration Closing Date : 17.05.2024
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : 18.05.2024
(iii) Online Editing of Application Form : 19.05.2024 to 20.05.2024
(iv) Uploading of Online Admit Card : 28.05.2024
(v) Proposed Date of Examination : 09.06.2024

(2) दिनांक 18.05.2024 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website bceceboard.bihar.gov.in के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की हुई सुनवाई

निज संवाददाता

**नवादा**। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत 05 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें सभी मामले का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। द्वितीय अपीलवाद प्रखंड़ -काषीचक, पोस्ट-लाल विगहा, ग्राम -लाल विगहा के सुन्दर प्रसाद द्वारा आवेदन दिया गया था। द्वितीय अपील की सुनवाई की गयी। प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। अपीलवाद प्रखंड-काषीचक, मध्य विद्यालय, अपसढ़ नेपुरा के सेवानिवृत शिक्षक श्यामसुन्दर प्रसाद ने आवेदन के द्वारा शिकायत दायर किया। प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। शिकायतकर्ता प्रखंड नवादा, थाना-मुफस्सिल, पोस्ट-अकौना, ग्राम-अकौना बजार के जगदीश महतो के द्वारा द्वतीय अपील के तहत शिकायत दायर किया गया, प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें किये गए शिकायत का निवारगए कर दिया गया। इसी तरह अन्य प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायत/अपील की जा सकती है। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान पाएं।



# पुलिस ने देशी कट्टे के साथ 3 युवक को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। अनुमण्डल क्षेत्र के सिरदला थानाध्यक्ष सह एसआई संजीत राम ने एक देशी कट्टे को जब्त किया एवं तीन युवकों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष की अगुआई में पुलिस ने तत्परता से समय रहते देशी कट्टा को बरामद कर लिया। साथ हीं किसी बड़ी घटना को अंजाम तक पहुंचाने से पहले हीं तीनों युवको को धर धबोचा है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने कहा कि बीते मंगलवार की सुबह व्हाट्सप पर एक युवक का फोटो मिला, जो अपने साथ देशी कट्टा रखे हुए था। व्हाट्सएप पर प्राप्त फोटो के बारे में जांच-पड़ताल करने पर युवक की पहचान हेमजा भारत निवासी उमेश राजवंशी के पुत्र रोहित राजवंशी के रूप में हुई है। युवक के पूछताछ पर बताया कि यह कट्टा मेरा नहीं है, बल्कि वह हिसुआ थाना क्षेत्र के मोदीबिगहा निवासी कपिल राजवंशी के पुत्र मनोज राजवंशी उर्फ डब्लू का देशी कट्टा लेकर फोटो खिंचवाया था। साथ हीं कहा कि मनोज राजवंशी उर्फ डब्लू अभी गांव में ही रह रहा है। रोहित कुमार की निशानदेही पर मनोज राजवंशी को हिरासत में लिया गया।साथ ही कहा कि फोटो में देशी कट्टा उसी का है, जो उसने खरौन्ध गांव निवासी अनिल राजवंशी के पुत्र सुदीप कुमार को रखने दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि हिरासत में रहे मनोज राजवंशी के निशानदेही पर खरौन्ध में छापेमारी कर सुदीप कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। इस दौरान उसने देशी कट्टे को अपने चाचा के खेत के बगल में गाड़ कर रखने की बात कही।बताए गए स्थल की खुदाई करने पर काले रंग की प्लास्टिक में एक देशी कट्टा बरामद किया गया। जिसके बाद तीनों युवकों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

# सड़क हादसे में जख्मी का इलाज के दौरान हुई मौत, मचा कोहराम

निज संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज(नवादा) सड़क हादसे में इलाजरत जख्मी की मौत बुधवार को हो गई है। मृतक नारदीगंज बाजार मुस्लिम टोला के मो. खुर्शीद आलम का 28 वर्षीय पुत्र मो. नाजिर अंसारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। बुधवार को दोपहर के बाद पटना से मृतक का शव ज्योहीं नारदीगंज बाजार स्थित घर पहुंचा था, की काफी संख्या में लोग शव को एक झलक पाने के लिए लालायित रहे। लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। वही जख्मी में मृतक की 26 वर्षीय पत्नी नयनतारा प्रवीण हैं। बताया जाता है कि बाइक से यह दोनों पति पत्नी नवादा से नारदीगंज बाजार अपने घर लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा आ रही तेज रफ्तार से आ रही मैजिक वाहन ने नारदीगंज गोंदापुर सड़क मार्ग में आषाढ़ी गांव के समीप जबरदस्त टक्कर मार दिया, फलतः दोनों गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीरावस्था में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद विम्स पावापुरी भेज दिया,वहां भी इलाज के बाद एम्स पटना भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह में मो0 नाजिर अंसारी की मौत हो गई। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पटना में पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजन को सौंप दिया।घटना की सूचना मिलते ही मातम छा गया। मृतक का शव घर पहुंचते ही काफी संख्या में लोग जुट गए। करुण क्रंदन से आसपास का वातावरण गमगीन बना हुआ है। यह घटना जिले के मुफस्सिल थाना में घटी थी। इधर, पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है। मृतक के पिता ग्रामीण चिकित्सक हैं, नारदीगंज बाजार में निजी क्लिनिक चलाते हैं, वही मृतक भी अपने पिता के कार्य में सहयोग करता था। मृतक के दो संतान हैं, एक छह वर्ष के पुत्र नैयर अनबर व चार वर्ष के पुत्री मैंइरा प्रवीण है। घटना की सूचना पर मो. शाहरुख खान, तनवीर आलम, जलाल आलम, मो. जुबैर खान, मो. रकीब खान, छोटू आलम, रागिब आलम, हाफिज नौशाद आलम खान, तस्लीम अंसारी, तौफीक अंसारी समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे, और संवेदना व्यक्त की।

## हम जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत थे सुशील कुमार मोदी-गगन

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखंड क्षेत्र के बजरंगबली चौक स्थित भाजपा कार्यालय में रजौली मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन के उपरांत शोक सभा का आयोजन किया गया। हम जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं के लिये दुखद दिन है।हम सबों के लिए वो सदैव प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद किये जाएंगे। पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार अधिवक्ता ने विस्तृत रूप से सुशील कुमार मोदी के जीवनी के विषय में अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन ने बताया कि बिहार भाजपा के भीष्म पितामह, पार्टी के शिल्पकार जिन्होंने बिहार भाजपा को माली के रूप में सींचने का काम किया। ऐसे हम सभी के श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी के निधन के उपरांत उनका तैलीय चित्र पर एवं दो मिनट का मौन रख कर रजौली भाजपा परिवारजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नम आंखों से श्रृदांजलि अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष गगन ने बताया कि सुशील कुमार मोदी 70 के दशक के जेपी आंदोलन के बाद आये थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे।

# वन विभाग की भूमि पर रेलवे ट्रैक निर्माण कर रही कंपनी के द्वारा किया जा रहा मिट्टी का अवैध खनन

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। अनुमण्डल क्षेत्र में इन दिनों खरौन्ध से लेकर डेलवा तक रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।लेकिन इस वक्त रेलवे ट्रैक निर्माण कंपनी के द्वारा मनमानी भी जमकर किया जा रहा है और वन विभाग के बड़े भू-भाग पर मिट्टी का अवैध खनन भी धड़ल्ले से जारी है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। वहीं कई जानकारों ने बताया कि वन विभाग की भूमि पर मिट्टी का अवैध खनन विगत कई महीनों से जारी है। रेलवे ट्रैक निर्माण कर रही कंपनी के द्वारा दिन के उजाले में जेसीबी मशीन के सहायता से मिट्टी का अवैध खनन और हाइवा में लादकर दूसरे जगह ले जाया जा रहा है। अबतक लगभग सैकड़ों हाइवा मिट्टी का



अवैध खनन किया जा चुका है। ऐसे में इतने बड़े भू-भाग पर अवैध मिट्टी का खनन करना और विभाग का मौन साधना कई सवाल खड़ा कर रहा है। क्योंकि वन क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन का कार्य हो रहा होता है। तो विभाग अपना अमला दफला के साथ छापेमारी करने पहुंच जाती है। लेकिन इस उक्त मामले में चुप्पी साधना कई सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं विभागीय सूत्रों की माने तो मिट्टी का अवैध खनन करने के लिए उक्त कंपनी के पास कोई वैध कागजात नहीं है और ना ही उसको वन विभाग के भूमि पर मिट्टी का खनन करने का अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिला है। ऐसे में इतना बड़ा भू-भाग पर मिट्टी का अवैध खनन होना समझ से परे है।रेलवे ट्रैक निर्माण कर रही कंपनी को सिर्फ और सिर्फ रेलवे ट्रैक बनाने के लिए ही जमीन उपलब्ध कराया गया है। वन विभाग के जमीन पर अगर कंपनी अपना कोई सामान और बेस कैंप भी बनाती है तो वो कानूनी रूप से गलत है। फिर भी उक्त कंपनी के द्वारा वन विभाग के जमीन पर मिट्टी का अवैध खनन करना और विभागीय कार्यवाई ना होना ये बात समझ से परे है। बाकी इस मामले को साहब कैसे देखते है ये हमलोग नही बता सकते हैं। वही वन विभाग के इस कार्य से लोगों में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि मिट्टी के अवैध खनन की जानकारी नहीं है।साथ ही कहा कि स्थल जांच कर दोषियों के ऊपर कार्यवाई की जायेगी।

## हथियार लेकर फोटो वायरल करना पड़ा महंगा

**नवादा (नि.सं.)**। सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो वायरल करना युवकों को महंगा पड़ा। जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तीन युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने व्हाट्सएप पर आए फोटो पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने के मामले में सिरदला थाना क्षेत्र के हेमजाभारत गांव के उमेश राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में बताया गया कि रोहित कुमार का ही फोटो है। पुलिस के अनुसार रोहित ने कबूला की फोटो में जो हथियार है वह हिसुआ थाना क्षेत्र के मोदी बीघा गांव के कपिल राजवंशी के पुत्र मनोज राजवंशी उर्फ डब्लू के हथियार से फोटो खींचा था। रोहित कुमार के बाद मनोज राजवंशी को हेमजाभारत गांव से गिरफ्तार कर कड़ी पूछ ताछ के बाद उनके द्वाराए बताया गया की हथियार (देशी कट्टा) सिरदला थाना क्षेत्र के खरौंध गांव के अनिल राजवंशी के पुत्र 21 वर्षीय संदीप कुमार के पास है।

# बीडीओ ने किया पुस्तकालय का औचक निरीक्षण,छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई के बारे में ली जानकारी

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड परिसर स्थित जीविका सामुदायिक पुस्तकालय का औचक निरीक्षण बुधवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री ने किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से मिल उनसे बातचीत किया। इस दौरान पुस्तकालय के केयर टेकर सह विद्या दीदी किरण कुमारी भी मौजूद रहीं। बीडीओ ने कहा कि प्रखण्ड परिसर स्थित सामुदायिक पुस्तकालय का संचालन जीविका द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में प्रतिदिन 80 से 100 छात्र-छात्राएं सेल्फ स्टडी के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुटे पाए गए। पुस्तकालय की केयर टेकर द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं का नामांकन सह रजिस्ट्रेशन जारी है। साथ ही कहा गया कि अधिकांश छात्रों द्वारा एसएससी जीडी, बिहार पुलिस एवं रेलवे की तैयारियां की जा रही है। वहीं अंधरबारी, बहादुरपुर, करीगांव आदि गांवों एवं नगर पंचायत के दर्जनों



छात्राओं द्वारा बीएड, सीटेट, बिहार पुलिस एसएससी एवं एसएससी जीडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियां की जा रही है। पुस्तकालय में पढ़ने वाले कुछ छात्र-छात्राओं को सेल्फ स्टडी के कारण सफलता भी मिली है। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतियोगिता की परीक्षा की किताबें उपलब्ध नहीं थी। जिसको लेकर केयर टेकर द्वारा कहा गया कि जल्द ही पुस्तकों की कमी को दूर कर लिया जाएगा।वहीं पुस्तकालय के एक बाथरूम का दरवाजा खराब है। जिसको लेकर जीविका बीपीएम मनीष कुमार को दरवाजे की समस्या को जल्द से जल्द ठीक करवाने को निर्देशित किया गया है। वहीं पुस्तकालय में पढ़ने वाली छात्राओं से बातचीत कर उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। साथ ही बीडीओ ने कहा कि पुस्तकालय में समय-समय पर छात्र-छात्राओं के बीच कैरियर काउंसलिंग की भी बहुत जरूरत है। ताकि ग्रामीण बच्चों को बेहतर करने का दिशा-निर्देश मिले। इस दौरान मधु कुमारी, निभा कुमारी, सपना कुमारी, अंजली कुमारी, पिंकी कुमारी, संतोष कुमार, राहुल कुमार के अलावे दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खतरा- नौनिहालों के विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के ऊपर लटक रहे जर्जर हाईटेंशन बिजली तार

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)**। प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के समसपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के ऊपर ग्यारह हजार का हाईटेंशन बिजली तार लटक रहा है, जिसकी स्थिति काफी जर्जर है। जिससे नौनिहालों का जीवन खतरे में फंसा पड़ा है। ग्रामीणों द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष से बिजली तार बदलने एवं तार को घनी आबादी से दूर सड़क के रास्ते ले जाने को लेकर कई बार लिखित आवेदन दिया गया है। किंतु बिजली विभाग के स्थानीय पदाधिकारियों ने कानों में जूं तक नहीं रेंगा। तब जाकर ग्रामीण सहदेव यादव, जगदीश यादव, अमीरक यादव, अजय प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, फुलू प्रसाद आदि दर्जनों लोगों ने मुखिया संजय यादव के साथ बीडीओ अनिल मिस्त्री को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के आसपास के मैदान में प्रत्येक दिन सैकड़ों बच्चे खेलते-कूदते हैं। वहीं ऊपर में जर्जर स्थिति में ग्यारह हजार के तार लटकते रहते हैं। जिसके कारण बच्चों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि इसके पूर्व भी कई बार तार टूटकर गिरा है,किन्तु संयोगवश आसपास कोई नहीं था। साथ ही कहा कि गांव के कुछ घरों के छतों से सटकर एवं कुछ घरों के छतों के ऊपर से ही हाईटेंशन बिजली तार गुजरी है। ग्रामीणों ने कहा कि जब-जब आंधी एवं बारिश का मौसम आता है, तो लोग बिजली के तार गिरने को लेकर डरे-सहमे रहते हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कई दशकों पूर्व आबादी कम थी, तो बिजली विभाग द्वारा अपनी सहूलियत के अनुसार बिजली के खम्भों को गाड़कर बिजली मुहैया कराई गई थी। किन्तु वर्तमान में ग्यारह हजार का तार प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं घनी आबादी से होकर गुजर रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों एवं छोटे-छोटे बच्चों पर हमेशा खतरा मंडराते रहता है। अगर समय रहते बिजली विभाग द्वारा इसपर कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी जान-माल का खतरा हो सकता है। रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव ने कहा कि सरमसपुर गांव के अलावे प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के ऊपर ग्यारह हजार के जर्जर बिजली तारों का हटना अतिआवश्यक है। अन्यथा कभी भी जान-माल की हानि हो सकती है। उन्होंने कहा कि शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किया जाना, दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बाबत पर बीडीओ अनिल मिस्त्री ने कहा कि जर्जर बिजली तार को हटवाने को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। बिजली विभाग को अविलंब जर्जर हाईटेंशन तार को बदलते हुए ग्रामीणों की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

# शेखपुरा पंचायत के वार्ड नं 9 में नलजल योजना फेल ग्रामीण पेयजल के लिए परेशान

## आठ वर्ष पूर्व हुआ नलजल का बोरिंग, ग्रामीणों की नहीं बुझी प्यास

निज संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। प्रखण्ड के शेखपुरा पंचायत अंतर्गत वार्ड नम्वर 9 में नलजल योजना फ़सड्डी साबित हो रहा है। इस वार्ड में लगभग आठ साल पहले पीएचईडी विभाग से बोरिंग करा कर छोड़ दिया गया है। भीषण गर्मी में पेयजल के लिए इस वार्ड के ग्रामीण इधर उधर भटक रहे हैं। लगभग 300 घरों के आवादी वाले अनुसूचित जाति बहुल्य वार्ड में इक्का दुक्का घरों में लगे समरसेबल मोटर से लोग अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कई घरों के लोग समीप के स्कूल से पानी ला रहे हैं।आठ साल एक लंबा समय के अंतराल के बाद भी नलजल योजना से काम पूरा नही हुआ है। जमीन आदि सभी उपलब्ध रहने के वावजूद भी काम पूरा नही होने पर पीएचईडी विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। इससे साफ होता है कि विभाग कितना सक्रिय होकर धरातल पर काम को पूरा कर रहा है। प्रखण्ड स्तर पर शिकायत के वावजूद ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को पेपर के माध्यम से वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। लेकिन आज तक किसी ने नलजल की समस्या का समाधन नही किया गया है। क्षेत्र भर्मण के दौरान वार्ड 9 के ग्रामीणों द्वारा नवादा सांसद चंदन सिंह से भी शिकायत की है। उसके बाद भी अभी तक इस जगह पर विभाग द्वारा काम शुरू कर घरों में पानी की सप्लाई नही की गई है। जिससे ग्रामीणों में भारी नराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएचईडी विभाग द्वारा 2016 में बोरिंग के बाद आज तक नलजल योजना शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। विभागीय उदासीनता के कारण सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल फेलुयर साबित हो रही है। सरकार के लाखों खर्च के वावजूद ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हो रहा है।

1, आठ साल से बोरिंग कर छोड़ दिया है इससे यह साफ पता चलता है कि नलजल योजना में कितना तेजी से काम हो रहा है। सरकार का लाखों रुपए खर्च के बाद वार्ड नम्बर 9 के ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हुआ है। पानी के लिए ग्रामीण इधर उधर भटक रहे हैं। ग्रामीण, पिंटू राजवंशी



2, भीषण गर्मी में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकतर घरों में लगा चापाकल से पानी निकलना बंद हो गया है। कई वर्षों से नलजल योजना से घरों में पानी की सप्लाई नही की गई है। पानी की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। जिला स्तरीय पदाधिकारी से हमारी मांग है कि अधूरा पड़े नलजल योजना को अबिलम्व पूरा करा कर वार्ड में पानी की सप्लाई शुरू की जाय। ग्रामीण, राजदेव चौधरी

3, पानी की समस्या को लेकर वार्ड के लोग परेशान हैं। जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण चापाकल भी फेल हो गया है। लगभग आठ साल पूर्व नलजल योजना से वार्ड में चयनित जगह पर बोरिंग कर छोड़ दिया गया है। कई बार प्रखण्ड स्तर पर शिकायत के बाद भी अधूरा पड़े नलजल के काम को पूरा नही किया गया है। वार्ड के लोग हमें कोस रहे हैं। लोगों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा हैं। वार्ड नम्बर 9 के वार्ड सदस्य फुलवा देवी

अभी आचार संहिता लागू है जैसे ही आचार संहिता समाप्त होता है तो इसका पीएचईडी से टेंडर के बाद कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पेयजल की समस्या नही हो इसके लिए जेई को निर्देशित किया गया है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य पर सचेत रहने की दी गई सलाह

- शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 17 पेंशनर समाज के लोगों निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई।

निज संवाददाता



**नारदीगंज**। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। यह शिविर बुधवार को आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों के 17 पेंशनर समाज के लोगों निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। कार्यक्रम में सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डॉ. इरशाद हसन ने शिविर में आये 17 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दिया। कहा कि तेज धूप व लू चल रहा है। इससे बचना है। आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकले, खान पान पर भी ध्यान रखना होगा, तभी आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मौके पर लैब टेक्नीशियन आशुतोष कुमार व जीएनएम पूनम कुमारी ने शिविर में आये पेंशनरों को मधुमेह, खून, रक्तचाप व अन्य जांच किये। इस दौरान पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह, चंद्रिका सिंह,परमेश्वर राम, कामता प्रसाद सिंह, चंद्रिका प्रसाद सिंह, नवल किशोर सिंह, सियाशरण दास, रामधीन सिंह समेत अन्य पेंशनरों का स्वास्थ्य जांच हुआ।

## टीसी नहीं मिलने से भड़के छात्रों ने स्कूल में जड़ दिया ताला

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के उग्रवाद प्रभावित रोह प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बारापंडेया में ग्रामीणों ने ताला जड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिन्दु कुमारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक नमन कुमार पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ताला खुलवाया। ताला जड़ने का कारण बच्चों को टीसी नहीं मिलना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पूर्व से इस विद्यालय में सीमा कुमारी प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य कर रही थी। इसके बाद एक माह पूर्व वरीय शिक्षिका धर्मशीला कुमारी को प्रभार दिया गया, लेकिन सीमा कुमारी द्वारा धर्मशीला कुमारी को पूर्ण प्रभार नहीं दिया गया। नामांकन पंजी भी अपने पास ही रखी, जिसके कारण आठवां पास बच्चों का नामांकन नहीं हो रहा था, जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने अपने बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचकर ताला जड़ दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया प्रत्याशी ने जनसंपर्क किया

**आरा।** इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने जगदीशपुर प्रखंड के हरदिया, बिमवां, इसाढ़ी, दुलारपुर, लक्ष्मीपुर, कहथु, दुलउर, दलीपपुर, केशवां, हँसवाडीह, जितौरा, बरांव, ओझवलिया, अगिआंव बाजार, कटरियां, अमेहता, लहठान, पिटरो, खननी कला, तार, फडौरा, करवनिया व एयार गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। राजद विधायक श्री रामविशुन सिंह लोहिया, राजद जिलाध्यक्ष बीरबल यादव, पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष भोला खान, जिला पार्षद जिप्सा आनंद, किस्सन नेता विनोद कुशवाहा, भाकपा(माले) प्रखंड सचिव कमलेश यादव थे। जानकारी चन्दन कुमार ने दिया।

### पैसे के विवाद में मारपीट, दो लोग घायल

**आरा।** मजदूरी का पैसा मांगने के विवाद में ठेकेदार और मजदूर के साथ मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव निवासी लाल बहादुर बिंद और भूलेटन बिंद घायल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घायल लालबाबू बिंद ने बताया की हम लोग कमलेश बिंद जो की धमार गांव का ही है। उसी का ठेकेदारी चल रहा था। उसी में हम लोग मजदूरी किए थे। जिसका पैसा मांगने के लिए उसके पास गया था। उसी क्रम में विवाद हुआ और मारपीट हो गई। जिसमें मेरा सर फट गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।

### चुनाव की समाप्ति तक जिले में लागू की गई धारा 144

**बक्सर।** जिले में जिला दण्डाधिकारी के द्वारा लोकसभा चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक या अधिकतम 60 दिनों तक भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण बक्सर जिला के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा चुनाव की घोषणा जारी किये जाने के बाद जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्वाचन की घोषणा की तिथि से अगले 60 दिनों तक के लिए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। जिसकी अवधि दिनांक 14 मई को पूर्ण हो गयी। जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है तथा विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी प्रचार कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जनसभा, जुलूस का आयोजन किया जाता है। जनसभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने, असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है और लोक सुरक्षा पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसको लेकर धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, तीर-धनुष, लाठी, भाला, गंडासा एवं मानव शरीर के लिए घातक कोई भी हथियार का प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे।

### नोनार की उपमुखिया चुनी गई मनीषा कुमारी

**पीरो।** पीरो स्थानीय प्रखंड पीरो के नोनार ग्राम पंचायत के उपमुखिया पद का चुनाव मंगलवार को कराया गया जिसमें मनीषा कुमारी उपमुखिया चुन ली गयी। पंचायत के उप मुखिया रहे मिथलेश उपाध्याय के विरुद्ध जनवरी महीने में अविश्वास लाया गया था। जहां 13 में से आठ सदस्यों ने मिथिलेश उपाध्याय के खिलाफ वोट देकर पदच्युत कर दिया था। मंगलवार को चुनाव तिथि निर्धारित था। प्रक्रियानुसार स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में दो वार्ड सदस्यों मनीषा कुमारी और मिथलेश उपाध्याय ने नामांकन किया। पंचायत में 13 वार्ड सदस्य है जिसमें 11 वार्ड सदस्य उपस्थित थे। मतदान के दौरान वार्ड संख्या 1 के सदस्य मनीषा कुमारी को 8 मत तथा मिथिलेश उपाध्याय को 3 मत प्राप्त हुआ। जिससे मनीषा कुमारी को उपमुखिया घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने निर्वाचित उपमुखिया को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई। मौके पर बीडीओ थे।

### नामांकन के अंतिम दिन 12 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा, बक्सर लोकसभा सीट पर कुल 27 उम्मीदवार मैदान में

**बक्सर।** मंगलवार को बक्सर लोकसभा क्षेत्र से नामांकन का अंतिम दिन था। जिसे लेकर कलेक्ट्रेट में कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। जिसमें 11 निर्दलीय प्रत्याशी तो वही एक बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार ने नामांकन किया। निर्दलीय प्रत्याशी बिना तामझाम के कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल के कक्ष में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। जिला जन संपर्क कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निर्दलीय प्रत्याशियों में रजिन्द्र गोंड, सुनील कुमार दूबे,अजय कुमार सिंह,हेमलता,रिजवान खान,भगवान सिंह यादव, ताफीर हुसैन, सूरज कुमार राम,आनंद मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, प्रमोद मिश्रा,वही अनिल कुमार, बहुजन समाज पार्टी से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के सभी चार इंट्री प्वाइंट पर लगाए गये बैरिकेडिंग के पास प्रशासन काफी मुस्तैद दिखा। बैरिकेडिंग के पास उम्मीदवारों के वाहनों को रोक दिया जा रहा था। वहां से उम्मीदवार व उनके प्रस्तावक और समर्थक पैदल ही कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंच रहे थे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से अंदर जाने की इजाजत सिर्फ प्रत्याशी और उनके प्रस्तावक को दी जा रही थी। विधि व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी व जवानों की तैनाती की गई थी। आज नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तक कुल 27 प्रत्याशी नामांकन का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। बता दें कि नामांकन के पहले दिन 7 मई को तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन का खाता खुला। पहला दिन निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा, ददन यादव और निरंजन कुमार ने पर्चा दाखिल किया। इसी तरह से 8 मई को निर्दलीय प्रत्याशी सुधाकर मिश्रा, 9 मई को 1 निर्दलीय प्रत्याशी अरविंद कुमार पांडेय ने पर्चा दाखिल किया। वहीं 10 मई को इंडिया एलायंस समर्थित राजद उम्मीदवार सुधाकर सिंह, एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने पर्चा दाखिल किया। वहीं अमरेंद्र कुमार, राम स्वरूप चौहान व अखिलेश कुमार पांडेय ने निर्दलीय के रूप में पर्चा दाखिल किया। इस तरह से कुल 27 उम्मीदवारों ने ताल ठोक दिया है। समाहरणालय बक्सर के प्रथम तल पर अवस्थित जिला पदाधिकारी का कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 15 मई एवं अभ्यर्थियों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित है।

### बैलगाड़ी से नामांकन करने पहुंचे बसपा प्रत्याशी, JCB से किया गया पुष्पवर्षा

**बक्सर।** बक्सर में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनिल चौधरी मंगलवार को बैलगाड़ी पर बैठकर नामांकन करने पहुंचे। जो आकर्षक का केंद्र बना रहा। नामांकन के लिए बक्सर के किला मैदान में भारी संख्या में पहुंचे समर्थकों को संबोधित करते हुए नामांकन के लिए बैलगाड़ी पर सवार होकर निकले। इसके साथ ही डीजे पर नाचते गाते भारी संख्या में समर्थक भी चल रहे थे। नामांकन जुलूस बक्सर के वीर कुंवर सिंह होते हुए ज्योति चौक के रास्ते अंबेडकर चौक पहुंचा। जहां से प्रस्तावक के साथ अनिल चौधरी कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच पदाधिकारी के सामने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया। नामांकन कार्यक्रम की शुरुआत अनिल चौधरी द्वारा चौकिया बुद्ध मंदिर में पूजा अर्चना के साथ किया। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ अनिल चौधरी बक्सर मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर चौकियां बुद्ध मंदिर में पहुंचे। जहां भगवान बुद्ध की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जहां से काफिला बक्सर किला मैदान पहुंचा। बसपा प्रत्याशी अनिल कुमार द्वारा नामांकन से पहले जब किला मैदान से भारी समर्थकों के साथ अनिल सिंह बैलगाड़ी पर सवार होकर ज्योति चौक चौराहे पर पहुंचे। जहां पर स्थित कामरेड ज्योति प्रकाश की प्रतिमा को पहले दूध और गंगाजल से अभिषेक किया गया। इसके बाद 2 JCB से प्रतिमा पर दो क्विंटल गुलाब के फूल की वर्षा किया गया। बक्सर लोकसभा चुनाव को लेकर आज अंतिम दिन है। इसको लेकर सुबह 11 बजे से बक्सर समाहरणालय में नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी द्वारा दाखिल किया जा रहा है। नामांकन कर बाहर निकले बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बक्सर को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए मैं अकेला नहीं निकला हूं।

# गर्लफ्रेंड के दुपट्टे से लटका मिला बॉयफ्रेंड का शव

## आरा में घर से बर्थ-डे पार्टी का कहकर निकला था, दोस्त ने बताई पूरी कहानी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में एक प्रेमी का आम के पेड़ से लटका शव मिला है। बताया जा रहा है कि प्रेमिका से झगड़े के बाद उसके दुपट्टे से लटकर उसने खुदकुशी कर ली। लड़के का शव घर से 500 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला है। वो घर से दोस्त के बर्थ डे पार्टी में जाने की बात कहकर निकला था। बुधवार की सुबह लोगों ने आम के पेड़ से उसके शव को लटका हुआ देखा तो घर वालों की सूचना दी। मृतक की पहचान प्रकाश कुमार सिंह (23) के रूप में हुई है। वो इंटर की पढ़ाई कर चुका था और नौकरी की तैयारी कर रहा था। घटना जिले धोबहां थाना इलाके के भदेया गांव का है। घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भिजवाया।



**गर्लफ्रेंड से मिलने गया था:** प्रकाश के दोस्तों ने बताया कि वो मंगलवार की देर शाम अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए बक्सर जिले के कृष्णब्रह्म गया हुआ था। दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हुई और गुस्से में आकर प्रकाश ने अपना मोबाइल उसके सामने तोड़ दिया और उसका दुपट्टा लेकर गांव चला आया। इसके बाद प्रकाश ने बाइक अपने घर के आगे खड़ी की और मोबाइल फेंककर चला गया। झगड़े की जानकारी उसकी गर्लफ्रेंड ने फोनकर दोस्त को दी थी।

**मां से कहा था- खाना मत बनाना, दोस्त के घर खाऊंगा:** पिता हरफूल सिंह ने बताया कि वो मंगलवार की देर शाम अपनी मां रीता देवी से कहकर निकला था मेरा खाना नहीं बनाना, मैं एक दोस्त के बर्थडे पार्टी में जा रहा हूं। रात में वापस नहीं लौटूंगा। इतना कहकर वह चला गया। हम लोगों ने सोचा कि कभी-कभी वह घर वापस नहीं आता है। इसलिए हम लोग भी खाना खाकर निश्चिंत होकर घर पर सो गए।

**500 मीटर दूर मिला शव:** आज सुबह गांव के एक लड़का ने फोनकर बताया कि प्रकाश का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला है। इसके बाद घर वाले बाहर निकले तो उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी थी और टूटा हुआ मोबाइल जमीन पर गिरा था। सभी लोग घर से करीब 500 मीटर दूर चौराहे पर गए। जहां आम के पेड़ से प्रकाश का शव लटका हुआ देखा। घटना का सूचना मिलने के बाद धोबहां थाना इंचार्ज संजीव कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रेमिका के दुपट्टे को पुलिस ने जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

## अब रजिस्टर में ऑपरेशन से संबंधित रहेगी जानकारी

निज संवाददाता। आरा



सदर अस्पताल के नवनिर्मित भवन के इमरजेंसी वार्ड में अब डेथ करने वाले मरीजों के लिए एक अलग से रजिस्टर रहेंगे। जिसमें मरीज के मृत्यु से संबंधित सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी। मरीज कब आया, मृतक का नाम क्या है, कब मृत्यु हुई, किस वजह से मृत्यु हुई एव उसके संबंध में रिमार्क भी रहेगा। यह रजिस्टर हमेशा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध रहेगा। जिसे मृत्यु के उपरांत तुरंत अपडेट किया जायेगा। रजिस्टर रहने से कभी भी कोई भी आसानी से मृतक के बारे पता कर सकेगा। पहले इसकी जानकारी सिर्फ ऑडी व अन्य कागजात में ही रहती थी, जो आम आदमी को आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती थी। मृत्यु से संबंधित जानकारी लेने में लोगो को काफी परेशानी होती थी। अब यह डेथ इंट्री रजिस्टर इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध होने से कोई भी रजिस्टर में देखकर सारी जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेगा। इस रजिस्टर में सात कॉलम बने रहेंगे। जिसमें रजिस्ट्रेशन नंबर, मृत्यु का समय, नाम-पता, लिंग, मृत्यु की वजह व अन्य रिमार्क रहेंगे। इतना ही नहीं इसके अलावे ऑपरेशन थियेटर के मरीजों के लिए एक फ्यूमीगेशन रजिस्टर यानी वाष्पीकरण रजिस्टर भी रहेगा। जिसमे मरीजों के ऑपरेशन के बाद ऑपरेशन थियेटर को वाष्पीकरण किया जाएगा। ऑपरेशन थियेटर को कितने देर वाष्पीकरण किया गया। कितने बजे से कितने बजे तक किया गया इसकी साडी जानकारी ठगी। कौन सा केमिकल इस्तेमाल किया गया सब इंट्री रहेगा।

**अस्पताल की सभी सेवाओं को किया जा रहा है सिस्टेमेटिक:** अस्पताल प्रबंधक अस्पताल प्रबंधक शशी कांत कुमार ने बताया कि नए भवन में नई व्यवस्था के तहत सभी सेवाओं को सिस्टेमेटिक किया जा रहा है। जल्द ही सदर अस्पताल को रजिस्टर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, बकाया पैसा देकर वापस लौट रहे थे घर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के कृष्णागढ़ क्षेत्र के बलुआ मठिया गांव के पास मंगलवार की देर शाम सड़क हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय थाना पुलिस घटना की जानकारी परिजनों को दी। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी जय नारायण चौधरी(56) के रूप में हुई है। इधर,मृतक के भतीजा महेंद्र प्रसाद ने बताया कि अपने घर से खाना खाने के बाद मंगलवार की सुबह अगरसंडा गांव में छेमी(मटर) के बकाए पैसे देने के लिए गए थे। जब देर शाम वापस लौट रहे थे । तभी बलुआ,मठिया के समीप किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में उनकी मौके पर ही मौत गई। काफी देरी तक मृत



अवस्था में सड़क किनारे पड़े रहे । इसके बड़ा रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने थाना को फोन कर सूचना दी। घटना के सूचना के मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके अपर पहुंची और घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस ने परिजनों को दी। इसके पश्चात पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम।बताया जाता है कि मृतक के घर में पत्नी कुंती देवी,दो बेटा सुनील, रमेश और दो बेटी दुर्गा एवं भागमानों देवी हैं।

# भोजपुर में प्रेमिका के घर मिला प्रेमी का शव

## परिजन बोले-गर्लफ्रेंड और उसके परिवार ने मारा, गले पर चोट के निशान, पुलिस हिरासत में लड़की

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में प्रेमिका के घर प्रेमी का शव मिला है। गला दबाकर उसकी हत्या की गई है, गले पर निशान है। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी मो.नौशाद के बेटे मो. शदाब (22) के तौर पर हुई है। जो एसी मैकेनिक था। युवक के ऑफिस के बगल में ही उसकी गर्लफ्रेंड नाजिया परवीन का घर है। जहां शदाब की लाश मिली। परिजनों ने लड़की और उसकी मां पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने नाजिया परवीन को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ चल रही है। मामला टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले का है।

**खोजते हुए प्रेमिका के घर परिजन पहुंचे:** मृतक के भाई मो.इरशाद ने बताया कि शदाब एयर कंडिशन का काम करता था और रोज शाम में ऑफिस आकर हिसाब करता था। उसके ऑफिस



के ठीक बगल में एक लड़की का घर है। दोनों के बीच 14 महीनों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसके कारण उसका लड़की के घर में बराबर उसका आना-जाना रहता था। रोज की तरह सोमवार सुबह भी वह घर से काम करने के लिए निकला था। देर रात होने पर जब वह घर नहीं लौटा तो हम उसे खोजते हुए ऑफिस आए। हमने देखा कि ऑफिस बंद है। तभी आसपास के लोगों ने कहा कि बगल के घर से मारने-पीटने की आवाज आ रही थी। परिजन घर में गए तो देखा कि युवक मृत पड़ा है। गर्दन पर निशान है।

**पुलिस को दी मामले की जानकारी:** सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय और अपर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई मो. इरशाद ने उसकी प्रेमिका नाजिया परवीन और उसकी मां सीमा परवीन पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक अपने 4 बहन और 6 भाई में 7वें स्थान पर था।

# सड़कों पर लग रही है ट्रकों की लंबी कतार

## भोजपुर में जाम की समस्या से मरीजों की चली जाती है जान, आरा से छपरा और पटना पहुंचना मुश्किल

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिला बालू खनन का एक बड़ा अड्डा माना जाता है। बड़े पैमाने पर बालू घाट पर खनन माफिया बालू की डील करते है, खनन कराते है और बालू का कारोबार करते है। इससे ट्रकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। बालू से सटे इलाकों में अत्यधिक ट्रकों की लंबी कतारें आपको दिख ही जायेगी। चाहे वो कोईलवर का इलाका हो, बबुरा का इलाका हो, सहार का इलाका हो या संदेश का इलाका हो। लेकिन ट्रकों की लंबी कतारों से ग्रामीणों को काफी समस्या झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों के लिए उनकी सबसे बड़ी समस्या जाम की है। कई घंटे ग्रामीण जाम का सामना करते है। बालू लदे ट्रक की वजह से सड़क भी जर्जर हो जाती है।

**'ट्रक चालकों से अवैध वसूली है वजह':** ऐसे में बबुरा के निवासी सरोज सिंह बताते है कि जाम की वजह से गांव में किसी की



तबीयत खराब होती है तो उसे इलाज के लिए ले जाने में दिक्कत होती है। मरीज को आरा या पटना ले जाने के लिए ग्रामीण तड़पड़ा कर रह जाते है। ऐसी स्थिति बनी हुई है कि कभी कभी तो मरीज जाम की वजह से रास्ते में ही दम तोड़ देता है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस एरिया में जाम का मुख्य कारण पुलिस द्वारा ट्रक चालकों से अवैध वसूली है। पुलिस रात में ट्रक चालकों से पैसा लेते है। इसके लिए एजेंट रखा गया है। एजेंट पैसा लेते है और पुलिस तक पहुंचाते है।

**जाम की वजह से प्रदूषण की समस्या:** वहीं ग्रामीण इस जाम को लेकर थानाप्रभारी को जिम्मेवार ठहराया है। ग्रामीणों का मानना है कि यह सारा काम थाना प्रभारी के अंडर हो रहा है। अब इससे बड़ी अराजकता क्या हो सकती है। वहीं सरोज सिंह बताते है कि जाम की वजह से प्रदूषण की समस्या भी एक गंभीर समस्या है। ट्रकों से निकलने वाली धुंआ और सड़क पर गिरी रेत की वजह से यहां बहुत प्रदूषण है। दम घुटने लगता है। इतना कुछ होने के बाद भी यहां कोई सुनवाई नहीं होती है। वहीं जाम को लेकर जब ट्रक चालक से पूछा गया तो उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। हालांकि अभी तक किसी ग्रामीण के द्वारा थाना प्रभारी या किसी पुलिसकर्मी को लेकर वरीय अधिकारी से शिकायत नहीं की गई है।

**क्या बोले SP:** वहीं भोजपुर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने बताया कि आरा-छपरा मार्ग पर जाम की सूचना मिली थी। वहीं छपरा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर छपरा जिलाधिकारी द्वारा परिचालन पर रोक लगाई गई थी। इस वजह से जाम हुई थी। अब इस समस्या पर समय दर समय अंकुश लगाया जा रहा है।

## चाचा-भतीजे की बेहरमी से पिटाई, ठेकेदार से बकाया पैसा मांगने गए थे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना इलाके के धमार गांव में बकाए पैसे के विवाद को लेकर चाचा-भतीजे की जमकर पिटाई की गई है। गंभीर रूप से घायल हुए चाचा-भतीजे को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मुफस्सिल थाना के धमार गांव निवासी स्व.केशो बिंद का 36 वर्षीय पुत्र लाल बहादुर बिंद एवं स्व.सुदामा बिंद का 30 वर्षीय पुत्र बुलेटन बिंद शामिल हैं। वे दोनों पेशे से राजमिस्त्री हैं।

**लोटे से किया वार:** इधर बुलेटन बिंद ने बताया कि वह वह उसके चाचा लाल बहादुर बिंद राजमिस्त्री हैं और गांव के ही एक ठेकेदार के साथ राजमिस्त्री का काम करते हैं। ठेकेदार के पास करीब एक वर्षों से उनकी मजदूरी के आठ हजार रुपया बकाया थे। जब भी वह उनसे अपना बकाया मांगते तो वह उसे टाल देते थे। जब वह अपना बकाया पैसा उनसे मांगने गया तो उसने उसके सिर पर लोटा से मार वार कर दिया। इससे उसका सिर



♦ बर्तन से सिर पर वार करने से हुआ घायल

फट गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जब अपने भतीजे को पिटता देख उसके चाचा लाल बहादुर बिंद उसे बचाने गए तो उसने उनके भी सिर पर लोटे से मार डाला। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## निर्दलीय प्रत्याशी आनंद मिश्रा ने सुशील मोदी को दी श्रद्धांजलि

निज संवाददाता। बक्सर

भाजपा के दिग्गज नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का निधन हो जाने पर राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर है। पूर्व आईपीएस आनन्द मिश्रा ने अपने कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया, जहां सुशील मोदी की तैल चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर आनन्द मिश्रा ने कहा कि अपने विचार परिवार के एक अभिभावक को हमने खोया है जो कि मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। इस समाचार ने मुझे व्यक्तिगत तौर पर मुझे अंदर तक हिला गया। उन्होंने कहा कि जीवन भर उन्होंने लोगों की सेवा की। उनका कौशल और प्रशासनिक क्षमता अभूतपूर्व थी। भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे, यही प्रार्थना है। सुशील मोदी के निधन पर बसपा प्रदेश प्रभारी सह बक्सर लोक सभा प्रत्यासी अनिल चौधरी ने भी शोक



प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के नाते राजनीतिक विवाद हमेशा रहा है। ये लोकतंत्र की परम्परा और एक सिस्टम है, लेकिन उनके निधन से दुखी हूं। क्योंकि सुशील मोदी का निधन बिहार के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। भाजपा के किसी नेता द्वारा इनकी स्थान को भरपाई करने वाली क्षमता नहीं है। बता दें कि देश के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी काफी दिनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। तभी से पार्टियों के अंदर शोक की लहर है। लोग भगवान से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

## अगिआंव उप चुनाव में JDU प्रत्याशी ने किया नामांकन

निज संवाददाता। आरा

अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव 1 जून को ही होने वाला है। जिसको लेकर मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के पूर्व अगिआंव विधायक प्रभुनाथ राम ने अगिआंव विधानसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद जिले के चरपोखरी में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री आरके सिंह भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने लालू जी से लेकर माले के नेताओं पर जमकर निशाना साधा। आरके सिंह ने प्रभूनाथ राम को वोट करने की अपील की।

♦ RK सिंह ने लालू यादव पर साधा निशाना, कहा- जिन्हें मुड़ी कटवा कहते थे, आज उन्हीं के साथ



**'हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए हैं यहां के विधायक':** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य क्या होगा। क्योंकि यह चुनाव प्रधानमंत्री तय करने का चुनाव है। यह चुनाव यह तय करेगा जिला का भविष्य क्या होगा। क्योंकि आपके सांसद का यह चुनाव है। इसके साथ ही यह चुनाव यह भी तय करेगा अगिआंव का भविष्य क्या होगा। क्योंकि यहां के विधायक का भी यह चुनाव है। वहीं आरके सिंह ने कहा कि अभी आपके जो विधायक थे, वो हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए हैं। इसलिए उनको विधायक पद से हटना पड़ा। जिस पार्टी से वो थे उसी पार्टी का उम्मीदवार हमारे उम्मीदवार के सामने है। सारी कहानी इसी में सिमट गई। उन्होंने कहा कि पहले जो विधायक थे वो हिंसक अपराध की वजह से आज जेल में है। माले क्या है आप लोगों को बताने की जरूरत है क्या। माले वो है जो अकारण हत्या करता है। माले वो है जो झूठा मुकदमा करवाता था और है। आज भी अगिआंव आते है तो वो विधायक झूठा मुकदमा करा दिया है। यह माले के नस नस में भरा हुआ है। दूसरी तरफ भाकपा माले पार्टी से लोकसभा सीट के उम्मीदवार सुदामा प्रसाद पर निशाना साधते हुए आरके सिंह ने कहा कि आज तक अपने क्षेत्र में विकास नहीं किए। माले वो है जब शाम होती थी तो घर से कोई निकलता नहीं था। हत्या फिरौती यहीं सब माले था। कैसे कोई माले को वोट कर देता है आज तक समझ में नहीं आया। माले ये है जो विकास का मतलब नहीं जानता है।

**'लालू यादव पर साधा निशाना':** वहीं आरके सिंह ने कहा कि लालू यादव जी खुद कहा करते थे माले मुड़ी कटवा पार्टी है। लेकिन आज उन्हीं लोगों के साथ आज राजनीति के लिए गठबंधन में है। लेकिन लालू यादव यहीं बोलते थे "ई सब मुड़ी कटवा है हवअ सन"। आरके सिंह ने कहा कि जितना विकास हमारी पार्टी ने किया है किसी ने नहीं किया। हम लोग हर गरीब को 5 किलो फ्री अनाज देते है। मक्का मकान हम लोगों ने दिया अगर कोई बचा है तो उसे भी जरूर मिलेगा। हमारी पार्टी हर गरीब के लिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा रही है। हम लोग आपस में लड़ाते नहीं आपस में जोड़ते है। हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास। अगर आप नहीं समझेंगे तो भविष्य उज्जवल नहीं होगा। भविष्य उज्जवल हो इसलिए आप लोगों को समझना होगा। उसी हिसाब से वोट करना होगा। जहां पर अशांति होगी, हत्या होगा, वहां पर विकास नहीं होगा। ऐसे लठबंधन को मत जिताइए जिसमें हत्यारे लोग है। वहीं खुले मंच से चुनौती देते हुए आरके सिंह ने कहा कि अगर आरा लोकसभा क्षेत्र में कोई सांसद मेरे जितना विकास किया होगा तो आप मुझे वोट मत दीजिएगा। लेकिन मेरे जितना विकास किसी सांसद से में नहीं किया है।

# दुर्लभ स्टैंप्स, सिक्के, पेन की दिखेगी प्रदर्शनी:श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में बिहार-झारखंड से आएंगे संग्रहक

निज संवाददाता




**पटना**। 18 मई को इंटरनेशनल म्यूजियम डे मनाया जाएगा। इसे लेकर राजधानी पटना में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में दुर्लभ वस्तुओं की एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में दुर्लभ स्टैंप्स, सिक्के, पेन आदि चीजें गैलरी में देखने को मिलेंगी, इसको प्रदर्शित करने के लिए बिहार और झारखंड के प्रचलित संग्रहक भाग ले रहे हैं। इस प्रदर्शनी के अलावा एक ओपन हाउस क्विज भी आयोजित की जाएगी जिसका विषय 'म्यूजियम फॉर एजुकेशनल एंड रिसर्च' होगा। इसमें कक्षा 8वीं से 12वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में एक लोकप्रिय विज्ञान व्याख्यान भी आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान, पटना के डॉ. सुजीत नयन 'म्यूजियम फॉर सोसाइटी' पर व्याख्यान देंगे। यहां एएसआई का भी एक स्टॉल रहेगा। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र के शिक्षा सहायक मोहम्मद आफताब हुसैन ने बताया कि कलेक्टर अमरेंद्र कुमार सिक्कों की प्रदर्शनी लगाएंगे, ललित कुमार मिश्रा टिकट पर कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। जबकि यूसुफ मंजूर पेन पर एक कलेक्शन प्रदर्शित करेंगे। यह प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक चलेगी। स्कूली बच्चों को लेकर खास छूट दी जाएगी। विद्यालय की तरफ से प्रदर्शनी देखने के लिए लाए जाने वाले बच्चों की एंट्री फ्री है।

## स्मार्ट मीटर लगाने का जमकर विरोध

निज संवाददाता

**पटना**। खुसरूपुर प्रखंड के कटौना गांव में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचने कर्मियों को लोगों का विरोध का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग के कर्मियों ने लोगों को समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन किसी ने बात नहीं मानी। विरोध के बीच गांव में बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। कटौना-फोरलेन सड़क मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए आए थे। हमलोगों का कहना था कि पहले बाजार या अन्य गांवों में



काम शुरू कीजिए, उसके बाद यहां लगाइएगा। इतना बोलने पर गांव में बिजली की सप्लाई रोक दी। मजबूरन सड़क जाम करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलते ही खुसरूपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन किसी ने बात नहीं मानी। इसके बाद थानाध्यक्ष ने साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों से बात की। उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। करीब 2 घंटे तक सड़क जाम रहने से यात्रियों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, डिलीवरी से पहले पुलिस ने पकड़ा



निज संवाददाता

**पटना**। नदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। 189 पीस केन बीयर, 105 बोतल देसी और 14 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान जेठूली गांव निवासी आनंद राय के पुत्र मनीष कुमार के तौर पर हुई। जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी राजू कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम रेडियो स्टेशन क्षेत्र में गश्त पर थी। इस बीच सूचना मिली कि चेन पुलिंग कर तस्करों ने ट्रेन से भारी मात्रा में शराब उतारा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेडियो स्टेशन के सामने रेलवे लाइन के पास से तस्कर को पकड़ा। जिसके पास कई बैग थे। तलाशी के दौरान बैग से विभिन्न ब्रांड की कई बोतलें मिली। आरोपी मनीष जेठूली गांव के आसपास शराब बेचता है। जिसके खिलाफ केस दर्जकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पी.के. और पारस ने मैदान में नहीं उतारा एक भी कैंडिडेट

- जिनके प्रत्याशी कई लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव मैदान में उतरे हैं पर उनके पास एक भी स्टार प्रचारक नहीं हैं। यही नहीं, वैसी भी राजनीतिक पार्टियां हैं जिनको बिहार में सिंबल तो मिल गया पर न तो उनके उम्मीदवार हैं और न ही स्टार प्रचारक।





निज संवाददाता

**पटना**। 18वीं लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के अजब-गजब कारनामे भी दिख रहे हैं। 14 मई को सातवें एवं अंतिम चरण के लिए नामांकन का दौर समाप्त हो गया। इसके साथ ही इस चुनाव मैदान में वैसे राजनीतिक दल भी सामने आए हैं, जिनके एक भी प्रत्याशी नहीं हैं पर स्टार प्रचारकों की लंबी फेहरिस्त चुनाव आयोग को सौंप दी गई है। दिलचस्प यह है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर चार सांसद तक बेटिकट हो चुके हैं, फिर भी पार्टी के स्टार प्रचारक उड़ान भर रहे हैं। दूसरी ओर वैसे राजनीतिक दल हैं, जिनके प्रत्याशी कई लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव मैदान में उतरे हैं पर उनके पास एक भी स्टार प्रचारक नहीं हैं। यही नहीं, वैसी भी राजनीतिक पार्टियां हैं जिनको बिहार में सिंबल तो मिल गया पर न तो उनके उम्मीदवार हैं और न ही स्टार प्रचारक। दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव में बिना कैंडिडेट के स्टार प्रचारकों की सूची जारी करने वाले राजनीतिक दल में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी है। इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का एक भी प्रत्याशी 40 लोकसभा क्षेत्रों में कहीं पर भी नहीं लड़ रहा है। कैंडिडेट नहीं होने के बाद भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी थी। आयोग ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सभी 40 स्टार प्रचारकों को सात चरणों में चुनाव प्रचार करने की अनुमति दे दी है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख स्टार प्रचारकों में पशुपति कुमार पारस, सूरजनभान सिंह, अनिल चौधरी, प्रिंस राज, चंदन सिंह, भूषण कुमार ,वीरेश्वर सिंह, रामजी सिंह, एल्विन जोसेफ, श्रवण कुमार अग्रवाल सहित अन्य नेताओं के नाम सम्मिलित हैं। दूसरी ओर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज है। इस पार्टी को भी बिहार के सभी 40 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों के लिए सिंबल मिल था। पर, इस पार्टी के न तो एक भी प्रत्याशी मैदान में हैं और नहीं उसके स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है। बिना प्रत्याशी वाले पार्टियों में जन जनवादी पार्टी है, जिसके स्टार प्रचारकों को सभी सात चरणों में चुनाव प्रचार करने की अनुमति मिल गई है। रोचक तथ्य यह है कि लोकसभा चुनाव में ऐसी राजनीतिक पार्टियां भी हैं जिनके प्रत्याशी तो विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के मैदान में हैं पर उनके कोई भी स्टार प्रचारक नहीं हैं। ऐसे में दलों में अखिल भारतीय परिवार पार्टी, दी अग्रणी पार्टी, वज्जिकांचल विकास पार्टी, वाजिब अधिकार पार्टी, भारत जागो जनता पार्टी, अखिल हिंद फारवर्ड ब्लॉक, भारतीय दलित पार्टी, लोकसेवा दल, जनतंत्र आवाज पार्टी, द नेशनल रोडमैप पार्टी ऑफ इंडिया सहित दर्जनों दल हैं, जिनके कैंडिडेट होते हुए भी स्टार प्रचारकों की सूची जारी नहीं की गई है।

# आज 2 घंटे कटेगी बिजली, महावीर नगर, माधव मार्केट समेत कई इलाकों में सप्लाई रहेगी बाधित

- मेंटेनेंस कार्य खत्म होने के बाद बिजली की आपूर्ति सूचारू रूप से चालू कर दी जाएगी।



निज संवाददाता

**पटना**। पटना में बिजली विभाग की ओर से लगातार मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को महावीर नगर, माधव मार्केट, 90 फीट, मलाही पकड़ी, राजेन्द्र नगर पुल, कंकड़बाग मेन रेड इलाके में 2 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। मेंटेनेंस कार्य खत्म होने के बाद बिजली की आपूर्ति सूचारू रूप से चालू कर दी जाएगी। मेट्रो निर्माण कार्य और एलटी केबल बदलने को लेकर 11KV इंदिरा नगर फीडर से सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके चलते महावीर नगर, माधव मार्केट, 90 फीट, मलाही पकड़ी इलाके में बिजली कटेगी। इसके अलावा 11KV कंकड़बाग में केबल चार्जिंग शिफ्टिंग को लेकर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इस वजह से राजेन्द्र नगर पुल, कंकड़बाग मेन रोड इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। 90 फीट मलाही पकड़ी इलाके में मेट्रो निर्माण और केबल शिफ्टिंग को लेकर सुबह 8 बजे 12 बजे तक सप्लाई बंद थी। योगीपुर 11KV फीडर में मेंटेनेंस को लेकर भाभा कॉलोनी, महादेव मार्केट, महावीर नगर इलाके में बिजली कटी थी। हनुमान नगर 11KV फीडर में मेंटेनेंस के कारण इंदिरा नगर, आदित्य विजन, पुलिस लाइन इलाके में सप्लाई बाधित रही। RBI पावर सब स्टेशन अंतर्गत चाईं टोला, मछिया टोली, दलदली इलाके में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक सप्लाई बंद था। आनंद बाजार पावर सब स्टेशन अंतर्गत सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक मुबारक पुर, हाथीखाना मोड़, आनंद बाजार इलाके में बिजली की सप्लाई बंद किया गया था।

## नेवी जवान के गले से चेन खींच कर भाग रहे बदमाशों को पीटा

**पटना (नि.सं.)**। जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान दो बदमाशों ने इंडियन नेवी के जवान अभिषेक कुमार यादव की चेन खींच ली और भागने लगे। अभिषेक और अन्य यात्रियों ने बदमाशों मुन्ना कुमार और निपेंद्र कुमार को पकड़ लिया। दोनों को जमकर पीटा। मुन्ना के पास से अभिषेक की चेन बरामद की गई। मुन्ना नालंदा के अंगारी औरनिपेंद्र पश्चिमी चंपारण के गौनाहा का है। दोनों को जीआरपी के हवाले कर दिया। अभिषेक छपरा के डोरीगंज के रहने वाले हैं। उधर, कोडरमा के झंडा चौक की रहने वाली संगीता शर्मा के लाखों के गहने की चोरी ट्रेन में हो गई। संगीता ने राजेंद्रनगर स्टेशन जीआरपी में केस दर्ज कराया। बेगूसराय के विजय कुमार की पत्नी गुड़िया देवी का पर्स चोरों ने विक्रमशीला एक्सप्रेस से हाथीदह में चोरी कर ली।

## पीयू: अंग्रेजी विभाग में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर प्रतियोगिता

**पटना**। विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में बुधवार को भाषण प्रतियोगिता हुई। विषय था अंग्रेज़ी साहित्य में परिवार का महत्व। विभागाध्यक्ष प्रो. अर्जुन कुमार ने परिवार का महत्व स्थापित करते हुए वर्तमान में साहित्य किस प्रकार से समाज और परिवार की बेहतरी के लिए काम कर सकता है, इस पर चर्चा की। प्रो. स्तुति प्रसाद ने बताया कि कैसे पहले परिवारों के साथ रहने से बच्चे कई सारी चीज़ें सीखते थे। उनमें संस्कृति और परंपरा का विकास होता था।

# मुखिया पति ने किसान को मारी गोली, जख्मी

निज संवाददाता



**पटना**। जिले के पालीगंज अनुमंडल में मुखिया पति और बेटे ने एक किसान को गोली मारकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए जख्मी को उठाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घटना पालीगंज थाना क्षेत्र के परियों गांव की है। मंगलवार की देर रात आपसी विवाद में एक किसान को गांव के ही मुखिया पति और उसके बेटे ने गोली मार दी। जख्मी की पहचान परियों गांव निवासी स्व. देवनंदन सिंह का पुत्र राजेश्वर सिंह 55 वर्ष के रूप में किया गया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार के लोग डरे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक परियों गांव निवासी राजेश्वर सिंह मंगलवार की देर शाम खेत से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच गांव के ही मुखिया आशा देवी के पति सत्येंद्र रजक उनके बेटे टुनटुन रजक व अन्य दीपक रजक ने उनहे रोक लिया और गोली मार दी। घटना के बाद सभी फरार हो गए। इसी घटना की जानकारी होते हीं परिजन व ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें पीएचसी पालीगंज लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। पीड़ित राजेश्वर सिंह ने बताया कि उनका मधवां पंचायत के मुखिया व परियों का निवासी आशा देवी के पति से पूर्व से जमीनी विवाद चल रहा था। मंगलवार की देर शाम वह खेत से लौटते हुए हाई स्कूल के पास पहुंचे ही थे कि मुखिया पति और उनके दोनो बेटों ने उन्हें घेर कर गोली मार दिया। डॉक्टरो ने बताया कि खून बहुत ज्यादा निकल रहा है। इस कारण पता नहीं चल पा रहा है गोली लगी है या चाकू लगा है। गहन परीक्षण के बाद ही पता चल सकेगा। बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है।

# निजी स्कूलों में 11वीं में एडमिशन की तैयारी शुरू

निज संवाददाता



**पटना**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद ने 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसके बाद से पटना के निजी स्कूलों ने 11वीं में एडमिशन की तैयारी शुरू कर दी है। कई स्कूलों ने स्टूडेंट्स के चयन के लिए कटऑफ सूची जारी कर दी है। दूसरी ओर कुछ स्कूल प्रवेश परीक्षा, अंकों और इंटरव्यू के आधार पर ही छात्रों का चयन करेंगे। लोयोला हाई स्कूल में एडमिशन फॉर्म 17 मई तक भरा जा सकता है। प्रवेश परीक्षा 19 मई को आयोजित की जाएगी। इंटरव्यू 20 और 21 मई को होगा। सीबीएसई छात्रों के लिए, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हाई स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश फॉर्म 10 दिनों के भीतर स्कूल कार्यालय में उपलब्ध होगा। दसवीं कक्षा के रिपोर्ट कार्ड की एक कॉपी के साथ भरा हुआ फॉर्म जमा करना होगा। डीएवी बीएसईबी में 80 फीसदी से कम अंक लाने वाले छात्रों को विज्ञान संकाय में दाखिला मिलना मुश्किल होगा। स्कूल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि मैथ्स स्ट्रीम में एडमिशन के लिए स्टूडेंट का 80%, बायोलॉजी में एडमिशन के लिए 75%, कॉमर्स में एडमिशन के लिए 75% और आर्ट्स में एडमिशन के लिए 75% अंक बोर्ड एग्जाम में होने चाहिए। अन्य विद्यार्थियों के लिए एडमिशन टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। एंट्रेंस टेस्ट के लिए एडमिशन फॉर्म 22 मई तक मिलेंगे। एंट्रेंस टेस्ट 25 मई को आयोजित की जाएगी, रिजल्ट 27 मई को आएंगे और एडमिशन 28 मई से 4 जून तक होगा। सेंट कैरेन हाई स्कूल ने ग्यारहवीं कक्षा में एडमिशन के लिए अपना पोर्टल पहले ही खोल दिया है। विभिन्न स्ट्रीम के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा जारी कटऑफ अंक क्राइटेरिया को पूरा करने वालों को डायरेक्ट एडमिशन दिया जाएगा। इसके अलावा लोयोला, संत कैरेंस, संत डोमेनिक हाइस्कूल और डीएवी की ओर से भी इसी सप्ताह 11वीं में एडमिशन के लिए ऑनलाइन फॉर्म जारी किया जाएगा।

## अवसाने नदी पर बनेगा नया जलाशय

**पटना (नि.सं.)**। दक्षिण बिहार को सूखे से बचाने के लिए वहां नए जलाशय बनेंगे। जल संसाधन विभाग ने इसकी व्यापक कार्ययोजना बनायी है। इसी के तहत अवसाने नदी पर नया जलाशय बनाने का निर्णय लिया गया है। इससे रोहतास जिले के किसानों को सिंचाई के लिए तो पर्याप्त पानी मिलेगा। आसपास के बड़े इलाके में पानी की जरूरतें भी पूरी होगी। जल संसाधन विभाग ने संबंधित आला अधिकारियों को इस जलाशय के निर्माण को लेकर डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है, इसमें इस जलाशय को लेकर इसकी विस्तृत जानकारी तैयार की जाएगी। सिंचाई हो सकेगी और यह कितने क्षेत्र की पानी की जरूरतों को पूरा कर सकेगा।

## शिक्षा विभाग का ऑफिशियल एक्स अकाउंट हुआ रिकवर

निज संवाददाता




शिक्षा विभाग की ऑफिशियल एक्स अकाउंट को रिकवर कर लिया गया है। हैकर्स ने अकाउंट का नाम बदलकर कर दिया था। साथ ही कवर इमेज और प्रोफाइल इमेज को भी बदल दिया था। सूचना मिलने के बाद अकाउंट हैकिंग के इस मामले को आइटी प्रबंधक देख रहे थे। हालांकि, अकाउंट को रिकवर करने में चार घंटे का समय लग गया। अब हैकरों की पहचान की जा रही है। एक प्रकार की डिजिटल क्रिप्टोकरेंसी है, जो पियर टू पियर लेन देन, माइनिंग एवं अन्य तकनीकी खूबियों का प्रयोग करके बना है। का पहले से भी एक वेरिफाइड एक्स अकाउंट है। जिसको 134 K लोगो ने फॉलो कर के रखा है। इससे पहले 2019 में भी साइबर अपराधियों ने शिक्षा विभाग की वेबसाइट को हैक कर आपत्तिजनक बातें लिखी थी। वेबसाइट खोलने पर लिखा मिल रहा था। वेबसाइट पर शिक्षा विभाग से जुड़ी संबंधित जानकारियां गायब थी। हालांकि शाम तक वेबसाइट को ठीक कर लिया गया था।

# पूमरे में जारी है सघन टिकट जांच अभियान

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है और इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है ताकि उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। ऐसे यात्रियों के कारण एक ओर जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर रेल राजस्व की भी हानि होती है। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर स्टेषन एवं ट्रेनों में विषेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के फलस्वरूप चालू वित्त वर्ष के 14 मई अर्थात 01 अप्रैल से 14 मई, 2024 तक अनियमित यात्रा के कुल 04 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। जांच अभियान के दौरान दानापुर मंडल में लगभग 01 लाख 23 हजार लोगों को बिना टिकट/उचित प्राधिकार के पकड़ा गया जिनसे दंडस्वरूप लगभग 07.67 करोड़ रूपए रेल राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ। इसी तरह सोनपुर मंडल में 01 लाख 12 हजार लोगों से 07.32 करोड़ रूपए, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 86 हजार 500 लोगों से 5.45 करोड़ रूपए दंडस्वरूप प्राप्त हुए। जबकि समस्तीपुर मंडल में 01 लाख से अधिक लोगों को बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिसने 7.46 करोड रूपए तथा धनबाद मंडल में 65 हजार से अधिक लोगों से 3.69 करोड़ की राषि रेल राजस्व के रूप में प्राप्त हुई। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी।

## दीघा श्मशान घाट के पास 2 युवकों का शव मिला

**पटना (नि.सं.)**। दीघा श्मशान घाट स्थित पुल के पास 2 अज्ञात युवकों का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है। दीघा थानेदार ने इसकी पुष्टि की है। शिनाख्त की कोशिश जारी है। डेड बॉडी पर कहीं चोट के निशान नहीं है। घटनास्थल के आसपास भी कुछ नहीं मिला है। ये हत्या है या आत्महत्या पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। दोनों मृतक की पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। क्या किसी ने हत्या के बाद शव को यहां फेंक दिया या मामला कुछ और है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर छानबीन कर रही है। बता दें, दीघा इलाके में छह माह पहले अलग-अलग दिन दो अज्ञात युवकों का शव मिला था। जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

# पीएमसीएच से चोरी हुआ नवजात बरामद, गिरफ्तार

निज संवाददाता



**पटना**। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच से चोरी हुआ नवजात करीब 24 घंटे बाद बरामद हो गया है। आरोपी महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले नवजात के परिजन एसएसपी सह डीआईजी राजीव मिश्रा से मुलाकात की और न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस ने बताया कि चोरी के बाद बच्चे को राजपुल के मैनपुरा में एक किराए के मकान में रखा गया था। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी महिला की पहचान की गई। इसके बाद क्यूआरटी के सहयोग से छापेमारी कर बच्चे को बरामद किया गया। बच्चे की बरामदगी में क्यूआरटी टीम के कर्मी तनेश पायल, रंजीत कुमार सिंह और चंदन कुमार की अहम भूमिका रही है। नवजात के पिता शिव पूजन कुमार ने आरोप लगाया था कि पीएमसीएच में गार्ड और कर्मियों की लापरवाही से मेरा बच्चा चोरी हुआ है। बच्चे का जन्म 4 मई को हुआ था। बगल वाले बेड पर लड़की थी, लेकिन महिला उसको नहीं लेकर गई। मेरे बेटे को लेकर चली गई। पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब है, जिससे वह आईसीयू में भर्ती है। शिव पूजन ने रोते-बिलखते हुए कहा था कि परिवार के पूरे सदस्य सदमे में हैं और खाना छोड़ दिया है। वहीं, टाउन डीएसपी ने अशोक सिंह ने कहा था कि इस मामले में अधिक लापरवाही पीएमसीएच प्रसूति विभाग के कर्मियों और गार्ड की है। उनसे भी अनुसंधान के दौरान पूछताछ की जाएगी। बता दें, मंगलवार 14 मई को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के प्रसूति वार्ड से महिला चोर नवजात बच्चे को चोरी कर आसानी से फरार हो गई थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। परिजनों के मुताबिक, हाजीपुर की रहने वाली सिंधु कुमारी को 4 मई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बड़े ऑपरेशन से बच्चे का जन्म हुआ था। मां की स्थिति गंभीर होने के कारण ICU में भर्ती कराया गया। नवजात की देखरेख नानी कर रही थी। इस बीच एक अनजान महिला वहां पहुंची। उसने पहले जान-पहचान की। फिर पपीता खाने को पूछा। मना करने पर वहीं पास में बैठ गई। फोन पर बात करने का बहाना बनाकर बच्चे को लेकर भाग गई। सीसीटीवी वीडियो में दिख रहा है कि महिला चोर पहले बच्चे के पास बैठती है। फिर बच्चे को अपने गोद में लेकर खिलाती है। थोड़ी देर में बच्चे को गोद में लेकर खड़ा हो जाती है और धीरे-धीरे आगे बढ़ती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाजार गई इंटर की छात्रा लापता, रिपोर्ट दर्ज

**घोघा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से इंटर की छात्रा लापता हो गई है। मामले में छात्रा के पिता ने मंगलवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि 8 मई को बेटी किसी काम से घर से बाजार गई थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटी तो हमने खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। उन्होंने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

### पीरपैंती के टोपरा टोला में शक्ति महायज्ञ शुरू

**पीरपैंती।** प्रखंड के टोपरा टोला में बाल संत त्यागी महाराज के तत्वाधान में नौ कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन तथा आरणि मंथन के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। यज्ञाचार्य पंडित पिंटू द्विवेदी की अगुवाई में वैदिक विद्वानों ने हवन पूजन करवाया। यज्ञ प्रारंभ होते ही मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने यज्ञ परिसर में स्थापित देवताओं की प्रतिमा की पूजा की। शाम में महाआरती में भी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ को लेकर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। त्यागी महाराज ने बताया कि बुधवार से रामभूषण महाराज रामकथा सुनाएंगे।

### सुसाइड मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**भागलपुर।** भागलपुर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार खुदकुशी मामले को लेकर पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। विश्विद्यालय थाना क्षेत्र के कंपनीबाग स्थित आंबेडकर आवासीय विद्यालय में आठवीं के छात्र अकलेश का शव क्लास रूम में लटका मिला था। वहीं रविवार के दिन गोला घाट के रहने वाले किराना दुकानदार विकास कुमार साह अपने किचन में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली थी। हबीबपुर थाना क्षेत्र के करोड़ी बाजार के मोअजम का शव उसके कमरे से लटका मिला था। हालांकि तीनों सुसाइड मामले में परिजनों के फर्द बयान पर पुलिस यूडी केस दर्ज किया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### व्हाट्सएप हैक कर ठग ने मांगा कर्ज

**भागलपुर।** साइबर ठग ने जिले के शाहकुंड निवासी राधा मुकुंद का व्हाट्सएप हैक कर उनके परिचित नंबर पर पैसा की मांग की। इसकी भनक लगते पीड़ित मुकुंद ने साइबर थाने में शिकायत की। साइबर थाना पुलिस ने इसकी शिकायत पर परेशानी को दूर किया। मुकुंद कुमार ने बताया कि उनका व्हाट्सएप हैक कर उनके व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल लोगों को मैसेज कर आरोपी पैसे की मांग कर रहा था। इन परेशानियों को खत्म करने के बाद मुकुंद ने पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।

### स्नातक में नामांकन के लिए आवेदन अब 21 तक

**भागलपुर।** टीएमबीयू ने स्नातक के सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए आवेदन करने की तिथि 16 से बढ़ाकर 21 मई तक कर दी है। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार ने इसकी सूचना जारी की है। बताया गया कि सीबीएसई के एक दिन पहले जारी हुए रिजल्ट को देखते हुए उस बोर्ड के छात्रों को आवेदन करने का मौका देने के लिए यह बदलाव किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के तहत अब प्रथम मेधा सूची का प्रकाशन 27 मई को होगा। नामांकन 27 से 1 जून तक होगा। दूसरी मेधा सूची का प्रकाशन 6 जून को होगा और नामांकन 7 से 10 जून तक होगा। तृतीय मेधा सूची का प्रकाशन 13 जून को किया और नामांकन 14 जून से 18 जून तक होगा। ऑन स्पॉट और कोटा सीट से नामांकन 19 एल से 28 जून तक होगा। उधर, टीएमबीयू में पीजी की परीक्षाएं 17 केन्द्रों पर होंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार झा ने बताया कि पीजी के सेमेस्टर तीन (सत्र 2022-24) और सेमेस्टर एक (सत्र 2023-25) की परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र तय कर दिए गए हैं। 14 पीजी विभागों सहित टीएनबी कॉलेज, दिनकर हॉल और विवि बहुद्देशीय प्रशाल को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### जुलाई से डोर-टू-डोर पीएनजी सेवा, प्रथम चरण में 1250 घरों में पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति

**मुंगेर।** पीएनजी की सप्लाई जुलाई माह से घरों में शुरू होगी। आईओसीएल कंपनी ने मुंगेर और जमालपुर के शहरी इलाकों में जल्द ही मेट्रो सिटी की तर्ज पर घर-घर पीएनजी गैस आपूर्ति शुरू करेगी। कंपनी के सहायक प्रबंधक कुशाग्र पांडे ने बताया कि मुंगेर व जमालपुर में करीब 1250 घरों में आपूर्ति का कार्य अंतिम चरण में और उम्मीद है कि सभी 1250 घरों में पीएनजी गैस की आपूर्ति होगी। मुंगेर व जमालपुर शहर मिलाकर कुल 350 किलोमीटर मुख्य सड़क व गलियों में गैस पाइप लाइन बिछायी जानी है। पहले चरण में मुंगेर नगर निगम के 6 वार्ड वार्ड जमालपुर नगर परिषद के 4-5 वार्ड में जनवरी 2024 तक घर-घर गैस आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद मुंगेर नगर निगम और जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में पीएनजी गैस आपूर्ति का लक्ष्य है। मुंगेर शहर में करीब 28,000 और जमालपुर शहर में करीब 11,000 घरों में पीएनजी कनेक्शन दिए जाने की योजना है। पीएनजी एलपीजी से 25% तक है सस्ता सहायक प्रबंधक ने बताया कि पीएनजी यानी गैस नेचुरल रहने के साथ एलपीजी सिलेंडर से लगभग 25% सस्ता होगा। 1 यूनिट पीएनजी गैस की कीमत 51 रुपए है। 16 यूनिट पीएनजी गैस एलपीजी के 14.5 किलो के एक सिलेंडर के बराबर होता है। इसप्रकार पीएनजी के 16 यूनिट की कीमत 810 रुपए होती है, वहीं एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1200 रुपए पड़ता है।

### तमिलनाडु निवासी मजदूर की हार्ट अटैक से मौत

**भागलपुर।** अलीगंज बागबाड़ी में एक मजदूर की मौत हार्ट अटैक से हो गई। मृतक सुंदर राज (40) तमिलनाडु के मदुरई जिले के ऊसराम भट्ठी का रहने वाला था। इलाके के रोहित कुमार ने बताया कि वह अलीगंज के बागबाड़ी में नमकीन और सोन पापड़ी बनाने का काम करता है। 15 दिन पहले सुंदर भागलपुर आया था। मंगलवार की रात 8 से 9 के बीच में एकाएक उसे हार्ट अटैक आया। इसके बाद उसके कान से खून बहने लगा। उसे मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई।

### 29वीं बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई करने से खुशी

**मुंगेर।** कामी रीता शेरपा ने 29वीं बार दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्हें एवरेस्ट मैन के नाम से जाना जाता है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि पर्वतारोही 54 वर्षीय कामी रीता ने इससे पहले पिछले साल एक ही सीजन में दो बार एवरेस्ट फतह किया था। उन्होंने 1994 में पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। वह सेवन समिट ट्रैक्स द्वारा आयोजित एक अभियान का मार्गदर्शन करते हुए एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचे। 12 मई 2024 को माउंट एवरेस्ट की 29वीं सफल चढ़ाई के लिए खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

### आपसी रंजिश में मारपीट तीन लोगों पर प्राथमिकी

**हवेली खड़गपुर।** खड़गपुर थाना क्षेत्र के रतैठा गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष की ओर से प्रदीप सिंह द्वारा खड़गपुर थाना में आवेदन देकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आपसी रंजिश के चलते हुए मारपीट में रतैठा गांव निवासी प्रदीप सिंह ने थाना में आवेदन देकर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रशांत कुमार, सुनीता देवी तथा प्रकाश सिंह को नामजद किया है।

### 18 तक ले सकते हैं यूजी सेमेस्टर-2 में नामांकन

**मुंगेर।** सीबीसीएसएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक सेमेस्टर-2, सत्र 2023-27 में नामांकन के लिए 18 मई तक तिथि निर्धारित की गई है। हालांकि तिथि को विस्तारित किया गया है। इसके पूर्व निर्धारित अवधि तक कतिपय छात्र-छात्राएं नामांकन लेने से वंचित रह गए थे। लिहाजा एक बार फिर तिथि को विस्तारित किया गया है। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राएं नामांकन शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा कर रसीद डाउनलोड करेंगी। दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। एससी, एसटी तथा सभी वर्ग की छात्राओं को शून्य भुगतान कर रसीद अवश्य प्राप्त करेंगी। 18 मई के बाद नामांकन का मौका नहीं दिया जाएगा।

# जिला स्तरीय टीम ने पीरपैंती रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण





निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर। पीरपैंती रेफरल अस्पताल को जिला स्तरीय टीम ने मंगलवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल के कई विभागों को बारीकियां से देखा। GOI की टीम डॉ छवि पंथ जोशी, जॉइंट डायरेक्टर गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया डॉ. राजश्री डॉ मानिक के द्वारा जिला स्तर के पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में प्रथम तिमाही के भीतर एएनसी पंजीकरण, संस्थागत प्रसव, कम जन्म वाले बच्चे, एनक्यूएएस, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, टीबी कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। जिसमें पुर्व से काफी सुधार प्रतित हुआ है। सभी संतोषजनक पाया गया। साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर प्यालापुर का भी निरीक्षण किया गया। वहाँ भी सभी अस्पिरेशनल ब्लॉक इंडिकेटर भी संतोषजनक पाया गया।

**ये रहे मौजूदः** वहीं डॉ. सुकेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं श्री प्रणव कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक के अध्यक्षता में अस्पताल एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया गया मौके पर मौजुद समीर भदोरिया, मोबिन अहमद, राज आनंद, नंदकिशोर पासवान, त्रिपुरारी कुमार, मो फिरोज, गौतम ज्ञानी, सुनिल कुमार, गीता कुमारी, मंजु कुमारी, बंदना कमारी, अताउर रहमान, खुशबू कुमारी, सीता कुमारी, पिंकी कुमारी, इत्यादी मौजुद थे।

## चुनाव ड्यूटी के दौरान मृतक शिक्षक के पार्थिव शरीर पर की पुष्पांजलि



निज संवाददाता। टेटिया बंबर

प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय छोटकी खड़ूई के प्रधानाध्यापक जगतपुरा निवासी ओंकार चौधरी की सोमवार को चुनाव ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। जिसका पोस्टमार्टम सोमवार को ही कर दी गई थी एवं मृतक शिक्षक की पार्थिव शरीर उनके आवास जगतपुरा भेजा गया था। जहां मंगलवार को डीएम अवनीश कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रौशन, बीडीओ विनोद कुमार प्रसाद अंचल अधिकारी सिमरन आजाद, राजस्व पदाधिकारी विकास कुमार उनके आवास पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी शव यात्रा निकल चुकी थी। जिसे प्रखंड क्षेत्र के राजा रानी तालाब के समीप पर रोका गया। जहां पहुंचकर एसडीओ ने दिवंगत शिक्षक के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं उनके आवास पर शिक्षक की पत्नी सरपंच रीना देवी एवं उनके तीन पुत्री तथा एक पुत्र को सांत्वना दी तथा कहा कि निर्वाचन आयोग एवं सरकार के द्वारा चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर जो सहायता राशि दी जाती है। वह उन्हें जल्द मुहैया कराया जाएगा। साथ ही उनके दुख की घड़ी में उनके साथ पूरा जिला प्रशासन है। मौके पर शिक्षक अमरकांत पटेल, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। मुंगेर लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## सेंट जेवियर स्कूल के छात्रों ने जाना- कैसे छपता है अखबार



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर| सेंट जेवियर स्कूल के आठवीं, नवमीं और दसवीं क्लास के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को दैनिक भास्कर कार्यालय का भ्रमण किया। बच्चों ने समाचार पत्र के विभिन्न डिपार्टमेंट के फंक्शन को करीब से जाना। प्रोडक्शन हेड अच्युतानंद रामदास ने छात्रों को प्लेट मेकिंग, प्रिंटिंग, कलर, सर्कुलेशन, विज्ञापन, आईटी, फाइनेंस, न्यूज प्रिंट के बारे में बताया। बच्चों ने जाना कि न्यूज कैसे आता है और उसका चयन कैसे होता है। बच्चों ने कहा कि सिनेमा में अखबार छपते देखा था और आज सचमुच देख रहे हैं। स्कूल के निदेशक अरविन्द सिंह ने कहा कि दैनिक भास्कर अखबार ने बच्चों को अखबारी दुनिया को समझने का मौका दिया। प्रिंसिपल सुभाष रामदास ने कहा कि ने कहा कि अखबार बच्चों के ज्ञान को निखारने का काम करती है। मौके पर वाइस प्रिंसपल मंजू सिंह, शिक्षक पंकज कुमार, अनिकेत कुमार, विनीत सिंह, निशांत कुमार, लाडली कुमारी, शिवानी यादव मौजूद थी।

## गंगा में नहाते वक्त 7 साल की बच्ची डूबी, मौत, मुंगेर में एसडीआरएफ की टीम ने खोजी लाश

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में बुधवार की दोपहर गंगा नदी में नहाने के दौरान 7 वर्षीय बच्ची डूब गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। दूसरी ओर एनडीआरएफ और गोताखोर द्वारा गंगा में डूबी बच्ची की तलाश के बाद लाश मिल गई है। घटना कासिम बाजार थाना क्षेत्र के भेलवा घाट की है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की दोपहर कासिम बाजार थाना क्षेत्र के भेलवा गंगा घाट में स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण 7 वर्षीय बच्ची डूब गई। जब गंगा में स्नान कर रहे बच्चों ने शोर मचाया तो लोगों ने गंगा में डूबी बच्ची की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है, जिसके बाद ग्रामीणों ने बचाव राहत दल की टीम को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची बचाव राहत दल की टीम बच्ची की खोजबीन कर रही है। बताया जाता है कि रागिनी कुमारी अपने पिता बबलू मंडल के साथ कुछ चार दिन पहले अपने फूफा दिनेश महतो के घर आयी थी और दोपहर में आसपास के बच्चों के साथ गंगा में स्नान करने के गई थी। नहाते वक्त वह गहराई में चली गयी जिससे वह डूब गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर गोताखोर और एसडीआरएफ टीम को भेजा गया है। गोताखोर द्वारा जाल लगाकर और खुद गोताखोर उसे खोजने में लगी है। बच्ची की लाश मिलने के बाद घर में कोहराम मचा है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कासिम बाजार थानाध्यक्ष ध्रुव कुमार सहित सभी पुलिस टीम घटना स्तर पर पहुंच गए हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी/डब्ल्यूसी/वीडी भारत/टी2/एसडीएएच/24, दिनांक 11.05.2024,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में "एकल पैकेट प्रणाली" के तहत पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/विवरणः** सियालदह- सियालदह डिपो में वंदे भारत ट्रेनों की रखरखाव अवसंरचना एवं रखरखाव सुविधाओं का विकास। **निविदा मूल्य :** रु.39,49,867.10, **बयाना राशि :** रु. 79,000/- **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 3,000/-, **ठेका अवधि :** 6 माह, **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 20.05.2024, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 03.06.2024 को 11.15 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 03.06.2024 को 11.15 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात www.ireps. gov.in (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
SDAH-53/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## मुंगेर लोकसभा में मतदान खत्म, 55% हुई वोटिंग, राजद प्रत्याशी ने लगाया आरोप-गाड़ी का शीशा तोड़ा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर लोकसभा में मतदान खत्म हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 6 बजे तक 55% वोटिंग हुई है। साल 2019 में मुंगेर लोकसभा सीट पर 54.84% वोटिंग हुई थी। मुंगेर लोकसभा में पटना जिले के मोकामा, बाढ़ समेत लखीसराय जिले के भी 2 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। मुंगेर से राजद की प्रत्याशी अनीता देवी ने आरोप लगाया है कि रामपुर में उनपर हमला हुआ है। उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ा गया। उन्हें गालियां दी गई। वहीं राजद ने चुनाव आयोग से मुंगेर जिला प्रशासन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सूर्यगढ़ा, पटना जिला अंतर्गत मोकामा और पंडारक के बूथों पर शोषित, वंचित और गरीबों को मतदान केंद्र से दूर रखा गया। मतदान केंद्र पर कतार में लगे राजद वोटरों को भगाया गया।

मुंगेर के बहिरामा मतदान केंद्र संख्या -304 पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इसमें हलसी थानाध्यक्ष विजय कुमार, एक चौकीदार समेत कुछ ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जानकारी मिलने के बाद डीएम और एसपी रवाना हो गए हैं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने बूथ संख्या -190 पर मतदान किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को मतदान करना चाहिए। वहीं, मुंगेर लोकसभा के मतदान केंद्र संख्या 312 पर धूप की वजह से एक भी मतदाता नहीं दिखे हैं। इस वजह से मतदान केंद्र पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखा। पुलिसकर्मी भी सोते हुए नजर आए।

**पर्ची नहीं मिलने को लेकर विवादः** वहीं, मतदान केंद्र संख्या 145, 146 पर मतदान शुरू हो गया है। यहां असामाजिक तत्वों ने पथराव किया था। बीएलओ की ओर से पर्ची नहीं दिए जाने के कारण लोगों में नाराजगी थी। पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। मौके पर से दो युवक को हिरासत में लिया गया है। इधर, दोपहर 1 बजे तक 35.09% वोटिंग हुई है। यहां के मतदान केंद्र संख्या 196 पर मुंगेर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रणव कुमार पत्नी के साथ मतदान करने के लिए पहुंचे।

**7 बजे शुरू हुआ मतदानः** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में हॉट सीट मुंगेर में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। मुंगेर में एक पिठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने पुष्टि की है। 6 विधानसभा मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, बाढ़ और मोकामा में वोटिंग को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सूर्यगढ़ विधानसभा में आने वाले 109 बूथों पर शाम 4 बजे तक ही वोटिंग होगी। इन बूथों को नक्सल प्रभावित माना गया है। यहां एनडीए प्रत्याशी ललन सिंह और महागठबंधन से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता महतो के बीच सीधी टक्कर है। चुनाव के बीच पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की एंट्री से मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

**20,41142 वोटर्स करेंगे फैसलाः** मुंगेर लोकसभा सीट चुनाव को लेकर कुल 20,41142 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या 1082239 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 958851है। वहीं पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 29890 है। मुंगेर में कुल 2029 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी/डब्ल्यूसी/वीडी भारत/टी1/सीपी/2024, दिनांक 11.05.2024,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में "एकल पैकेट प्रणाली" के तहत पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/विवरणः** कोलकाता टर्मिनल-चितपुर में वर्तमान पिट 01 पर वंदे भारत ट्रेनों की रखरखाव अवसंरचना एवं रखरखाव सुविधाओं का विकास। **निविदा मूल्य :** रु. 47,71,217.90, **बयाना राशि :** रु. 95,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 0.00, **ठेका अवधि :** 6 माह, **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 20.05.2024, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 03.06.2024 को 11.30 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 03.06.2024 को 11.30 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात www.ireps.gov.in (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
SDAH-55/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : ईएनजीजी/151719 /23 -24/एलएलएच (ओपन), दिनांकः 14.05.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए रेलवे के ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों और साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं. एवं कार्य का नामः** ईएनजीजी-151719-23-24-एलएलएच ओपन और निम्नलिखित कार्यों से संबंधित ई-निविदा (i) लिलुआ रेलवे अस्पताल, पूर्व रेलवे, लिलुआ में उपयुक्त स्थान पर एएनओ कार्यालय एवं शौचालयों का नवीनीकरण, सेप्टिक टैंक, स्टोर का निर्माण (लगभग 5 मी. X 5 मी. 3.2 मी. ऊँचाई) और सहायक कार्य। (ii) प्रशासनिक भवन के भूतल पर उप सीईई (डब्ल्यू)/लिलुआ के प्रस्तावित कार्यालय का नवीनीकरण और (iii) सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में वर्कशॉप और नए अधिगृहीत बिजोली क्वार्टर एरिया को जोड़ने के लिए सी-शॉप के पास कंक्रीट रोड का निर्माण (लगभग 80 मी. लंबा और 8 मी. चौड़ा)। **निविदा मूल्यः** रु. 68,02,487.54, **बयाना राशिः** रु. 1,36,100/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **समापन अवधिः** 270 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 05.06.2024 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MISC-52/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सड़क किनारे खड़े मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

निज संवाददाता। मुंगेर

मंगलवार की देर शाम सफियाराय थाना क्षेत्र के एनएच 80 पर जगदम्बापुर के पास सड़क किनारे खड़े एक 5 वर्षीय किशोर को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, वहीं चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जहां मृतक की पहचान सफिया बाद थाना क्षेत्र के जगदम्बा पुर फरदा निवासी मिठु यादव के पुत्र मयंक कुमार के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है की दो वाहन एक दूसरे को ओवर टेक कर रहे थे तभी एक वाहन ने उसे रौंद दिया। घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने एनएच 80 को जाम कर दिया। जिससे वहां वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं जाम की सूचना प स्थानीय पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंच लोगों को समझाने में जुट गए है। वहीं जाम को खाली कराने का प्रयास किया जा रहा है। तेज रफ्तार की वजह से अक्सर हो रहा हादसा स्थानीय प्रदीप कुमार ने बताया कि यहां गाड़ी तेजी से चलाया जाता है।


**साहिबगंज-भागलपुर-साहिबगंज धुलियान पैसेंजर स्पेशल ट्रेन की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू**

मालदा मंडल के सबौर स्टेशन में टावर वैगन साइडिंग शुरू करने के संबंध में मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में बदलाव के लिए सबौर स्टेशन में **दिनांक 19.05.2024 (रविवार)** को **15 घंटे के लिए (सुबह 08.00 बजे से रात 11.00 बजे तक)** नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य संपादित किया जाएगा। फलस्वरूप, **03037 साहिबगंज-भागलपुर धुलियान पैसेंजर स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 19.05.2024) कहलगाँव में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **03038 भागलपुर-साहिबगंज धुलियान पैसेंजर स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 19.05.2024) कहलगाँव से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा स्टील के चीफ संजय मजूमदार टीएसडीपीएल भेजे गये

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील ने अपने संगठनात्मक बदलाव के तहत तत्काल प्रभाव से नोवामुंडी के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. धीरेन्द्र कुमार को जोड़ा (ओएम एंड क्यू) के मेडिकल सेवा की अतिरिक्त जिम्मेवारी दी गई है। जोडा की हेड कन्सलटेंट डॉ. सुचिस्मिता दास अब डॉ. धीरेन्द्र को रिपोर्ट करेंगी। यह सर्कुलर कंपनी के एमडी टीवी नरेन्द्रन की ओर से जारी किया गया है। जारी एक अन्य सर्कुलर के अनुसार, टाटा स्टील मेटालिक्स डिविजन के चीफ आईआर-ईआर संजय मजूमदार को टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसडीपीएल) में स्थानांतरित किया गया है। उनका स्थानांतरण एक मई से ही प्रभावी हो गया है।

### आंजन में सड़क हादसे को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक पहल करने की मांग डीसी से करेगा मिशन बदलाव

**गुमला, एजेंसी।** सामाजिक संस्था मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनोद साहू और आनंद सिंह के नेतृत्व में संस्था का दल आंजन धाम पहुंच श्रद्धालुओं के होने वाले एक्सीडेंट को लेकर ग्रामीणों से बातचीत की। इस दौरान ग्रामीणों के साथ दुर्घटना को रोकने का राय भी मांगा गया। ग्रामीणों ने दुर्घटना रोकने को लेकर उपाय भी बताये। मिशन बदलाव के सदस्यों के साथ चर्चा में ग्रामीणों ने बताया कि इन सभी मामलों से प्रशासन को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है ,लेकिन प्रशासन ने मामलों को गंभीरता से कभी नहीं लिया। फलस्वरूप कई श्रद्धालु दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। इस बाबत विनोद साहू ने बताया पिछले दिनों मिशन बदलाव के सक्रिय सदस्य अखिलेश ठाकुर के छोटे भाई अर्जुन ठाकुर और उनकी छोटी बहन की मौत आंजन धाम लौट के क्रम में दुर्घटना होने के वजह से हो गई थी। इससे पूर्व भी यहां आने वाले कई श्रद्धालु हादसे के शिकार हुए है। सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के प्रशासन को को गंभीरता से लेनी होगी। आंजन धाम जिले में आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है और हजारों श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। भविष्य में आंजन इलाके में दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक पहले करने की मांग को डीसी से मिलेगा।

### पैक्स में धान बेचनेवाले किसानों को नहीं मिली दूसरी किस्त की राशि

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद में किसानों को धान की दूसरी किस्त की राशि नहीं मिली है। इसके लिए किसान कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। सरकार को इस वर्ष मात्र 787 किसान ने धान की बिक्री की है जबकि 10948 किसान पंजीकृत हैं। प्रति क्विंटल किसानों को 2300 रुपए की दर से भुगतान होना है। इसमें राज्य सरकार 117 व केंद्र सरकार की ओर से 2183 रुपए दिए जाएंगे। धान बिक्री के एक सप्ताह के अंदर राशि का भुगतान करना है, जो किसानों को नहीं मिली है। दो किस्त में पूरी राशि भुगतान कर देनी है। जिले में 14 पैक्स से किसानों से इस वर्ष 18858.28 क्विंटल धान खरीदा गया था जबकि लक्ष्य 84,500 क्विंटल घटा कर किया गया था। शुरुआत में डेढ़ लाख क्विंटल का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन धान खरीदारी नहीं होता देख खाद्य आपूर्ति विभाग ने लक्ष्य घटाते हुए एक महीने का समय बढ़ा दिया था। 30 अप्रैल तक खरीदारी की गई। इसके बावजूद लक्ष्य में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। वहीं पैक्स संचालकों का कहना है कि कुछ किसानों को पहली किस्त की राशि भी नहीं मिली है। हालांकि अधिकांश को मिल गई है। जिन्हें राशि नहीं मिली है, वैसे लोगों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही राशि भुगतान की जाएगी। वहीं जिन लोगों ने शुरुआत के समय धान बिक्री की है। वैसे लोगों में कुछ का भुगतान हो गया। किसानों को दूसरी किस्त की राशि भेजने की प्रक्रिया में है। कुछ दिन में ही खाते में राशि चली जाएगी। कुछ के खाते में पूरी राशि भेज दी गई है, जिन्हें नहीं मिली है, वैसे लोगों को जल्द ही मिलेगी।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सील

**गुमला, एजेंसी।** निष्पक्ष,पारदर्शी व शांतिपूर्ण मतदान के संकल्प के साथ प्रशासनिक महकमें में प्रयासों के मध्य जीरो डैमैज की थ्योरी पर लोकसभा चुनाव 2024 में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के पांचो विधानसभा में निर्विवादित पोलिंग प्रक्रिया पूरी हुई। मंगलवार की देर शाम जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में प्रत्याशियों के जय-पराजय के मतों से कैद ईवीएम को कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सील कर दिया गया। अर्द्धसैनिक बलों के जवानों व जिला पुलिस की कई लेयर सुरक्षा चक्र से कवर-अप स्ट्रांग रूम के निगरानी में सीसीटीवी की तीसरी आंख भी चौकसी में लगी रहेगी। करीब तीन सप्ताहों तक ईवीएम की सख्त चौकसी-निगरानी के उपरांत चार जून के कांउटिंग के दिन स्ट्रांग रूम की सील पट खुलेगी और चुनावी दंगल में भाग्य आजमा रहे 15 प्रत्याशियों में से एक के माथे सिरमौर होगा। इन सब के बीच मंगलवार की अपराह्न बाद तक मतदान दिवस से दो दिन पूर्व बूथों तक रवानगी और पोलिंग के अगले दिन मुख्यालय आने वाले मतदानकर्मियों के पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के 44अतिसंवेदनशील कैटोगरी के बूथों-कलस्टरों में 24 गुमला जिले के थे। लिहाजा एयर लिफ्ट के माध्यम से दुरूह बूथों तक शिफ्ट पोलिंग पार्टी सुखद संस्मरणों के साथ मुख्यालय वापसी की।

# चोरी के और खजाने खोजे जाने बाकी

## पीएम मोदी ने दे दिया बड़ा संकेत, सियासी पारा हाई



**गिरिडीह, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गिरिडीह के पेशम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और झामुमो नेताओं पर जमकर निशाना साधा। हाल के दिनों में आइएनडीआइए के नेताओं तथा उनसे जुड़े लोगों के घरों से छापेमारी में भारी रकम मिलने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तो यह शुरुआत है। चोरी के और खजाने खोजे जाने बाकी हैं।

उन्होंने कहा कि मैं चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा और चोरी की रकम से भरे हुए उनके खजाने खाली कर दूंगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और पूरा आइएनडीआइए भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का मॉडल बना हुआ है। लोगों से सही प्रत्याशी चुनने और अच्छी सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि कमजोर सरकारें देश का भला नहीं कर सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि देश और देशवासियों को आगे ले जाने के लिए सशक्त सरकार की जरूरत है। नक्सलवाद का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को नक्सलवाद की आग में झोंका और वामपंथियों ने भी उसमें रोटियां सेंकीं। भाजपा सरकार ने देश के बड़े हिस्से को नक्सलवाद से मुक्त किया। कहा कि झारखंड को अब दोबारा नक्सलवाद का गढ़ नहीं बनने दूंगा।उन्होंने कहा कि श्रीनगर में दशकों बाद जिस तरह लोकतंत्र का उत्सव मना और लोगों ने वहां मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, वह धारा 370 हटने के कारण संभव हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डंके की चोट पर कह रहा हूं कि देश को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद से मुक्त करूंगा। झारखंड अमीर राज्य है, लेकिन पहले केंद्र की लचर नीतियों की वजह से यहां का पैसा दिल्ली में बैठे लोग लूट रहे थे। मैंने सत्ता में आने के बाद नई नीति बनाई। डीएमएफटी के तहत झारखंड को अब तक 12 हजार करोड़ व कोडरमा व गिरिडीह को लगभग साठ करोड़ रुपये दिए। जिस क्षेत्र की खनिज संपदा होगी, उसका एक हिस्सा संबंधित जिले को मिलेगा।

बगोदर विधानसभा क्षेत्र के बिरनी प्रखंड स्थित अड़वार मैदान में उमड़े विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से कहा कि मोदी ही आपका पीएम है और मोदी ही आपका एमपी भी। इसलिए भाजपा और सहयोगी दलों के प्रत्याशियों को वोट देते समय यह मान कर चलें कि आपका वोट मोदी को मजबूत कर रहा है।

पीएम ने कहा कि जब इतने काम कर रहा हूं तो झामुमो, कांग्रेस वाले बौखलाए हुए हैं। कोडरमा के एक नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही है। मोदी को कब्र खोदने की बात कह रहे हैं, लेकिन यह भीड़ मेरा सुरक्षा कवच है।

## दो मामलों में जयराम की जमानत अर्जी पर सुनवाई

**धनबाद, एजेंसी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को अदालत से राहत नहीं मिल सकी। जयराम महतो की दो अग्रिम जमानत की अर्जी पर मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। लोक अभियोजक की प्रार्थना पर अदालत ने पुलिस से केस डायरी की मांग की है। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख निर्धारित कर दी है।

प्राथमिकी भौंरा ओपी के एसआई जीतेंद्र कुमार की शिकायत पर जयराम महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो एवं अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी। दूसरी प्राथमिकी विनोद कुमार पांडे की शिकायत पर करण महतो, खेमलाल महतो, विशाल महतो, दिनेश महतो, रंजीत महतो, सुशील महतो, गया राम महतो, सचिन महतो, अशोक महतो, भीम महतो, अंगद महतो, मखन लाल महतो, अर्जुन महतो, युद्धिष्ठिर महतो समेत अन्य के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

## लोगों ने पुलिस से कहा- गांधीनगर क्षेत्र में जुआ अड्डा के कारण बढ़ रहा है अपराध

**बेरमो, एजेंसी।** गांधीनगर क्षेत्र के बोकारो कोलियरी के बंद खदान के जंगल में वृहद जुआ अड्डा संचालन के कारण क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। जरीडीह बाजार, बोकारो कोलियरी के बंद एक्सवेशन साइट में बसे कॉलोनी तथा बेरमो कोलियरी 5 नंबर के बंद माइंस के जंगल क्षेत्र में घर बनाकर रह रहे सैकड़ों लोगों ने जुआ अड्डा संचालन बंद कराने की मांग गांधीनगर थाना पुलिस से की है।

उनके अनुसार यहां जुआ खेल में हारने वाले अपराधी क्षेत्र में अपराध करके अपने नुकसान की भरपाई करते हैं। विदित हो कि यहां जुआ संचालक द्वारा प्रतिदिन मुर्गा, मीट व शराब की पार्टी चलाकर जुआ खेलने वाले लोगों को आकर्षित किया जाता है। यही कारण है कि यहां बोकारो जिला, हजारीबाग जिला तथा रामगढ़ जिला के अतिरिक्त बंगाल के पुरुलिया, झालदा जिला के जुआड़ी भी यहां सुबह 10-11 बजे तक पहुंचते हैं। उसके बाद यहां अड्डा जमता है जो देर रात तक जारी रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिस को सूचना दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होती है। कहा, यहां जुआ अड्डा संचालन से आसपास का माहौल भी भयावह रहता है।

शनिवार 11 मईः गांधीनगर थाना क्षेत्र से सटे रामनगर कॉलोनी में देर रात चोरों ने अजय सिंह के बंद आवास ए/74 का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात आदि की चोरी कर ली। बुधवार 8 मईः गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार से दिन दहाड़े भास्कर सिंह नामक व्यक्ति के बाइक नंबर जे एच 09 यू/7270की डिक्की से 35 हजार रुपए निकाल लिए गए।

रविवार 5 मईः रामनगर कॉलोनी में शनिवार को देर रात चोरों ने अजय सिंह के बंद आवास ए/74 का ताला तोड़ कर खासमहल कॉलोनी केसीसीएल कर्मी योगेंद्र सिंह के बंद आवास से 5 लाख के जेवरात सहित अन्य संपत्ति की चोरी कर ली गई। वे अपने पैतृक गांव कसमार प्रखंड के दांतु गए थे। इसका लाभ चोरों ने उठाया। सोमवार 6 मईः गांधीनगर थाना क्षेत्र से सटे अनुग्रह नगर में दो किराना दुकान व एक आवास से 75 हजार रुपए नकद सहित सोना-चांदी के जेवरात व अन्य सामग्री चोरी कर ली गई। इससे पूर्व कुरपनिया, खासमहल, संडे बाजार आदि स्थानों में कई चोरियां हो चुकी है।

जुआ खेलने वालों पर होगी ठोस कार्रवाई जुआ अड्डा पर छापेमारी कर जुआ संचालक तथा जुआ खेलने वालों पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। हमलोग के यहां पुलिसकर्मियों का अभाव है, फिर भी निश्चित रुप से कार्रवाई होगी।

## फर्जी साइन कर सास के खाते से लाखों रुपए निकाले, मायके की कार भी बेच डाली, थाने पहुंची पत्नी



**रांची, एजेंसी।** एक शख्स ने फर्जी साइन कर अपनी पत्नी की मां के खाते से लाखों रुपए निकाल लिए। उसने अपने मायके की कार भी बेच डाली। शख्स की पत्नी रूमी दुबे ने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और धोखाधड़ी कर पैसे हड़पने का आरोप लगाया है। इस संबंध में रूमी दुबे ने पति प्रियरंजन दुबे के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में नौ मई को प्राथमिकी दर्ज करायी है। यह झारखंड के हटिया की घटना है।

दहेज के लिए करने लगा प्रताड़ित

पत्नी रूमी दुबे ने थाने को दिए गए आवेदन में कहा है कि प्रियरंजन से उनका विवाह 2020 में हुआ था। शादी से पहले दहेज के रूप में दस लाख नगदी के अलावा सोने व चांदी के जेवरात लिया था। शादी के बाद कुछ दिन तक उनके पति का बर्ताव ठीक रहा था। बाद में दहेज के लिए वह उसे प्रताड़ित करने लगा। इसी बीच उनकी बहन ने बोकारो में एक फ्लैट बुक कराया, जिसे उसने रद्द करा दिया।

**खाते से पैसे निकाले, कार भी बेच डाली :** इसी क्रम में प्रियरंजन ने उनकी मां का फर्जी साइन कर उनके खाते से 12.50 लाख रुपए निकाल लिया। आरोपी ने उनके मायके की कार को भी बेचकर उसका पैसा रख लिया। किसी भी बात का विरोध करने पर आरोपी मारपीट किया करता था। हाल के दिनों ने आरोपी ने उनकी पुत्री को भी प्ले स्कूल से निकलवाने की धमकी दी। इसके बाद वह थाने पहुंचकर मामला दर्ज करायी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## जिले में वाहन जांच में 25.31 लाख रुपए बरामद



**धनबाद, एजेंसी।** जिले के धनसार हावड़ा मोटर, गोविंदपुर, चिरकुंडा, गोमो, झरिया, सिजुआ, कतरास सहित अन्य क्षेत्रों में वाहन जांच के दौरान सोमवार को कुल 25 लाख 31 हजार रुपए जब्त किए गए। जब्त राशि की जांच चल रही है।सोमवार को एफएसटी और पुलिस की संयुक्त टीम ने धनसार थाना क्षेत्र के हावड़ा मोटर 9 लाख 60 हजार 200 रुपए जब्त किया।

गोविंदपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से 4.09 लाख रुपए जब्त किए। पहला मामला टुंडी रोड स्थित अल-इकरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के समीप का है। यहां यहां दंडाधिकारी बीपीओ दीपक कुमार एवं पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार ने गिरिडीह की ओर से आ रही बलेनो कार को रोककर तलाशी ली तो 3.09 लाख रुपए हाथ लगे। रुपए गोविंदपुर थाना के सुपुर्द कर दिया गया। गिरिडीह निवासी प्रेम सागर रुपए लेकर गिरिडीह की ओर से कार से आ रहे थे।

वहीं बलियापुर रोड पर दंडाधिकारी बीपीओ प्रमोद कुमार ने एक बाइक में रखे एक लाख रुपए जब्त किया। करमाटांड़ निवासी इनाम अहमद का पुत्र साहिल अहमद उक्त राशि लेकर बाइक से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि केनरा बैंक से राशि की निकासी की थी। राशि वैध है, इसके बावजूद रुपए जब्त कर लिए गए। हावड़ा मोटर में जब्त रुपए मनईटांड़ एसबीआई कॉलोनी निवासी आटा कारोबारी अनूप कुमार मित्तल के हैं। बताया जा रहा है कि कारोबारी रुपए बैंक में रखने जा रहे थे।

इधर, चिरकुंडा चेकपोस्ट के पास रविवार की रात पुलिस ने कार से एक लाख 15 हजार रुपए जब्त किए। मौके पर मजिस्ट्रेट पंकज कुमार सिंह मौजूद थे। पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कार में पानागढ़ (बंगाल) निवासी राजकुमार साव व अनूप कुमार थे। वे झारखंड से बंगाल जा रहा थे। दोनों पुराने वाहनों का खरीद-बिक्री करते हैं।गोमो के हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल ने वाहन चेकिंग के दौरान दो अलग-अलग बाइक सवारों से 3 लाख 59 हजार 500 रुपए बरामद किए। भुईयां चितरो जा रहे बाइक सवार नदीम हसन अब्बासी के बैग से एक लाख 45 हजार 500 रुपए मिले। वहीं तोपचांची निवासी बाइक सवार अभिषेक भारती के बैग से पुलिस ने 2 लाख 14 हजार रुपए पकड़े।

इधर, लोयाबाद पुलिस व एफएसटी की टीम ने सेन्द्रा नाका के पास बाइक जांच के दौरान 1 लाख 97 हजार नकदी जब्त किया गया। युवक का नाम प्रिंस चौरसिया है, वह कतरास-निचितपुर का रहनेवाला बताया जा रहा है। प्रिंस अपने को डेयरी दूध कारोबारी बता रहा है। थाना प्रभारी सत्यजी कुमार ने कहा कि युवक को छोड़ दिया गया है। जांच में गलत पाया तो एफआईआर दर्ज की जाएगी।वहीं सोमवार की शाम झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में हुई जांच में दो बाइक सवारों से अलग-अलग 2 लाख 80 हजार 740 रुपया पुलिस ने जब्त किए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि होटल संचालक हरि साव के पास से डेढ़ लाख रुपए व सीएसपी कर्मी साहिल के पास से एक लाख 30 हजार 740 रुपए बरामद किया है।

## महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा

**रांची, एजेंसी।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड में चौधरी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती महिला मरीज कौशल्या देवी की मंगलवार को मौत हो गई। महिला की मौत मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हो-हल्ला किया और मुआवजा समेत दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की।

घटना की जानकारी मिलने पर सुखदेवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गुस्साए परिजनों समेत अन्य लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इस संबंध में मृत महिला कौशल्या देवी के पति पंचानन मिश्रा की लिखित शिकायत पर थाना में डॉ अर्चना चौधरी समेत अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज मामले में पंडरा ओपी क्षेत्र के लक्ष्मीनगर निवासी पंचानन मिश्रा ने बताया है कि पत्नी कौशल्या ने सुबह में पेट दर्द की शिकायत की। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए चौधरी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। वहां पर डॉ अर्चना ने महिला के स्वास्थ्य की जांच की और कुछ दवाइयां दी। इसके बाद मरीज को स्लाइन चढ़ाया गया। इसी में एक सूई भी दी गई। इसके प्रभाव से कुछ ही देर में महिला मरीज का प्राणांत हो गया। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। घटना के संबंध में जब नर्सिंग होम के प्रबंधन से जुड़े डॉ पंकज चौधरी से रात नौ बजे तक मोबाइल पर बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल कॉल फारवार्डेड बताता रहा। सुखदेवनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद शव को अपने कब्जे में कर दोपहर बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## 50 लाख अब पहले से और जर्जर हो गया सिहोडीह एनएच



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह-बेंगाबाद को जोड़ने वाली सड़क भले ही एनएच-114ए है, लेकिन कॉलेज मोड़ से लेकर बरगंडा तक सड़क की जो हालत वह ग्रामीण सड़कों से भी बदतर है। इस सड़क की मरम्मत के नाम पर 5 माह पहले 50 लाख रुपए खर्च किए गए, लेकिन सड़क की सूरत बदलने की बजाय और बिगड़ गई। वर्तमान में हाल यह है कि गिरिडीह टावर चौक से कॉलेज मोड़ तक करीब ढाई किमी सड़क पार करने में आधे घंटे का वक्त लगता है।

इस बीच अनगिनत गड्ढों को पार करते हुए गाड़ियां रेंगती नजर आती हैं। खासकर लग्जरी वाहनों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। वहीं, दूसरी तरफ स्थानीय लोगों में इस कुव्यवस्था के बाबत भारी आक्रोश है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मरम्मत के नाम विभाग ने सिर्फ खानापूर्ति की है। क्रशर का डस्ट व बोल्डर गड्ढों में भरकर समतल कर दिया। कुछ दिन बाद क्रशर का डस्ट व बोल्डर सब बाहर आ गया और पहले से और अधिक यह सड़क खतरनाक बन चुकी है। यहां तक कि ट्रकों के पहिए से टकाराकर बोल्डर लोगों को घर व दुकान में घुस जाता है।

इस दौरान लोगों को चोट भी खानी पड़ती है। ऐसे में अब इस सड़क की मरम्मत की बजाय निर्माण की ही जरूरत है। जब निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है तो फिर काम शुरू नहीं किया जाना विभाग की लापरवाही है। क्योंकि यह सड़क देवघर, दुमका, रांची को जोड़ती है, और 24 घंटे वाहनों की आवाजाही होती है। 22 जुलाई से श्रावणी मेला शुरू होने वाला है।

सरकार की पहल पर इस रोड के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। कॉलेज मोड़ से पपरवाटांड़ समाहरणालय तक करीब 9 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए करीब 15 करोड़ की राशि भी एनएचआई को निर्गत कर दी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। कुछ ही दिन में मानसून बदलेगा और 22 जुलाई से श्रावणी मेला की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में इस बार भी कांवरियों को इसी उबड़-खाबड़ रास्तों से देवघर व सुलतानगंज जाना होगा।

शहर को झारखंड की उपराजधानी दुमका, रांची समेत संथाल परगना के अलावे बिहार के विभिन्न जिलों को जोड़ने वाले यह अहम मार्ग है। करीब ढाई किलोमीटर तक इस मार्ग में अनगिनत गड्ढे उभर आए हैं। इस मार्ग के किनारे जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं रहने से हल्की बारिश होने पर भी सड़क पर जलजमाव हो जाने से राहगीरों को परेशानी हो रही है।

सिहोडीह के ग्रामीणों ने कहा-मरम्मत नहीं हुई तो दो माह बाद बढ़ेगी परेशानी सिहोडीह निवासी समाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार स्वर्णकार, बिनोद सिन्हा, सुरेंद्र सिंह, मिथिलेश सिन्हा आदि का कहना है कि यह देवघर जाने का मुख्य मार्ग है। अगले 22 जुलाई से सावन महोत्सव प्रारंभ होगा। इस महोत्सव में बाबाधाम देवघर में एक माह का बोलबम का भव्य मेला लगता है।

## अपनों के लिए अपने भी कूदे चुनावी मैदान में, संताल की 3 सीटों पर दिग्गज प्रत्याशियों के लिए बहा रहे पसीना



चुनाव समर में कूदने के बाद अब इनकी जीत का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इनके पुत्र, पुत्रियां व पत्नियां भी समर में चुनावी प्रबंधन से लेकर घर-घर जाकर जनसंपर्क व प्रचार में जान झोंक दिए हैं।

**दुमका, एजेंसी।** वंशवाद की बेल चाहे कितना भी प्रहार कर लिया जाए, लेकिन अपने तो अपने ही होते हैं। सो, चुनावी समर में अपनों की जीत के लिए अपने भी कूद पड़े हैं। संताल परगना में तीन लोकसभा की सीटें हैं। इसमें दो सीट दुमका और राजमहल अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है, जबकि गोड्डा संसदीय सीट सामान्य श्रेणी में है।

दुमका सीट पर इस बार झामुमो से पाला बदल कर भाजपा की टिकट पर सीता सोरेन दंगल में हैं। उनके सामने झामुमो के नलिन सोरेन हैं। राजमहल में झामुमो से विजय हांसदा दंगल में हैं। उनके विरोध में भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो से बागी हुए बोरियो के विधायक लोबिन हेंब्रम हैं।

गोड्डा में भाजपा के प्रत्याशी डा.निशिकांत दुबे हैं, जबकि उनके खिलाफ कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव ताल ठोंक रहे हैं। खास बात यह कि इन प्रत्याशियों के

दुमका में सीता सोरेन की लिए उनकी तीन बेटियां जयश्री, राजश्री, विजयश्री लगातार जनसंपर्क कर वोट देने का आग्रह कर रही हैं। तीनों बेटियां अभी शहरी क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं।दूसरी ओर झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के बेटे आलोक सोरेन ही नहीं, बल्कि नलिन सोरेन की पत्नी जायेस बेसरा चुनावी प्रबंधन में सक्रिय हैं। जायेस दुमका जिला परिषद की अध्यक्ष हैं, जबकि आलोक झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य हैं।ये दोनों जनसंपर्क के साथ बूथ प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं, जबकि गोड्डा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के लिए उनके दोनों बेटे के अलावा पत्नी अन्नू कांत दुबे जोरशोर से चुनावी प्रबंधन व प्रचार-प्रसार में लगे हैं।

निशिकांत के बेटे कनिष्कांत और माही अपने पिता के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। दोनों विदेश में रहते हैं। जबकि डा.निशिकांत की पत्नी अन्नू कांत चुनावी प्रबंधन के साथ जनसंपर्क में लगी हुई हैं, जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव के पुत्र रितिक भी अपने पिता के लिए सुबह से लेकर शाम तक चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस की हड़प ली गई जमीन, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को खूब सुनाया



**रांची, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एमवाई इकबाल की रांची स्थित जमीन को भू-माफिया द्वारा अवैध तरीके से हड़पने के मामले में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से दिए गए जवाब पर अदालत ने नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट मित्र के द्वारा जवाब पर उठाए गए सवाल और जवाब में आई खामियों को दूर करते हुए विस्तृत और बिंदुवार जवाब पेश करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 16 मई निर्धारित की गई।सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र अतनु बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार को जिस तरीके से काम करना चाहिए था, उस तरीके से काम नहीं किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही है। रूटीन में भी काम नहीं हो पा रहा है। काम की रफ्तार धीमी है, जिससे आरोपियों पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई धरातल पर नहीं दिखाई दे रही है। आज से छह माह पहले जो भू माफियाओं पर कार्रवाई की संख्या 73 थी, वह अब भी वैसी ही है। छह माह बीत चुके हैं, उसमें कुछ आगे नहीं बढ़ा जा सका है।

**पूर्व जस्टिस के मामले में स्वतः संज्ञान पर सुनवाई :** पूर्व में अदालत ने सरकार को अपने जवाब में यह बताने को कहा है कि कितने भू माफियाओं पर कार्रवाई की गई है, कितने भगोड़े हैं। ऐसे अपराधी के खिलाफ पेपर प्रकाशन किया गया या नहीं। कितने अपराधी के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। कितने अपराधी के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की जब्ती जारी की गई है।

# जो हाथ उठा उसे तोड़ देता; स्वाति मालीवाल के पूर्व पति तमतमाए, केजरीवाल पर भी बरस पड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई बदसलूकी के बाद उनके पूर्व पति नवीन जयहिंद बेहद गुस्से में दिख रहे हैं। नवीन ने कल दावा किया कि स्वाति की जान खतरे में है। बुधवार को उन्होंने आप के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर की मांग की है। उन्होंने स्वाति की तुलना झांसी की रानी से की और कहा कि जो हाथ उस पर उठा उसे मैं तोड़ देता।मालीवाल के पूर्व पति नवीन ने कहा, जिसे आप सीएम हाउस कहते हो, वह गटर हाउस है। यह बहुत ही खतरनाक घटना है। इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी एफआईआर होनी चाहिए। क्योंकि यह घटना उनके घर में हुई है। जिसने भी यह की है उसकी





औकात नहीं है, यह घटना करने की। स्वाति की जान को खतरा है। उसको डराया धमकाया गया है। नवीन जयहिंद ने आगे कहा, अभी भी स्वाति की आवाज दबाई जा रही है। यह सिर्फ मेरी पूर्व पत्नी का मामला नहीं है, यह लाखों महिलाओं का मामला है। पूर्व पत्नी का अगर मामला होता तो अब तक स्वाति पर जो हाथ उठे हैं, वे टूट चुके होते... और जिसने इसके लिए आदेश दिया, उसकी जुबान हम निकाल लिए होते। यह बहुत गहरा मामला है। इसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### स्वाति मालीवाल से नहीं हो रहा कॉन्टैक्ट: दिल्ली पुलिस

मालीवाल शिकायत दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन गई थीं, लेकिन कुछ कॉल आने के बाद वह एफआईआर कराए बिना ही चली गईं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह वापस आएंगी लेकिन मंगलवार देर रात तक भी वह नहीं आईं। उन्हें सार्वजनिक तौर पर भी नहीं देखा गया है। पुलिस ने मालीवाल की शिकायत को लंबित (पेंडिंग) के तौर पर मार्क किया है और फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस ने इस पर कानूनी राय मांगी है कि क्या वे डीडी (दैनिक डायरी) प्रविष्टि और पीसीआर कॉल के आधार पर मामले में आगे बढ़ सकते हैं। यह कई मामलों में अपनाया जाने वाला प्रोटोकॉल है।

इस बीच, पुलिस अधिकारियों ने मामले पर चर्चा के लिए मंगलवार शाम को एक बैठक की। पुलिस ने कहा कि उन्होंने मालीवाल से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस सीएम आवास के बाहर से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करने की प्रक्रिया में है। बिभव और स्वाति केजरीवाल के एनजीओ के दिनों से ही उनके साथ हैं। मालीवाल को इसी साल जनवरी में दिल्ली से राज्यसभा भेजा गया था। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी की जानी चाहिए थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोज जरांगे ने भरी हुंकार, मराठा आरक्षण आंदोलन फिर से करने का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे ने फिर हुंकार भरी है। उन्होंने मंगलवार को चेतावनी दी कि 4 जून से अभियान एक बार फिर शुरू किया जाएगा। जरांगे ने आंदोलन फिर से शुरू करने के लिए ऐसा दिन चुना है जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिलों में आरक्षण की मराठा समुदाय की मांग को लेकर 8 जून को रैली भी आयोजित की जाएगी। जरांगे ने 17वीं सदी के शासक छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वह पिछले साल से मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं। जरांगे ने माल्यार्पण के बाद कहा, हम अपने बच्चों के लिए आरक्षण चाहते हैं। हमें आर्थिक रूप से कमजोर तबके के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है जिसका कोई उपयोग नहीं है। यह वर्तमान पुलिस भर्ती में साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि हम 4 जून को सुबह नौ बजे से अनिश्चितकालीन अनशन के साथ फिर से आंदोलन शुरू करेंगे। यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि सरकार इससे पहले ही उनकी मांगों का समाधान कर देगी। जरांगे ने कहा कि बीड जिले के नारायणगड में 8 जून की रैली के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लोकसभा चुनाव पर मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मेरा इससे लेना-देना नहीं है और न ही मैंने किसी के लिए प्रचार किया। मैंने बस इतना कहा कि लोगों को उन्हें हराना चाहिए जो हमारे विरुद्ध हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में पहले कभी इतनी रैलियां नहीं कीं। जरांगे ने कहा, 'अतीत में उन्होंने विभिन्न चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए प्रचार भी नहीं किया। लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रदेश भाजपा के चार-पांच नेताओं के मन में मराठाओं और अन्य समुदायों के प्रति नफरत है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और चंद्रकांत पाटिल मराठाओं से घृणा करते हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस को अपनी नफरत का परित्याग कर देना चाहिए क्योंकि हम कभी भाजपा के खिलाफ नहीं थे।

### अमेठी में गरजे सीएम योगी! कहा- उनका धन्यवाद जिन्होंने राम के विरोध के कारण सपा से विद्रोह किया

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी में सपा और कांग्रेस के लोग नौजवानों के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, हमने टैबलेट दिया है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। योगी ने कहा अमेठी में मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया था। आज आपकी सरकार मेडिकल कॉलेज का, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, जिला कोर्ट का निर्माण कर रही है। पेशेवर गुंडों और अपराधियों का इलाज भी यही सरकार कर रही है। यहां के लोग दो जून भूखे रह सकते हैं लेकिन राम को नहीं भूल सकते। यहां से राम का परिवार का रिश्ता है। आप जिनको पहले चुनते थे वे राम को नकारते थे। उनके खिलाफ टिप्पणी करते थे। हमारे ही वोट से चुनकर आतंकवाद को बढ़ावा देते थे, रामलला पर हमले करने के लिए प्रेरित करते थे। आज एक्सप्रेस वे,हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम मोदी बनवा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एके 203 दुनिया की सबसे अच्छी रायफल भारत बना रहा, वह अमेठी में बन रही है। देश के जवानों के हाथों में जब एके 203 होती है तो पाकिस्तान थर्रा जाता है। सपा और कांग्रेस के लोग कहते हैं उनके पास एटम बम है। एटम बम हमारे पास भी है और फ्रिज में रखने के लिए नहीं है। कांग्रेस सरकार में गरीब भूख से मरता था। मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जो राम भक्तों पर गोली चलवाते थे, आतंकवादियों को समर्थन देते थे। आज वही राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, अरे अगर उसके पास एटम बम है तो हमारे पास भी तो एटम बम है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के दरियाबाद विधानसभा में जेठौती कुर्मियान में जनसभा में कही।

### सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात जवान ने सरकारी बंदूक से की आत्महत्या

**जलगांव, एजेंसी।** पिछली पीढ़ी के दिग्गज क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात राजकीय रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने जामनेर शहर में अपने पुश्तैनी घर में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक जवान की पहचान प्रकाश कापड़े के रूप में हुई है। वह छुट्टी पर अपने पैतृक शहर गया था।

कापड़े (39) ने अपनी सरकारी बंदूक से गले में गोली मार ली। उसके परिवार में उसके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं। जामनेर थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर किरण शिंदे ने कहा कि घटना बीती रात (बुधवार) 1.30 बजे की है। उसने क्यों आत्महत्या कि इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है।

शिंदे ने आईएएनएस को बताया, प्राथमिक जांच से लगता है कि उसने निजी कारणों से यह कदम उठाया है, लेकिन हम जांच के पूरे विवरण का इंतजार कर रहे हैं। कापड़े का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।



### सीमा हैदर पर नया ऑडियो जिसने मचा दी खलबली, पाकिस्तानी भाभी ने दी सफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी भाभी उर्फ सीमा हैदर एक बार फिर चर्चा में है। वजह है सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप। इस ऑडियो ने एक बार फिर सवाल उठा दिया है कि क्या सीमा हैदर एक पाकिस्तानी जासूस है, जो प्यार की झूठी कहानी के सहारे भारत में दाखिल हुई? वायरल ऑडियो क्लिप पर खुद सीमा हैदर ने सफाई दी तो उनके वकील एपी सिंह ने भी कहा है कि भारत सरकार एनआईए से जांच करवा ले। आइए हम आपको बताते हैं कि आखिर पूरा मामला है क्या। वायरल ऑडियो को लेकर दावा है कि इसमें सीमा हैदर के पाकिस्तानी दोस्त और गुलाम हैदर के भारतीय वकील मोमिन मलिक की बातचीत हो रही है। इसमें दावा किया गया है कि सीमा हैदर ने भारत में दाखिल होने से पहले पाकिस्तानी सेना कैंप में ट्रेनिंग ली है। वायरल ऑडियो में वकील मोमिन सीमा हैदर को लेकर कुछ सवाल करते हैं जिसके जवाब में पाकिस्तानी व्यक्ति कहता है, अपने चाचा गुलाम अकबर के पास जाती थी जो छावनी में है, फौज में। वह आर्मी ट्रेनिंग सेंटर में हैं। एक-एक हफ्ता वहां रहकर वापस आती थी। अकेली जाती थी। इसको जो ले जाता था वह रिक्शावाला गायब है। इससे (सीमा) पूछो कि वह कौन है। लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, मोमिन मलिक ने कहा कि उनकी सीमा के पाकिस्तानी जानकार से बातचीत हुई है और उसने ही उन्हें फोन पर ये बातें बताईं। वायरल ऑडियो में गुलाम हैदर से बातचीत करने वाले वकील मोमिन मलिक ने सीमा हैदर को देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। सीमा हैदर के परिचित ने जो बयान दिया है उसको देखकर हमें लगता है कि सीमा हैदर भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है। आने वाले समय में वह भारत की सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी जमानत रद्द करके जेल में डालना चाहिए। नमस्ते जय श्री राम, सभी को राधे-राधे। कुछ लोग फेक न्यूज चला रहे हैं। मैं बता दूं कि हमारे सारे फोन नंबर और आईडी आज भी जांच में हैं। आगे भी जो जांच होगी उसके लिए मैं तैयार हूं। मेरी पूरी जांच की जाए यदि किसी को कोई शक है। मैं सुरक्षा एजेंसियों से मांग करती हूं कि भारत में रहकर जो कुछ लोग पाकिस्तानियों से दिन रात बात करते हैं उनकी भी जांच करे। गुलाम हैदर पांच साल से मेरे रिश्ते में नहीं है, मेरी कोई बातचीत नहीं है। मैं भारत की सुरक्षा एजेंसियों से कहूंगी कि गुलाम हैदर की जांच की जाए। हो सकता है कि वह आतंकवादियों से मिला हुआ हो और यहां के कुछ लोग उससे दिन रात बात करते हैं। मैं एनआई से गुजारिश करूंगी कि उनकी भी जांच की जाए। जो लोग यह कह रहे हैं कि सीमा कैंप में जाती थी, सीमा क्या है, पाकिस्तान में क्या होता था।

### तेलंगाना में कांग्रेस 12-13 सीटें जीतेगी - सीएम रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के मतदान के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को विश?वास जताया कि उनकी कांग्रेस राज्य में 17 में से 12-13 सीटें जीतेगी। रेवंत रेड्डी राज्य के पार्टी प्रमुख भी हैं, उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भरोसा जताया कि कांग्रेस उम्मीदवार डी. नागेंद्र सिकंदराबाद लोकसभा सीट 20,000 वोटों के बहुमत से जीतेंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधि समाप्त हो गई है और वह अब पूरी तरह से प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसान कल्याण निगम की स्थापना करेगी, जो किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कर्ज लेगी।प्रचार के दौरान किए गए वादे के मुताबिक 15 अगस्त तक 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋष्ठा माफ कर देगी।उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण नुकसान झेलने वाले किसानों को आश?वासन दिया कि सरकार भीगे हुए धान की खरीद को प्राथमिकता देगी।

## बीजापुर एनकाउंटर पर सवाल, कांग्रेस ने जांच के लिए बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी, मारे गए थे 12 नक्सली

**बीजापुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 10 मई को 12 संदिग्ध नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि घटना के दो दिन बाद ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुठभेड़ फर्जी थी। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ की जांच के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन भी कर दिया है। इस टीम का नेतृत्व आदिवासी नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम कर रहे हैं। मंगलवार को गठित की गई इस कमेटी में इंद्र शाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनक राम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्र जारी कर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों से जल्द से जल्द विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने की अपील की है। बीते शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद कहा था कि उन्होंने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की सैन्य कंपनी नंबर 2 के दो सदस्यों, बुधु



ओयम और कल्लू पुनेम समेत कुल 12 नक्सलियों को एक एनकाउंटर में मार गिराया है। बुधु ओयम और कल्लू पुनेम के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

मुठभेड़ में मारे गए अन्य संदिग्धों में नक्सलियों की गंगालूर एरिया कमेटी का सदस्य लाखे कुंजाम और सैन्य प्लाटून नंबर 12 का सदस्य भीमा कराम भी शामिल था। इनके सिर पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। अन्य मृतकों में मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू लाकोम और जनता सरकार (पीपुल्स गवर्नमेंट) के उप-प्रमुख अवलम थे जिनके सिर पर 2 लाख रुपये का इनाम था।

एनकाउंटर के दो दिन बाद 12 मई को मृतकों के शवों के लिए स्थानीय ग्रामीण बीजापुर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि मुठभेड़ फर्जी थी। इसमें क्षेत्र के निवासी सुरक्षा बलों की गोलीबारी का शिकार हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ते तोड़ने गए थे। ये लोग भागने लगे तभी सुरक्षा बल उनकी ओर बढ़े और फायरिंग कर दी। कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने भी एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार से इसकी जांच कराने की मांग की। कवासी लखमा ने कहा- मीडिया से पता चला है कि पीडिया में मारे गए 12 लोग आसपास के गांवों के तेंदू पत्ता संग्राहक थे। यही वजह है कि कांग्रेस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय जांच टीम भेज रही है। यह सीजन तेंदू पत्ता जुटाने का है। आदिवासियों को नक्सली बताना पुलिस की पुरानी आदत है। आदिवासी क्षेत्र की पहचान हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इलाके से आदिवासी खत्म हो जाएंगे। भाजपा सरकार को ऐसी घटनाओं पर रोक लगानी चाहिए और जांच बैठानी चाहिए। वहीं आदिवासी महासभा के अध्यक्ष और सीपीआई के पूर्व नेता मनीष कुंजाम ने कहा कि वह बुधवार को गांव का दौरा करेंगे क्योंकि इस मुठभेड़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने एक 10 भरमार राइफल बरामद की है जो एक बार फायर कर सकती है।

### 17 साल बाद सुलझी मर्डर मिस्ट्री, आरोपी ने बताया क्यों की थी महिला की हत्या?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कहते हैं कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं और अपराधी कहीं भी छुपा हो पुलिस कभी ना कभी उसे पकड़ ही लेती है, इसी बात को दिल्ली पुलिस ने एकबार फिर साबित कर दिखाया है। पुलिस ने हाल ही में 57 साल के एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार किया है, जो 17 साल पहले मर्डर करके फरार हो गया था। आरोपी को दिल्ली के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम वीरेन्दर सिंह है जो कि बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला है। उसने साल 2007 में दिल्ली के अपने किराए के मकान में 22 साल की युवती की हत्या कर दी थी और उसकी बॉडी को संदूक में ताला लगाकर भाग गया था।

इस बारे में जानकारी देते हुए डीसीपी (क्राइम) अमित गोयल ने कहा, युवती की हत्या करने के बाद आरोपी वीरेन्दर शहर से भाग गया था। हालांकि जांच के दौरान उसके साथी शंकर घोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद साल 2008 में एक अदालत ने उसे घोषित अपराधी बताया था। अधिकारी ने आगे कहा कि क्राइम ब्रांच का एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर कालकाजी पुलिस स्टेशन में पोस्टेड था। वह उस इलाके का बीट अधिकारी था जहां महिला की हत्या हुई थी। डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) ने कहा, तबादला होने के बावजूद असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर रमेश ने मामले की जांच जारी रखी। उन्होंने फिर से उन लोगों के माध्यम से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देह व्यापार में शामिल थे। उन्हें पता चला कि वीरेंद्र हरियाणा के पानीपत में छिपा हुआ है। छापेमारी की गई लेकिन आरोपी का पता नहीं चल सका क्योंकि वह बार-बार अपना किराए का मकान बदल रहा था। फरवरी में सहायक॰स्ढ्ढ रमेश का तबादला क्राइम ब्रांच में कर दिया गया और उन्होंने फिर से उस मामले की जांच शुरू कर दी।

### आपके पार्सल में ड्रग्स हैं, 47 मिनट तक पूर्व मेजर जनरल को किया डिजिटल अरेस्ट; साइबर ठगों ने ऐठें 37 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा में जालसाजों ने पार्सल में ड्रग्स और कई पासपोर्ट की बात कहकर सेवानिवृत्त मेजर जनरल से 37.68 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि करीब 47 मिनट तक पीड़ित को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट करके रखा।

साइबर क्राइम थाने में दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल अमरजीत सिंह ने बताया कि रविवार को शाम साढ़े चार बजे के करीब उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह मुंबई से बोल रहा है और उनके नाम पर चार मई को एक कुरियर आया है, जिसमें 200 ग्राम ड्रग्स और पांच पासपोर्ट समेत अन्य सामान है। उसने पार्सल में तीन क्रेडिट कार्ड और कपड़े होने की भी बात कही।

जालसाज ने कहा कि कुरियर भेजने के लिए पीड़ित की आधार आइडी का प्रयोग किया गया है। उसने आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर भी बताया। इसके बाद पीड़ित को विश्वास हो गया। पीड़ित ने कॉलर से कहा कि उनका इस कुरियर से कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद उसने कॉल को साइबर क्राइम सेल में स्थानांतरित कर दिया। मामला ड्रग्स तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट का बताकर पीड़ित को भयभीत कर दिया गया। साइबर ठगों ने एक राजनेता के बारे में शिकायतकर्ता को बताया कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में हैं।

उन्होंने एक फर्जी एफआईआर भी दिखाई। ठगों ने जांच करने के लिए उन्हें मुंबई बुलाया।



जालसाजों के कहने पर पीड़ित ने दबाव में आकर दो बार में 37,68,510 रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। कॉल 37 मिनट 45 सेकेंड तक जारी रही। इस दौरान जालसाजों ने पीड़ित को कॉल छोड़कर बाहर नहीं जाने दिया। जालसाजों ने जब पीड़ित पर और पैसे भेजने का दबाव बनाया तो उसे ठगी की आशंका हुई। पैसे वापस मांगने पर जालसाजों ने पीड़ित से संपर्क तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी

## हरिद्वार हरकी पैड़ी पर गंगाजल का संकट, 45 दिन तक श्रद्धालु झेलेंगे दिक्कत

**हरिद्वार, एजेंसी।**
हरिद्वार हरकी पैड़ी पर जून और जुलाई के दौरान 45 दिनों तक श्रद्धालुओं को गंगा में स्नान के लिए आधा जल मिलेगा। यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 45 दिन तक हरकी पैड़ी पर आधा जल पहुंचेगा। ऐसे में यूपी में भी सिंचाई दि दिक्कत होगी। इस दौरान भागीरथी नदी का आधा जल टिहरी बांध पर रोक दिया जाएगा।

भागीरथी नदी का जल रोक जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में आंशिक रूप से 30 फीसदी तक सिंचाई के कार्य प्रभावित होने की संभावना है। टिहरी बांध पर विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भागीरथी नदी की आधी धारा को एक जून से रोक दिया जाएगा।

इधर गंगनहर से यूपी की ओर जाने वाला पानी भी कम होने का अनुमान है। गंगनहर में 12 हजार क्यूसेक पानी से घटकर जलस्तर छह हजार क्यूसेक पर आ सकता है। टिहरी बांध पर विद्युत



उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए एक जून से निर्माण कार्य शुरू होंगे। वर्तमान में टिहरी बांध पर 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। क्षमता 1000 मेगावाट बढ़ाने की योजना है। इसके लिए टिहरी बांध पर जलाशय का निर्माण किया जाएगा। भागीरथी नदी के जल की धारा को जलाशय पर रोक कर जल का संग्रह किया जाएगा। टिहरी बांध पर नए जलाशय का निर्माण पूरा होने के बाद बांध से 2400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इससे हरकी पैड़ी पर आधा गंगाजल ही उपलब्ध रहेगा। इस कारण हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं को गंगा स्नान, अस्थि विसर्जन और अन्य कर्म कांड के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेंगी। तीर्थ पुरोहित और जोतिषाचार्य प्रतीक मिश्रपुरी का कहना है कि हरकी पैड़ी पर स्नान की दिक्कत रहेगी। श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम और महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने भी अधिकारियों से जल का प्रवाह बनाए रखने की मांग की है। टीएचडीसी ने टिहरी बांध का निर्माण वर्ष 2006 में पूरा किया था। बांध की ऊंचाई 261 मीटर और लंबाई 575 मीटर है। तत्कालीन समय में भी बांध पर भागीरथी नदी का जल रोक दिया गया था। यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों का दावा है की टिहरी बांध पर कार्य चलने के दौरान हरकी पैड़ी पर पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध रहेगा। हरकी पैड़ी पर जल का स्तर कम नहीं होगा लेकिन अधिकारी आंशिक रूप से पश्चिमी यूपी में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता 30 फीसदी तक कम होने की संभावना जता रहे हैं।

## भाजपा ने हिमाचल के लिए जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम शामिल हैं। इस सूची में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, ??राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, हरदीप सिंह पुरी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी जगह दी गई है। इस सूची में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम भी शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को भी स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है। मंडी से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत, शिमला से उम्मीदवार सुरेश कश्यप और कांगड़ा से उम्मीदवार राजीव भारद्वाज भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। इसके अलावा सौदान सिंह, त्रिलोक कपूर, बिहारी लाल शर्मा, वंदना योगी, पवन काजल, मनोज तिवारी, दुष्यन्त कुमार गौतम, मनजिंदर सिंह सिरसा, सिद्धार्थन, तेजस्वी सूर्या, इंदु गोस्वामी, सिकंदर कुमार, श्रीकांत शर्मा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।



# लॉर्ड्स में जेम्स एंडरसन के टेस्ट संन्यास के लिए यह सही समय है: रॉब की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रबंध निदेशक रॉब की का मानना है कि अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का अपने टेस्ट करियर को खत्म करने का फैसला देश के लिए सही समय पर आया है। पिछले हफ्ते एंडरसन ने घोषणा की थी कि वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाला पहला टेस्ट देश के लिए उनका आखिरी रेड-बॉल मैच होगा। 41 वर्षीय तेज गेंदबाज के रूप में टेस्ट क्रिकेट में 187 मैचों में 700 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज की, मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के साथ चर्चा पैनल का हिस्सा थे, जिसके कारण तेज गेंदबाज को संन्यास लेना पड़ा। रॉब की ने टेस्ट मैच स्पेशल काउंटी क्रिकेट पॉडकास्ट को बताया, हमने कहा, हमें लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया है, हमें भविष्य की ओर देखना शुरू करना होगा। की ने कहा कि एंडरसन के साथ चर्चा डेढ़ घंटे तक चली और तेज गेंदबाज को उम्मीद नहीं थी कि इससे उनका लाल गेंद का भविष्य खत्म हो जाएगा। एंडरसन ने कहा कि जब हमने निर्णय लिया और सोचा कि हमें भविष्य पर चर्चा करने के लिए जिमी से मिलने की जरूरत है, तो ब्रेंडन ने निष्कर्ष निकाला कि इंग्लैंड के लिए उड़ान भरना सही काम होगा।

हमने लगभग डेढ़ घंटे तक बातचीत की, जिसका नेतृत्व बाज़ ने किया। मुझे नहीं लगता कि जिमी को इसकी उम्मीद थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह पूरी तरह से अप्रत्याशित था। हमें लगा कि जिमी और जनता के बीच अलविदा कहने का यह सही अवसर था । हमने उस पर यह प्रभाव नहीं डाला कि उसे वहीं निर्णय लेने की जरूरत है, बहुत समय पहले उसने तय नहीं किया था कि लॉर्ड्स का मैच उसका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड के दो दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ों - एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की अनुपस्थिति में, की इसे युवाओं के लिए जगह बनाने का द्वार मानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को नई गेंद से गेंदबाजी करना सीखने, टेस्ट क्रिकेट खेलने का अवसर चाहिए।

अब समय आ गया है कि लोग इसे सीखना शुरू करें। वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप 2024 के समापन के बाद, इंग्लैंड तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जिसके मैच क्रमशः लॉर्ड्स, नॉटिंघम और बर्मिंघम में निर्धारित होंगे।





### सचिन तेंदुलकर ने यूं की तारीफ

# इरफान पठान की वाइफ सफा बेग के हाथ का खाना खाकर मास्टर हुए मस्त,

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटरों में इरफान पठान का नाम बेहद शानदार मेजबानों में शामिल है। वह और उनकी फैमिली अच्छे खाने के शौकीन है। अक्सर जब वह क्रिकेट टीम का हिस्सा थे तो महान सचिन तेंदुलकर सहित अपने साथियों को घर पर बुलाया करते थे। वह सचिन के लिए घर की स्पेशल बिरयानी लेकर भी आते थे। यह क्रम आज भी जारी है। पठान ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन को घर पर दावत के लिए इनवाइट किया। इरफान पठान ने तस्वीरें शेयर कीं तो सचिन खाने और सफा बेग की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके। इरफान पठान ने दावत की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- सचिन तेंदुलकर पाजी, कहानियां, हंसी और आपके आसपास रहने की खुशी ने कल रात को खास बना दिया! ऐसी कई और रातों का इंतजार है। तस्वीर में इरफान पठान के पिता के अलावा उनके और युसूफ पठान के बच्चे दिख रहे हैं, जबकि कुछ अन्य सदस्य भी हैं।

सचिन तेंदुलकर ने की इरफान पठान की वाइफ की तारीफ

इस पर महान क्रिकेटर ने रिप्लाई करते हुए लिखा- रोशनी के नीचे क्या रात है... इरफान! उन समयों में से एक जब कोई भी इसे स्टंप्स (खत्म करने) कहने को तैयार नहीं था। इसके बाद सचिन ने इरफान पठान की वाइफ सफा के हाथ के खाने की तारीफ में लिखा- सफा के लजीज व्यंजनों, आपके पिता की मनोरंजक कहानियां और आपके बच्चों की दौड़-भाग के बीच हम सभी ने बहुत अच्छा समय बिताया। हम जल्द ही कुछ समय बाद ऐसे समय को फिर जिएंगे...। उल्लेखनीय है कि सचिन तेंदुलकर और इरफान पठान टीम इंडिया में साथ खेले। फिलहाल इरफान पठान आईपीएल 2024 में स्टार के लिए कॉमेंट्री कर रहे हैं तो दूसरी ओर महान क्रिकेटर मुंबई इंडियंस के लिए मेंटॉर की भूमिका में हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस इस साल सबसे पहले प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली टीम रही।

### बॉक्सिंग

# भारत को मुक्केबाजी में बड़ा झटका, शिवा एलोरडा कप से बाहर



**अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। भारत के गौरव चौहान एलोरडा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरुषों के 92 प्लस किलो सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि शिवा थापा पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

गौरव ने स्थानीय मुक्केबाज डेनियल सापारबे को 3-2 से हराया। वहीं, छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिवा को कजाखस्तान के अब्दुआली अलमात ने 63.5 किलोवर्ग में 4-1 से मात दी। संजय (80 किलो) भी एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के टी टांगलाटिहान से 0-5 से हारकर बाहर हो गए।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराया, 2-1 से सीरीज जीती, बाबर-रिजवान के बीच शतकीय साझेदारी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में आयरलैंड से पहला मैच गंवाने के बाद लगातार दोनों मैच जीतकर सीरीज को अपने नाम किया। पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। वहीं 179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं पहला टी-20 मैच आयरलैंड ने जीता था।



### आयरलैंड के लिए लोर्कन टकर ने बनाए सबसे ज्यादा रन

पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका 15 रन के स्कोर पर लगा। उसके ओपनर रॉस अडायर शाहीन अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हो गए। उसके बाद एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान लोर्कन टकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 49 गेंदों पर 85 रन की पार्टनरशिप हुई। बालबर्नी 26 गेंदों पर 35 रन बना कर आउट हो गए। वहीं टकर ने उसके बाद हैरी टेक्टर के साथ 17 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। टकर ने 41 गेंदों पर 73 रन बनाए। जबकि टेक्टर 20 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद अमिर और सईम अयूब को 1-1 विकेट मिले। शाहीन अफरीदी ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए।

### रिजवान और बाबर के बीच 139 रन की साझेदारी

179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। 16 रन पर उसको पहला झटका लगा। सईम अयूब 11 गेंदों पर 14 रन बना कर पवेलियन लौट गए। हालांकि, उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई। रिजवान ने 38 गेंदों पर 56 रन और बाबर आजम 42 गेंदों पर 75 रन बनाए। उसके बाद आजम खान ने 6 गेंदों पर नाबाद 18 रन बना कर पाकिस्तान को जीत दिलाई। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई।

### संगल रैंकिंग में टॉप-25 में पहुंचने वालीं बनीं पहली महिला भारतीय

# मनिका बत्रा ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन के बाद कैरियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गई और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं। टूर्नामेंट से पहले 39वें स्थान पर काबिज 28 वर्षीय खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनिका ने जेद्दा में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अपने इस प्रदर्शन से 15 स्थान की लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं। व्यक्तिगत और टीम श्रेणियों में 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका ने सऊदी स्मैश में अंतिम आठ के सफर के दौरान कई बार की विश्व चैंपियन और ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की वैंग मान्यु (दूसरी वरीयता प्राप्त) को हराकर उलटफेर किया था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में इतनी आगे बढ़ी। मनिका को इस प्रदर्शन के लिए 350 अंक मिले। उन्होंने कहा कि इससे जुलाई में होने वाले पेरिस ओलिंपिक से पहले उनका मनोबल बढ़ेगा।

उन्होंने कहा, 'ओलिंपिक खेलों से ठीक पहले कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करके शीर्ष 25 में पहुंचने से मेरी तैयारियों को बल मिलेगा। मैं पेरिस ओलिंपिक में इस प्रदर्शन को बरकरार रखना और रैंकिंग में लगातार ऊपर जाना चाहूंगी। सुधार एक सतत प्रक्रिया है और मैं इसे लेकर प्रतिबद्ध हूं।' इससे पहले मनिका ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपनी सफलता के लिए अपने कोच अमन बालगु और बेलारूस के



ट्रेनिंग जोड़ीदार किरिल बारबानोव को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'आपके आशीर्वाद और समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद।

विशेष रूप से निरंतर समर्थन के लिए मेरे कोच अमन बालगु, मेरे साथी किरिल बारबानोव और मेरे परिवार को। पेरिस 2024 की तरफ आगे और ऊपर बढ़ी।'

# आईपीएल 2024 में बन गया नया महारिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का मौजूदा सीजन बल्लेबाजों के नाम रहा है। इस सीजन कई हाई स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं। एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इसी साल बना है। वहीं, अब छक्के जड़ने का महारिकॉर्ड भी टूट गया है।

आईपीएल 2024 में अभी तक इतने छक्के लग चुके हैं, जितने अभी तक किसी भी सीजन में देखने को नहीं मिले थे। चौंकाने वाली बात ये है कि इस सीजन में अभी भी 6 लीग मैच बाकी है और फिर प्लेऑफ के मैच खेले जाएंगे। ऐसे में ये आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है।

### आईपीएल 2024 में बना छक्कों का नया महारिकॉर्ड

सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें आमने-सामने थीं। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर 20 छक्के जड़े। इसी के साथ आईपीएल 2024 में अभी तक कुल 1125 छक्के लग चुके हैं, जो एक सीजन में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्कों का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले आईपीएल 2023 में 1124 लग थे। लेकिन इस बार लीग स्टेज में ही ये आंकड़ा पार हो गया है।

वहीं, आईपीएल के 17 सीजन में ये सिर्फ तीसरा ही मौका है जब 1000 से ज्यादा छक्के लगे हैं।

**आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के**

1125 छक्के - 2024
1124 छक्के - 2023
1062 छक्के - 2022
872 छक्के - 2018
784 छक्के - 2019

# भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी अरशद खान, गेंदबाजी में तेज रफ्तार और बल्ले से भी करता है प्रहार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सीजन के 64वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रनों से हराया। ये मैच भले ही लखनऊ सुपर जायंट्स नहीं जीत सकी। लेकिन उनकी टीम के युवा खिलाड़ी अरशद खान फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे। 27 साल के अरशद खान ने इस मैच में एक विस्फोटक पारी खेली, वहीं गेंदबाजी में भी अपना दमखम दिखाया। बता दें ये अरशद खान का दूसरा आईपीएल सीजन है, लेकिन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले हैं। हालांकि दिल्ली के खिलाफ मिले मौके का वह पूरा फायदा उठाने में कामयाब रहे।

अरशद खान ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में पहले गेंदबाजी की और 4 ओवर में 45 रन देखकर एक विकेट अपने नाम किया। इसके बाद उन्हें 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 33 गेंदों पर नाबाद 58 रन की पारी खेल दी। अरशद खान ने इस पारी में 3 चौके और 5 छक्के लगाए। खास बात ये है कि उन्होंने ये रन 175.75 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस मैच में वह अपनी टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बल्लेबाज रहे। ये 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास का छठा सबसे बड़ा स्कोर भी था।



### आईपीएल 2024

# जीत कर भी दिल्ली को राहत नहीं, हार के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए भी प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ पेचिदा कैलकुलेशन के सहारे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद लिए मंगलवार को अपने अंतिम लीग मैच में उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने जीत की पहली शर्त पूरी की और अपने कुल अंक 14 तक पहुंचा दिया। हालांकि नेट रनरेट को सुधार पाने की उनकी मंशा पूरी नहीं हो सकी। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 208/4 का मजबूत टोटल खड़ा किया था और नेट रनरेट को निगेटिव से पॉजिटिव में लाने के लिए उसे लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को 79 से आगे नहीं जाने देना था, जो हो नहीं सका। निकोलस पूरन (61 रन) और अर्शद खान (58 रन) की बदौलत लखनऊ ने अपना टोटल 189/9 तक पहुंचा कर दिल्ली की प्लेऑफ की राह आसान नहीं होने दी। अब दिल्ली की प्लेऑफ की राह अन्य टीमों के परिणाम पर टिकेगा। हालांकि बड़ा नुकसान लखनऊ का हुआ जिसके पास अपने अंतिम दो मैच जीतकर 16 अंक तक पहुंचने का चांस था। लेकिन अब दिल्ली की ही तरह वह भी गणित के भारी हिसाब-किताब में उलझ गया।

### पोरेल-स्टब्स ने मचाया शोर

इससे पहले, दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल और ट्रिस्टान स्टब्स ने खूब शोर मचाया। पोरेल ने शुरुआती ओवर्स में 58 रन (33 बॉल, 5 फोर, 4 सिक्स) की विस्फोटक पारी खेली, जबकि डेथ ओवर्स में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट रखने वालों में शामिल स्टब्स ने आखिरी ओवरों में 57* रन (25 बॉल, 3 फोर, 4 सिक्स) की धुआंधार पारी खेलकर टीम के टोटल को 208/4 तक पहुंचाया। पोरेल ने जहां 21 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की वहीं स्टब्स ने 22 गेंद में यह काम किया।

### नो जेक, नो प्रॉब्लम

इस आईपीएल 100 प्लस गेंद खेलने वालों में हाईएस्ट स्ट्राइकरेट 237 जेक फ्रेजर मैकगर्क का था। टीम को चौके-छक्कों की बरसात के साथ उनसे एक और तूफानी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन जेक के खिलाफ इन स्विंग गेंदों की रणनीति के साथ उतरे अर्शद खान ने दूसरी ही गेंद पर चलता कर दिया। भारी गर्मी के बीच स्टेडियम में पहुचे दर्शक ठंडे पड़ चुके थे। दिल्ली के बैटर्स को भी इससे उबरने में कुछ गेंदों का वक्त लगा। वो इनिंग्स का तीसरा ओवर था, जिसने मैदान पर फिर गर्मी पैदा की। अभिषेक पोरेल ने अर्शद पर 21 रन बटोर डाले। दूसरे छोर से उन्हें शाई होप का साथ मिला और दोनों ने चौके-छक्कों की बारिश करते हुए पावरप्ले में टीम का टोटल एक विकेट पर 73 रन पर पहुंचा दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper
औरंगाबाद / पटना

## एक नजर

### एससी-एसटी एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** गंभीर शीर्ष आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ओबरा थाना की पुलिस ने भादंवि. की धारा-341, 323, 354(बी), 379 एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या-174/24 के नामजद आरोपी बारा निवासी सनोज यादव को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

### कुर्की वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**गोह (औरंगाबाद) (का.सं.)।** गोह थाना क्षेत्र के दादर गांव निवासी संतोष शर्मा को बुधवार की सुबह गोह बाजार से गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि दादर गांव निवासी संतोष शर्मा पर कुर्की वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर गोह बाजार से संतोष शर्मा को गिरफ्तार किया गया है और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मां वैष्णव देवी सेवा समिति ने दी मोदी को श्रद्धांजलि

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर बुधवार को मां वैष्णव देवी सेवा समिति के सदस्यों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। सदस्य मुकेश हिसारिया ने शोक संदेश में कहा कि राजनीति के युग पुरुष सुशील मोदी का निधन एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने मां ब्लड सेंटर को ब्लड डोनेशन गाड़ी दी थी, जिसके माध्यम से अबतक 25 से अधिक ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किये जा चुके हैं, जिससे 1200 से अधिक यूनिट खून मिला है। इस खून से तीन हजार से अधिक लोगों की जान बची है। समिति के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एवं सचिव कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में स्वर्गीय मोदी जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

### जदयू की पूर्व विधायक पूनम देवी ने थामा कांग्रेस का हाथ

**पटना (नि.सं.)।** जदयू की पूर्व विधायक पूनम देवी ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पूनम देवी और उनके समर्थकों को कांग्रेस की सदस्यता दिलायी। पूनम दीघा और मसौढ़ी से विधायक रही हैं। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि बिहार में लोकसभा की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि चार चरण के चुनाव बीत चुके हैं। आगे के अंतिम तीन चरणों में भी एनडीए के घटक दलों और भाजपा की स्थिति नाजुक ही रहेगी। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बिहार के साथ सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया। कहा कि बिहार को न विशेष राज्य का दर्जा दिया और न ही विशेष पैकेज। पूनम देवी के कांग्रेस में शामिल होने से पटना साहिब और पाटलिपुत्र दोनों ही लोकसभा सीटों पर पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत होगी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव में लाभ मिलेगा।

### महावीर नगर में तीन घंटे कटी रहेगी बिजली

**पटना (नि.सं.)।** मेट्रो वर्क को लेकर 11 केवीए इंदिरा नगर फीडर गुरुवार की सुबह 8 से 11 बजे तक बंद रहेगा। इससे इसबीच महावीर नगर, माधो मार्केट, मौर्या लोक हॉस्पिटल, 90 फीट मलाही पकड़ी रोड की बिजली कटी रहेगी। वहीं 11 केवीए कंकड़बाग फीडर केबल चार्जिंग को लेकर सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे राजेन्द्रनगर पुल और कंकड़बाग मेन रोड की बिजली बाधित रहेगी।

### दुकान से पैसा चोरी करने मामले में दो गिरफ्तार

**बारूण (औरंगाबाद) (नि.सं.)।।** बारुण थाना क्षेत्र के भुइंया टोला निवासी इरफान खान व सरफराज खान को दुकान से पैसा चोरी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में केशव बाजार के एक कबाडी दुकान मालिक बारुण प्रखंड के बगतरफा निवासी विश्वजीत कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि वे मंगलवार की शाम दुकान बंद कर चले गए थे। सुबह आकर दुकान खोले तो पाए कि पैसा रखने वाले काउंटर का ताला टूटा है और उसमें रखे 16 हजार रुपए गायब हैं। दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था। इस आधार पर चोरों की पहचान हुई और छापेमारी कर उनकी गिरफ्तारी की गई। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# सड़कों के किनारे पसरा कचरा, विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दी है। इसके कारण सफाई व्यवस्था ठप हो गई है। बुधवार को हड़ताल के पांचवे दिन भी कर्मी अपने काम पर वापस नहीं लौटे। लगभग दो सौ सफाई कर्मी इस हड़ताल पर हैं जिसके कारण शहर में विभिन्न जगहों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। नगर परिषद के स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है लेकिन उसका कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार चार दिनों पूर्व सफाई कर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर दी। पांच सौ रुपये मजदूरी देने, कोरोना काल में किए गए काम के बदले अलग से प्रोत्साहन राशि देने, सेवा का नियमितीकरण, हड़ताल अवधि की भी मजदूरी देने, सभी कर्मियों को मजदूरी का भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर सफाई कर्मी हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि वे लोग पूरे शहर में सफाई करते हैं और सामाजिक सुरक्षा के नाम पर उन्हें किसी योजना का लाभ नहीं मिलता है। सफाई कार्यो में लगे होने के बावजूद उन्हें जरूरी उपकरण नहीं मिल पाते हैं। पिछले कुछ समय में सफाई कर्मियों ने तीन से चार बार हड़ताल कर दी है। हर बार उन्हें मना कर किसी तरह काम पर लगाया जाता है। ईद के दौरान भी सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर दी थी और एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी भी हुई थी। एजेंसी पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से भी सवाल उठ रहे हैं। सफाई व्यवस्था में जुटे पदाधिकारी ने बताया कि बाजार से मजदूर को लाकर सफाई कराई जा रही है। करीब 20 से 25 मजदूर प्रत्येक दिन लगाए जा रहे हैं। हड़ताल भी समाप्त हो जाएगी। कई बार सफाई कर्मी अचानक से हड़ताल पर चले जा रहे हैं जिससे दिक्कत हो रही है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शहर में प्रमुख जगहों पर सफाई कराई गई है। सफाई एजेंसी के स्तर से 7 मई को ही भुगतान कर दिया गया है। नगर परिषद के स्तर से भुगतान सहित अन्य कार्यों में कोई दिक्कत नहीं है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**सफाई कर्मियों ने थाना में दिया आवेदन**

नगर परिषद क्षेत्र में सफाई करने वाले सफाई कर्मियों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन भी दिया है। सफाई कर्मियों ने बताया कि उन लोगों के साथ गाली गलौज की गई है। इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए एससी-एसटी थाना में आवेदन दिया गया है। दूसरी ओर सफाई एजेंसी ने भी एक आवेदन थाना में देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कहा गया है कि सफाई कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है। मना करने के बावजूद सफाई कर्मी अवरोध उत्पन्न करते हुए मारपीट पर उतारू हैं। इधर सफाई कर्मियों ने बताया कि उन लोगों को पीएफ का नंबर नहीं दिया गया है। एजेंसी के लोग आए थे और बात करने के दौरान कई आपत्तिजनक शब्द कहे गए हैं। कहा कि कुछ लोगों को ही मजदूरी का भुगतान किया गया है और काफी संख्या में सफाई कर्मियों को भुगतान नहीं हुआ है। वे लोग अपनी मांगों को लेकर हड़ताल जारी रखेंगे।

# एक ही रात में चार दुकानों में चोरी की वारदात, स्थानीय लोगों ने जताया आक्रोश

निज संवाददाता

**फेसर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद सदर प्रखंड के फेसर थाना क्षेत्र के गोला बाजार में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसकी भनक पुलिस को भी नहीं लग सकी। गोला बाजार में तीन होटल और एक पान दुकान में चोरी की गई। स्थानीय दुकानदारों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गोला बाजार में संचालित मुन्ना होटल, मुकेश होटल, छोटू कुमार के मां वैष्णवी होटल और मुन्ना पान दुकान में चोरी की गई है। बुधवार की सुबह जब आस-पास के लोग टहलने के लिए निकले तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। चोरों ने मुन्ना होटल से 10 हजार रुपये की बैट्री, पांच हजार नगद और लगभग पांच हजार की मिठाई चुरा ली। मुकेश होटल से बैट्री, 20 हजार रुपये की मिठाई और कैश काउंटर में रखे सभी रुपयों की चोरी कर ली। छोटू होटल से भी बैट्री और 15 हजार रुपये की मिठाई का पैसा चुरा लिया। मुन्ना दुकान से चार हजार रुपये का कैमरा, बैट्री और कैश काउंटर से पैसे लेकर कर फरार हो गए। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है जिसके बाद कार्रवाई की जा रही है। इधर दुकानदारों ने बताया कि चोरों ने आसानी से इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस की गश्त निकलती है लेकिन उसके बावजूद चोर चोरी करने में सफल रहे।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कमेटी का गठन

**अंबा(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा प्रखंड के एरका गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होना है। यह आयोजन 7 से 13 जून तक चलेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यज्ञशाला का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जगत कुमार सिंह को अध्यक्ष सह सचिव बनाया गया है। इसी तरह वशिष्ठ प्रसाद सिंह को कोषाध्यक्ष तथा रामाकांत सिंह, छोटे लाल यादव, योगेंद्र प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार गुप्ता, गुप्ता सिंह, आशुतोष कुमार प्रजापति, धीरज पांडेय, उमेश सिंह, उमेश पासवान, प्रभाकर गुप्ता, नीरज तिवारी, जय शर्मा, रवि कुमार अकेला, सतीश कुमार व भीम यादव को सदस्य बनाया गया है। समिति सदस्यों ने बताया कि कलश यात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। इस दौरान संस्कृत पाठ परायण, कथा वाचन, पूजा-पाठ और रासलीला का कार्यक्रम होगा।

# सुशील मोदी के निधन पर शोकसभा

निज संवाददाता



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज में पौथु मंडल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता के द्वारा बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा के जिला प्रवक्ता वाणिज्य प्रकोष्ठ के व्रजेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पौथु मंडल भाजपा के कार्यकर्ता एवं किसान मोर्चा के देवेश शर्मा, गया चंद्रवंशी, महामंत्री सोनू शर्मा, धीरज गुप्ता, ज्ञानेन्दू शर्मा, काजू गुप्ता, पौथु शक्ति केंद्र प्रभारी राहुल गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रेम शर्मा एवं व्यवसायी रितेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, धनंजय गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, विमलेश प्रसाद, अरविंद सोनी, प्रिंस गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती देवी, भाजपा नेत्री कुमकुम चंद्रवंशी, राजू गुप्ता, उमेश गुप्ता, गणेश प्रसाद, प्रकाश गुप्ता एवं राघो प्रसाद ने चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। ब्रजेश गुप्ता ने सुशील कुमार मोदी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया और कहा कि सुशील मोदी के जैसा कुशल नेता बिहार भाजपा में मिलना मुश्किल है। इनकी कमी हम सभी को हमेशा खलेगी।

## सुशील कुमार मोदी ने जेपी आंदोलनकारी को दिलाई थी पेंशन

**गोह (औरंगाबाद)।** जेपी आंदोलनकारी को पेंशन दिलाने में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का अहम योगदान था। ये बातें गोह के जेपी सेनानी अरविंद पांडेय ने कही है। उन्होंने बताया कि वे जेपी आंदोलन का हिस्सा रहे थे। एनडीए की सरकार में वे उप मुख्यमंत्री बने और जेपी सेनानियों को पेंशन दिलाने की दिशा में पहल किया। उनके निधन से बिहार में एक कुशल राजनेता खो दिया है। इधर फाग गांव में रालोमो ने रामकुमार वर्मा की अध्यक्षता में उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया।

# सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा : 2024 में संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने पायी जबरदस्त और धमाकेदार सफलता





कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल्स के संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई मैट्रक की परीक्षा परिणाम 2024 में जबरदस्त और धमाकेदार सफलता अर्जित की है! जिसमें आमिर सुहैल 94.2%, फहद हामिद 94%, अनुष्का कुमारी 93.4%, संजना कुमारी 91%, हर्ष राज 91%, अरविंद कुमार 90%, अनुप्रिया 90%, अभिषेक कुमार 90%, मोहम्मद अली 90%, अंकित कुमार 90%, श्रुति कुमारी 90% एवं 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 80% से ऊपर अंक लाकर संस्कार विद्या परिवार को, साथ ही साथ दाउदनगर अनुमंडल वासियों को एवं औरंगाबाद जिले वासियों को गौरवान्वित होने का अनुपम भेंट प्रदान किया है। इस विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं द्वारा किए गए सफल प्रयास और उनके सपने को साकार किया है। इससे पूरा विद्यालय परिवार अभिभूत है एवम गौरवान्वित है। इस सफलता पर संस्कार विद्या के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी सफल छात्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई संदेश भेजा है और कहा कि ये सभी बच्चे हमारे विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। इन्होंने हमारा मान-सम्मान बढ़ाया है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। संस्कार विद्या के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि हमारे यह बच्चे सफलता के उत्कृष्ठ मार्ग को प्राप्त कर रहे हैं और हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत बहुत आगे बढ़ रहा है और हमारे ये सफल छात्र-छात्राएं उन्नत किस्म के इंजीनियर, डॉक्टर, साइंटिस्ट बनकर एवं भारत के उत्कृष्ट पदों पर आसीन होकर टेक्नोलॉजी को और उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे, ऐसी अपेक्षा है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज का परिवेश कुछ नया करने का है, हमारे छात्र-छात्राएं हमारे छात्र-छात्राएं इंटर की परीक्षा में, मैट्रिक की परीक्षा में एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं और अपने समाज, शहर, जिला, राज्य और देश का नाम रौशन कर रहे हैं, यह हमारे लिए अनूठा और मनोरम पल है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन, संस्कार विद्या के प्राचार्य वी के पांडेय और सभी शिक्षक-शिक्षिका ने दिल से धन्यवाद अर्पित किया है।

## रिकॉर्ड 190 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान

**पटना (नि.सं.)।** 2023-24 में खराब मानसून के बाद भी रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन का आकलन है। अर्थ व सांख्यिकी निदेशालय के द्वितीय अग्रिम अनुमान के अनुसार यह 190.67 लाख टन (गर्मा फसलों को छोड़ कर) है। गर्मा फसलों के उत्पादन के आंकड़े आने पर कुल उत्पादन और बढ़ने की संभावना है। 2022-23 की तुलना में 2023-24 में फसलों की उत्पादकता भी अधिक मिली है। 2022-23 में चावल उत्पादकता 26.83 क्विंटल प्रति हेक्यटर थी, जबकि 2023-24 में उत्पादकता 28.58 क्विंटल प्रति हेक्टयर अनुमानित है। जून के आरंभ में तीसरे अग्रिम अनुमान में उत्पादन और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अनाज उत्पादन और उत्पादकता की फाइनल रिपोर्ट जून अंत या जुलाई में आने की संभावना है। खरीफ 2023 में अनियमित मानसून (सूखा) के बावजूद 94.26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन अनुमानित है। इनमें 86.75 लाख मीट्रिक टन चावल, 7.32 लाख मीट्रिक टन मोटे अनाज एवं 0.19 लाख मीट्रिक टन दलहनी फसलों का उत्पादन अनुमानित है।

# आदर्श विवाह जागरूकता समारोह के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आदर्श विवाह जागरूकता समारोह के अवसर पर जनेश्वर विकास केंद्र एवं जन विकास परिषद और साहित्य संवाद औरंगाबाद के तत्वावधान में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने की। संस्था के सचिव एवं वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कवियों का स्वागत किया। कवि वेदप्रकाश तिवारी की कविता 'अरे बचपन कहां गए तुम, सयाने कैसे हो गए हम...... 'सुनकर दर्शकों ने तालियां बजाई। कवि लवकुश ने अपनी कविता 'दहेज की दुनियां में बुद्धि हेरायल, कहां जाइं केकरा से कहीं दिल के बात से दहेज पर प्रहार किया। चंदन पाठक की व्यंग्य रचना 'हम कवि छोटा मोटा रहूं तब न सराही गई। गायक सनोज सागर ने 'इहे मगह तो हेय हिन्द के सरताज बबुआ, पटना, गया, नवादा, नालन्दा, औरंगाबाद बबुआ के द्वारा मगध क्षेत्र का दृश्य प्रस्तुत किया। साहित्यकार रामकिशोर सिंह और जनार्दन मिश्र जलज ने भी काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि डॉ हेरम्ब कुमार मिश्र ने हास्य और व्यंग्य रस से दर्शकों को आनंदित किया। कवियों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सचिव उज्जवल रंजन के धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केंद्रीय सुरक्षा बल के ठहराव के लिए किया निरीक्षण

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** आगामी एक जून को होने वाले काराकाट लोक सभा चुनाव को लेकर नवीनगर प्रखंड में केन्द्रीय पुलिस बलों के ठहराव की व्यवस्था को लेकर बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के शिवसागर उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया गया। बीडीओ देवानंद कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर नवीनगर में सीआरपीएफ की कंपनी का ठहराव शिवसागर के उच्च विद्यालय परिसर में किया जाना है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निकली प्रभात फेरी

निज संवाददाता




**गोह (औरंगाबाद)।** गोह के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार दिनकर के नेतृत्व में बुधवार की सुबह प्रभात फेरी निकालकर लोक सभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर आम आवाम को जागरूक किया गया। प्रभात फेरी ब्लॉक से होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए जगतपति चौक पर समापन किया गया। इस दौरान बीडीओ श्री दिनकर ने बताया कि मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी हैं। स्कूली विद्यार्थियों के अलावा एनसीसी कैडेट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी निरंतर जागरूकता गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों तक मतदान में हिस्सा लेने का संदेश पहुंचाया जा रहा है। स्कूलों के अलावा कॉलेज, गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भी नियमित अंतराल पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मौके पर सीओ सोनम राज, थानाध्यक्ष कमलेश पासवान के साथ सभी अधिकारी मौजूद थे।

# आपात स्थिति में शहर से जलनिकासी की व्यवस्था को मॉकड्रिल के जरिए परखा जाएगा

निज संवाददाता

**पटना।** शहर में अचानक बाढ़ और भारी बारिश से जलजमाव जैसे हालात हो जाए तो ऐसी स्थिति में नगर निगम, बुडको और आसपास के नगर परिषद के पास जलनिकासी के पर्याप्त संसाधन की स्थिति परखा जाएगा। इसके लिए पटना नगर निगम जल्द ही मॉकड्रिल करने जा रहा है। आपात स्थिति में जलनिकासी में कितना वक्त लगेगा, इसे भी मॉकड्रिल के माध्यम से देखा जाएगा। 26 मई की रात 11 बजे से रात दो बजे के बीच नगर निगम इसके लिए मॉकड्रिल करेगा। नगर निगम ने मॉकड्रिल के लिए टीम का गठन कर दिया है। मॉकड्रिल के दौरान सभी अंचलों में स्थित संप हाउस के इनलेट, आउटलेट, ग्रेटिंग एवं कनेक्टिंग नालों समेत मेनहॉल और कैचपिट की सफाई की जांच होगी। इस दौरान परखा जाएगा कि शहर के अलग अलग इलाकों से अचानक नालों का पानी संप हाउस पहुंचता है तो ऐसी परिस्थिति में जलनिकासी की क्या व्यवस्था होगी। संप हाउस के पास पंपसेट की क्या स्थिति है। यह भी देखा जाएगा कि शहर के निचले इलाकों से पानी निकालने के लिए पंपसेट कितने कारगर हैं। कितने कर्मचारी तैनात हैं और रात में वे जलनिकासी के लिए निगम द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। इन इलाकों में पानी निकासी के लिए पाइप की क्या व्यवस्था की गई है। मॉकड्रिल के दौरान क्यूआरटी में तैनात जोनल अफसर, ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर तैनात अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने बताया कि मानसून के पहले नगर निगम का यह पूर्वाभ्यास है। इससे पता लगाया जा सकता है कि हम कितने तैयार हैं। शहर में जलजमाव की स्थिति नहीं हो इसीलिए मॉकड्रिल किया जा रहा है। मॉकड्रिल के दौरान निगम के वरीय अधिकारी यह भी देखेंगे कि रात में स्वीपिंग मशीन से सड़कों की धुलाई और सफाई हो रही है या नहीं। इस दौरान मौके पर कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्य के दौरान मानकों का पालन हो रहा है कि नहीं इसे भी देखा जाएगा। बरसात के दिनों में शहर के अधिक कचरा हो जाता है ऐसी स्थिति में नगर निगम सफाई के लिए तैयार है या नहीं इसे भी परखा जाएगा।

**15 जून से तैनात होगी क्यूआरटी**

नगर निगम ने मानसून के दौरान सक्रिय रहने वाली क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) 15 जून से तैनात हो जाएगी। प्रत्येक इलाके के लिए क्यूआरटी बनाई गई है जो अधिक बारिश होने पर सक्रिय रहेगी। क्यूआरटी का काम है कि रात में संपहाउस, पंपसेट आदि संसाधनों का सही तरीके से इस्तेमाल हो रहा है कि नहीं इसे देखेगी।

# वारंटी गिरफ्तार, दो जगहों पर चिपका इश्तेहार

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद। नवीनगर प्रखंड की एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने पूर्व के शराब मामले के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित खदहा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार उर्फ जठाराम है। यह कार्रवाई पीएसआई दीपक कुमार सिंह ने की है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को पूर्व के शराब मामले में आरोपित बनाया गया था। दो वारंटियों के घर पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि तोल गांव निवासी धनंजय सिंह और शिवसागर गांव निवासी मोहन चौहान के घर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को चिपकाया गया। उक्त वारंटियों के खिलाफ नवीनगर थाना में कांड दर्ज है। पुलिस के द्वारा कई बार पकड़ने का प्रयास किया गया है। पीएसआई राजीव कुमार ने कहा कि परिजनों से फरार चल रहे लोगों को प्रस्तुत करने को कहा गया है। चंदन (बांका), विलासी (बांका), खड़गपुर (मुंगेर), नागी (जमुई), फुलवरिया (नवादा), कोल महादेव (नवादा), दुर्गावती (कैमूर), औढ़नी (बांका), बेलहरना (बांका-मुंगेर), जालकुंड (मुंगेर), आंजन (जमुई), अमृति-श्रीखंडी (जमुई), गरही (जमुई), कैलाशघाटी (जमुई), बासकुंड (लखीसराय), मोरवे (लखीसराय), पुरैनी (नवादा), जौब (नवादा), ताराकोल (नवादा), बटाने (औरंगाबाद), बदुआ (बांका, भागलपुर, मुंगेर), नकटी (जमुई), कोहिरा (कैमूर)।

## कृष्ण के गोमती रूप देखकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**पटना (नि.सं.)।** राजधानी के मीठापुर स्थित श्री गौड़ीय मठ मंदिर में चल रहे 21 दिवसीय श्री कृष्ण चंदन श्रृंगार फूल बंगला झांकी महोत्सव के छठे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण के गोमती स्वरूप का दर्शन हुआ। छठे दिन भगवान कृष्ण को गोपाल (5 वर्ष के शिशु) रूप में सजाया गया। चंदन लेपन के साथ फूलों की मुकुट, आभूषण, माला इत्यादि से सजाया गया। संध्या आरती में युवाओं की भारी भीड़ दिखी। शाम में पट खुलते ही हरि बोल हरि बोल जयकारे से मंदिर गूंज उठा। मौके पर भक्ति रसमय रस सार महाराज ने बताया कि एक दिन नंद महाराज ने कृष्ण को प्रेम से बोला, 'पुत्र जरा मेरे खराऊं तो ले आ। भगवान होने के बावजूद कृष्ण ने नंद महाराज के जूते अपने सिर पर रखकर ले आए। नंद महाराज के जूते सिर पर रखने वाले कृष्ण का यह रूप गोमती कृष्ण का वेश है।

# एलडीएम की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक आयोजित

निज संवाददाता

**औरंगाबाद।** नगर पंचायत कार्यालय में एलडीएम उपेंद्र चतुर्वेदी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इसमें वित्तीय समावेशन पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही लोक कल्याण कारी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, डीबीटी, स्वयं सहायता समूह, केसीसी एवं रोजगार सहयोग में लोन पर विशेष चर्चा की गई। कहा गया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं में ग्राहकों की सुविधा का ख्याल होना चाहिए। साथ ही कागजी प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। उन्होंने उपस्थित बैंक प्रबंधकों के बीच कहा कि प्रधानमंत्री स्व. निधि योजना के तहत रोजगार के लिए ऋण मुहैया कराने पर बल देने की बात कही। कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहया ने कहा कि बैंकों द्वारा कागजी प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सरकार की लोक कल्याणकारी योजना में जन साधारण को लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया तेज करने की आवश्यकता है। लोन रिकवरी में कठिनाई है लेकिन जनसाधारण लोग लाभ से वंचित न रहे।

# सीओ ने नाला की सफाई कराने का दिया निर्देश

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र में की गई नाले की सफाई के जांच का आदेश सीओ शैलेन्द्र कुमार यादव ने दिया है। नाले की सफाई को लेकर उपमुख्य पार्षद कमला देवी ने बिहार लोक शिकायत निवारण के तहत गंदे नाले की सफाई नहीं होने से संबंधित परिवाद लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दाउदनगर के यहां लाया था। लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सीओ से प्रतिवेदन की मांग की थी। इस पर सीओ ने संज्ञान लेते हुए विभिन्न पंचायतों में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों को जांच कर प्रतिवेदन देने को कहा है। राजस्व कर्मचारी अनिल कुजूर को चर्च रोड से विलास बढ़ई, चर्च फटाक से गर्ल मिडिल स्कूल तक, चूड़ी बाजार से होते हुए पटना के फाटक (शिव मंदिर) तक देखरेख का जिम्मा दिया गया है। इसी तरह देवेंद्र सिंह को जीतवाहन गोसाई, महिला कॉलेज से होते हुए कसेरा टोली तक, डॉ केशव के क्लीनिक से होते हुए बुद्ध बीघा प्राथमिक विद्यालय तक देखरेख का जिम्मा मिला है। विक्रम कुमार को गोला रोड से होते हुए स्लाटर हाउस तक, गुलाम सेठ चौक होते हुए माली टोला तक देखरेख की जिम्मेवारी दी गई है। इसकी तरह आशुतोष कुमार राय को किला से लेकर बालूगंज तक, मौला बाग शौचालय से होते हुए सूर्य मंदिर तक, सत्संग नगर से कसेरा टोली पुल तक निगरानी रखना है। धीरज कुमार यादव को कसेरा टोली, मगध होटल से लखन मोड़ तक दोनों तरफ, इमली तार से होते हुए सुरती पुल तक देखरेख करने का जिम्मा मिला है। राकेश पटेल देवघर टोली होते हुए देवी मंदिर तक, डॉ केशव के क्लीनिक से गोला रोड पुल तक, बम रोड होते हुए नारायण तांती के लॉज तक देख रेख करेंगे।

# पढ़ाई के साथ बच्चों के लिए खेल आवश्यक

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर अनुमंडल के विभिन्न स्कूलों में 15 अप्रैल से 15 मई तक ग्रीष्म अवकाश के दौरान विशेष शिक्षण होने के कारण ई एलएमएस स्पोर्ट्स फाउंडेशन और पिरामल के तत्वाधान में यूनिटी रेपुरा द्वारा दाउदनगर और हसपुरा प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के 40 गांवों में घूम घूम कर जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन मध्य विद्यालय रामनगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामाकांत सिंह ने की और संचालन दीपक कुमार ने किया। यूनिटी छलांग कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों में खेल, स्वच्छता, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए मुहिम चला रही है। इसके तहत छठी से आठवीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सामुदायिक जागरूकता के समापन समारोह में विद्यालय के टोला सेवक, ग्रामीण अभिभावक, शिक्षा समिति सचिव सुनीता देवी, शिक्षक प्रह्लाद सिंह, कुमारी बाला, स्वयंसेवक और कार्यक्रम से जुड़े हुए यूनिटी के फील्ड कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, दीपक शर्मा, शर्मिला देवी, अनूप रंजन और प्रोजेक्ट मैनेजर लक्ष्मी पंडित मौजूद थे। मौके पर एमएमसी की प्राचार्या डॉ नमिता कुमारी, प्रो. सुहेली मेहता, डॉ सलीम जावेद व अन्य मौजूद रहे।